CMYK

अधिकतम : $27^{0}$C
न्यूनतम : $23^{0}$C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 5 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 124 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा कब मिलेगा: फारूक अब्दुल्ला पेज 2


ओवल टेस्ट: भारत की रोमांचक जीत, सिराज का पंजा खेल टाइम्स


अगस्त क्रांति: स्मृतियों के बीच राष्ट्रभक्ति पर सुलगते सवाल सम्पादकीय


रूस और ईरान से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा चीन पेज 12

# मेरठ की तस्वीर बदल देगी नई टाउनशिप: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मेरठ की पहचान अब एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल और खेल
■ नई टाउनशिप परियोजना का भूमि पूजन किया

**मेरठ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मेरठ को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने शहर में नई टाउनशिप परियोजना का भूमि पूजन किया और इसे नए मेरठ की तस्वीर की शुरुआत बताया। सीएम योगी ने कहा कि आज मेरठ में न्यू टाउनशिप की नींव रखी गई है और अब नए मेरठ की तस्वीर जल्द ही सभी के सामने होगी। यह योजना मेरठ के नागरिकों के लिए आधुनिक और सस्ती जीवनशैली लेकर आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन के अंतिम सोमवार को शिलान्यास कर सभी को बधाई देता हूं। यह एनसीआर की ऐसी परियोजना है जिसे आज यहां प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि


मेरठ: भूमि पूजन करते हुए सीएम योगी व साथ में बैठे संसदीय राज्य मंत्री।

2517 करोड़ की इस परियोजना को 750 एकड़ भूमि में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत आवासीय, औद्योगिक और कमर्शियल सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे लोगों को रहने, व्यापार और रोजगार की सभी जरूरतें एक ही क्षेत्र में मिलेंगी, जो शहर की पहचान को पूरी तरह से बदल देगा। उन्होंने कहा कि इस टाउनशिप में लोगों को सस्ते दामों में घर उपलब्ध कराए जाएंगे और यह -शेष पृष्ठ दो पर

### आतंक को संरक्षण देती है सपा व कांग्रेस कोर्ट के हालिया फैसले इसका सबूत: योगी

**सहारनपुर ( ब्यूरो )।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के लिए भी संकल्पित है। विरासत के संरक्षण के लिए मां शाकंभरी देवी कॉरिडोर बन रहा है। किसी भी मौसम में देशभर के श्रद्धालु आ सकते हैं। इसी तरह महाकुंभ में इतने श्रद्धालु आए, इससे कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परेशान हैं। उन्हें परेशानी यह हो रही है कि सनातन धर्म का वैभव इतना ऊपर क्यों हो रहा है। उन्हें भारत की विरासत पर गौरव की अनुभूति नहीं हो रही है। कांग्रेस और सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकी वारदात होती है, तो यह संरक्षण देने के लिए छाती चौड़ी करके आगे बढ़ने का काम करते हैं। हाल ही में दो घटनाओं पर न्यायालय ने निर्णय दिया। महाराष्ट्र के मालेगांव में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने हिंदुओं को अभियुक्त बनाया था, जिसके खुलासे अब हो रहे हैं।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए तीन दिन रोडवेज की यात्रा फ्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आठ अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि तक मिलेगी सेवा

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के पर्व को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने आठ अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक यूपीएसआरटीसी की बसों व नगरीय बस सेवा की बसों में महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा के लिए व्यवस्था करने के निर्देश परिवहन विभाग को दिए हैं।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री का रक्षाबंधन के पर्व के मद्देनजर माताओं और बहनों को नि:शुल्क यात्रा कराने का क्रम जारी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में माताओं और बहनों को नि:शुल्क यात्रा कराने का निर्देश दिया है। वर्तमान में उप्र परिवहन निगम के बेड़े में 13850 बसें शामिल हैं। जबकि 2022 में इनकी संख्या 12758 थी। बीते वर्ष रक्षाबंधन केवल एक दिन का था। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 3 दिन नि:शुल्क यात्रा कराने का निर्देश दिया है। ऐसे में परिवहन निगम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

### मालेगांव विस्फोट में भगोड़ों पर आरोप तय करने का रास्ता साफ

**मुंबई।** एनआईए की एक विशेष अदालत ने एजेंसी को फरार आरोपियों रामचंद्र कलसांगरा और संदीप डांगे की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ अलग-अलग आरोपपत्र दाखिल करने की अनुमति दे दी है। यह निर्देश 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सात लोगों को बरी करने के अदालत के फैसले के साथ आया है। मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी कलसांगरा और डांगे, एनआईए द्वारा जांचे गए इस मामले में आधिकारिक तौर पर वांछित आरोपी (एए-1 और एए-2) के रूप में सूचीबद्ध हैं।

### दिल्ली में सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कांग्रेस सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह 6 बजे तमिलनाडु भवन के पास की है। वे डीएमके सांसद रजती के साथ सैर कर थीं, तभी जब स्कूटी पर सवार बदमाश ने घटना को अंजाम दिया। चेन खींचने की वजह सांसद की गर्दन पर चोट आ गई है। दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सुधा ने सुधा ने लेटर लिखकर पुलिस, स्पीकर और गृह मंत्रालय को शिकायत की है। गृह मंत्री अमित शाह को लिखे लेटर में कहा, श्मेरी चार से ज्यादा सावरेन (करीब 32 ग्राम) वजन की सोने की चेन खो गई और मैं इस आपराधिक हमले से बहुत सदमे में हूं।

### बिहार में मतदाता सूची के मसौदे पर किसी दल की ओर से कोई आपत्ति नहीं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में नई मतदाता सूची के मसौदे पर सोमवार अपराह्न तीन बजे तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से नाम काटने या जोड़ने को लेकर कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है पर मतदाताओं की ओर से तीन दिन में 1900 से अधिक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। आयोग ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एक अगस्त अपराह्न तीन बजे (मसौदा सार्वजनिक होने का समय) से चार अगस्त अपराह्न तीन बजे तक राजनीतिक दलों की ओर से एक भी दावा या आपत्ति नहीं दर्ज काराई गई है।

# चीन ने जमीन हड़पी, सबूत कहां?, SC ने राहुल से पूछा

## विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा आपको कैसे पता चला कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है, विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। कोर्ट ने कहा कि जब सीमा पार संघर्ष चल रहा हो, तो क्या आप ये सब कह सकते हैं। आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते? आप (राहुल गांधी) विपक्ष के नेता हैं, संसद में बोलें, सोशल मीडिया पर नहीं बोलें। इसके साथ, सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ की कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने इस मामले में शिकायतकर्ता (उदय -शेष पृष्ठ दो पर

### भूपेश बघेल की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2160 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाला समेत अन्य मामलों से जुड़े संबंधित धन शोधन के आरोपों में घिरे छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को कोई राहत न देते हुए उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हालांकि पिता-पुत्र से कहा कि वे इस मामले में पहले हाईकोर्ट या निचली अदालत के समक्ष राहत की गुहार लगा सकते हैं।



### तमिलनाडु में विज्ञापन विवाद : सुप्रीम कोर्ट सरकार की याचिका पर शुक्रवार को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में जीवित व्यक्तियों के नाम और तस्वीरें लगाने पर रोक के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की ओर से दायर याचिका पर छह अगस्त को सुनवाई करेगा। पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार की। राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने मामले को अति महत्वपूर्ण बताते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया। मद्रास हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में तमिलनाडु की सरकार की विभिन्न विज्ञापनों में कल्याणकारी योजनाओं में जीवित व्यक्तियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों, पार्टी नेताओं या राजनीतिक दलों के नामों और तस्वीरों के इस्तेमाल पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रणेता शिबू सोरेन नहीं रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/रांची।** पृथक झारखंड आंदोलन के अग्रदूत एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। श्री सोरेन एक माह से भी अधिक समय से यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती थे।

उनका किडनी तथा हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज चल रहा था। उन्होंने सोमवार सुबह अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। श्री सोरेन के पुत्र एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर उनके निधन की जानकारी देते हुए लिखा कि आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं। दिशोम गुरुजी के नाम से लोकप्रिय श्री सोरेन के निधन की खबर मिलते ही समूचे झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई। पिछले कई दिनों से राज्य में उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना व दुआएं की जा रही थी।



### मुर्मू, मोदी व राहुल गांधी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों तथा कई अन्य वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया के एक्स पर लिखा कि श्री सोरेन का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र की एक बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी अस्मिता और झारखंड राज्य बनाने के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री मोदी ने शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि श्री सोरेन जमीनी नेता थे। उनका जनता के प्रति अटूट समर्पण था। श्री मोदी ने अस्पताल पहुंच कर श्री सोरेन को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। श्री गांधी ने कहा कि आदिवासी समुदाय की सशक्त आवाज रहे श्री सोरेन ने अपना जीवन उनके अधिकारों और हकों के लिए संघर्ष में खपा दिया।

## बांके बिहारी मंदिर विवाद: उप्र सरकार के अध्यादेश पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

■ हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र में वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर विवाद मामले में राज्य सरकार के अध्यादेश जारी करने पर सवाल उठाया और हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी प्रस्ताव रखा।

पीठ ने कहा कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 की वैधता पर उच्च न्यायालय द्वारा जब तक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक मंदिर के प्रबंधन की देखरेख के लिए एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित एक समिति को अपना काम करना चाहिए।

### जातीय रैलियों पर रोक मामले में सुनवाई तीन सितम्बर को

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने जातीय रैलियों पर रोक के मामले में केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने को समय देकर अगली सुनवाई तीन सितम्बर को नियत की है। पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को मामले में जवाब पेश करने का मौका दिया था। साथ ही कोर्ट ने याची को भी पिछले 10 साल में राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित की गई जातीय रैलियों का ब्योरा नए हलफनामे पर दाखिल करने को कहा था।

## 'आप' के पूर्व मंत्री जैन को मिली बड़ी राहत

■ चार साल चली जांच में नहीं मिले सीबीआई को भ्रष्टाचार के सबूत, राउज एवेन्यू कोर्ट ने बंद किया केस

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पेशेवरों की अनियमित नियुक्ति और असंबंधित परियोजना निधि से भुगतान के आरोपों से संबंधित एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की तरफ से दायर क्लोजर रिपोर्ट राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और अन्य के खिलाफ था।

विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने कहा कि कई वर्षों की जांच के बावजूद आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम या किसी अन्य अपराध के तहत आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई सुबूत नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि इतने लंबे समय बाद भी जांच एजेंसी को कोई सुबूत नहीं मिला ऐसे में आगे की कार्यवाही किसी काम की नहीं है। भ्रष्टाचार के प्रावधानों को लागू करने के लिए कुछ सामग्री तो होनी ही चाहिए। केवल कर्तव्य की उपेक्षा या कर्तव्य का अनुचित प्रयोग ही अधिनियम के तहत उल्लंघन नहीं माना जा सकता।

### पहलगाम हमले के आतंकी पाकिस्तानी थे, लोकल नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को मारे गए तीन आतंकी लोकल नहीं, पाकिस्तानी थे। यह जानकारी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी ने सबूतों के आधार पर एक न्यूज एजेंसी को दी है। अधिकारी ने बताया कि आतंकियों और एनकाउंटर साइट से मिले 6 सबूत से स्पष्ट हुआ है कि वे पाकिस्तान से थे। एनकाउंटर साइट से सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से पाक वोटर आईडी समेत अन्य सबूत मिले थे। सुरक्षा एजेंसी ने इन सबूतों को पाकिस्तान के नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी से मैच किया। आतंकियों के वोटर आईडी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी डिटेल्स से मैच हुए। इनमें सैटेलाइट फोन और जीपीएस डेटा भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि ये सबूत आतंकियों की पाकिस्तानी नागरिकता साबित करते हैं। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में 28 जुलाई को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकी मारे गए थे।

## शेख अली की गुमटी में पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के रूप में न हो

■ सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को कियोस्क या दुकानों सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के खिलाफ भी दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमटी' परिसर के अंदर स्थित पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह आदेश दिया। इससे पहले शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार को लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमटी' को कानून के तहत संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए एक नई अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया था।

जस्टिस सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने अधिकारियों को इस क्षेत्र में कियोस्क या दुकानों सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के खिलाफ भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत को यह भी आश्वासन दिया गया कि चार खंडों वाले इस पार्क का रखरखाव और सौंदर्यकरण किया जाएगा, ताकि इसकी प्राकृतिक सुंदरता बनी रहे। इसका उपयोग आम जनता के लाभ के लिए किया जा सके। पीठ के 31 जुलाई के आदेश में कहा गया कि यहां केवल यही निर्देश दिया जाना चाहिए कि इसका उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट आदि का निर्माण जैसी कोई भी गतिविधि नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कोर्ट कमिश्नर को पार्क के रखरखाव और सौंदईकरण के लिए बागवानी विभाग सहित संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई 28 अगस्त के लिए निर्धारित की गई है। स्मारक को लेकर विवाद तब सामने आया, जब शीर्ष अदालत ने डिफेंस कालोनी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को अपने ढांचे खाली करने और 1960 के दशक से इस ऐतिहासिक स्थल पर कब्जे के लिए मुआवजे के रूप में दिल्ली सरकार के पुरातत्व विभाग को 40 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत डिफेंस कॉलोनी निवासी राजीव सूरी की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 (एएमएएसआर अधिनियम) के तहत गुमटी को संरक्षित स्मारक घोषित करने की मांग की थी। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से 2019 में उनकी याचिका खारिज करने के बाद शीर्ष अदालत में यह याचिका दायर की गई थी। शीर्ष अदालत नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जे हटाने और स्मारक या उसके आसपास के क्षेत्र के सौंदईकरण को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देती रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### काशी में छत और गलियों में हो रहा दाह संस्कार

**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अस्सी घाट, सामने घाट, शीतला घाट और दशाश्वमेध घाट से गंगा का पानी अब सड़कों की ओर बढ़ रहा है। मणिकर्णिका घाट पर छत पर और हरिश्चंद्र श्मशान घाट पर बाढ़ के कारण गलियों में शवदाह किया जा रहा है। अंतिम संस्कार के लिए दो से तीन घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को गंगा का जलस्तर 72.03 मीटर दर्ज किया गया। गंगा का जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। चेतावनी बिदु 70.26 मीटर, खतरे का बिंदु 71.26 मीटर और अधिकतम जलस्तर 73.90 मीटर है। मणिकर्णिका घाट पर शवदाह के लिए बलिया से आए सोहन कुशवाहा ने बताया कि उन्हें ढाई घंटे इंतजार करना पड़ा। गंगा के बढ़ते जलस्तर ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शवयात्री मुन्ना पाल ने बताया कि शवों की कतार लग रही है और गलियों में भी पानी प्रवेश कर चुका है।

### सोरेन के निधन पर योगी ने जताया दुख

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सोमवार को लिखा, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन अत्यंत दुखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### पूर्वी व पश्चिमी यूपी के 45 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

# प्रयागराज में गंगा-यमुना ऊफनी, घरों में पानी

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी के अधिकांश जिलों में मूसलाधार बारिश की वजह से नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ गया है। प्रदेश के 17 से ज्यादा जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। सैकड़ों गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है, जिसकी वजह से अन्य गांवों से संपर्क कट गया है। बाढ़ के चलते हालात बिगड़ते दिखाई दे रहे हैं।



■ 23 जिलों में सभी स्कूल और कॉलेज को बंद रखने का आदेश, 250 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में

मौसम विभाग की चेतावनी और बारिश से हुए नुकसान को देखते हुए 23 जिलों में सभी स्कूल और कॉलेज को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 48 घंटों तक 45 जिलों में भारी से अति भारी बारिश और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

गंगा, यमुना, केन, सरयू और मंदाकिनी समेत तमाम नदी और नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। 180 से अधिक मोहल्ले और गांवों में बिजली आपूर्ति और पठन-पाठन बाधित हो गया है। इसे देखते हुए प्रशासन की ओर से हाई अलर्ट घोषित किया गया है। चेतावनी बिंदु को पार करने के बाद गंगा-यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से कई मीटर ऊपर पहुंच गया है। प्रयागराज और कौशांबी में 250 से अधिक गांव और मोहल्ले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इनमें ज्यादातर गांव-मोहल्ले प्रयागराज के हैं। कानपुर, लखीमपुर खीरी, बांदा, चित्रकूट, आगरा, चंदौली, वाराणसी, प्रयागराज, हमीरपुर, इटावा, गाजीपुर, मीरजापुर, औरैया और फतेहपुर जिलों के चार सौ गांव बाढ़ की चपेट में है। बारिश और बाढ़ की वजह से इन इलाकों में 80,392 लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 343 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। प्रशासन की ओर से बाढ़ से राहत दिलाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव के जरिए खाने-पीने का सामान और दवाइयां पहुंचाई जा रही हैं।

### मुजफ्फरनगर, शामली व सहारनपुर में भारी बारिश की चेतावनी जारी

आईएमडी ने 45 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिनमें लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी, प्रयागराज, मिर्जापुर, संभल, बाराबंकी, भदोही, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, अंबेडकर नगर, सीतापुर, लखीमपुर, गाजीपुर, बांदा, चित्रकूट, एटा, रामपुर, बदायूं, अमरोहा, सोनभद्र, संत रविदास नगर, बलिया, देवरिया, उन्नाव, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कासगंज, जौनपुर, बस्ती और फतेहपुर शामिल हैं।

# उप्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों में उतरे प्रभारी मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में खासतौर से पूर्वांचल के कई जिलों में बाढ़ के हालात के बीच योगी सरकार के मंत्रियों ने अपना काम शुरू कर दिया है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री बाढ़ की स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहे हैं और प्रभावी राहत प्रयासों को सुनिश्चित करने के लिए समय पर निर्देश जारी कर रहे हैं, जबकि राज्य के मंत्री प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि 'हर पीड़ित तक सरकार' के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्धता, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि हर प्रभावित व्यक्ति तक सहायता पहुंचनी चाहिए। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी द्वारा बचाव अभियान जारी है, स्थानीय प्रशासन जमीनी स्तर पर चौबीसों घंटे समन्वय सुनिश्चित कर रहा है।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा कि बाढ़ ने 37 तहसीलों और 402 गांवों को प्रभावित किया है, जिससे 84,392 लोग प्रभावित हुए हैं। इनमें से 47,906 को पहले ही सहायता मिल चुकी है और 2,759 जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी ने अपने मंत्रियों को भी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और अधिकारियों से कहा है कि यह सहानुभूति, सतर्कता और जनसेवा का समय है। हर सरक. ारी अधिकारी और संसाधन ज़रूरत की घड़ी में लोगों के साथ खड़े होने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा कब मिलेगा: फारूक

**श्रीनगर, वार्ता**

5 अगस्त को भारत के संविधान से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के भारत सरकार के फैसले को 6 साल पूरे होने वाले हैं, जिसे लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा की तरफ इशारा करते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर को बेहतर बनाने की दिशा में क्या प्रयास किए हैं?

भाजपा सरकार ने पिछले छह सालों में जम्मू-कश्मीर में सुधार के नाम पर क्या किया है। मुझे ये पूरा भरोसा है कि एक दिन उनको ये फैसला करना ही पड़ेगा। इसके अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा। यहां जम्मू-कश्मीर में राजभवन में एक वायसराय बैठे हैं, लेकिन



मुख्य व्यक्ति राजभवन में बैठे वायसराय ही हैं। इस व्यवस्था को बदलने का समय आ गया है, यह एक लोकतांत्रिक देश है। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में जारी मुठभेड़ पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो गया है, लेकिन जो लोग ये कहते थे कि अनुच्छेद 370 आतंकवाद के लिए जिम्मेदार है, वो कई सालों तक यहां प्रभारी थे। पहलगाम हमले से पहले उन्होंने दावा किया था कि उन्होंने सभी आतंकी शिविरों को खत्म कर दिया है।

### मानसून सत्र का छोटा रखना जनसमस्याओं पर चर्चा से भागना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 11 अगस्त से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। यह सत्र केवल चार दिन ही चलेगा। छोटे सत्र को लेकर अब समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार जनता की समस्याओं पर चर्चा से भाग रही है। सरधना विधानसभा से सपा विधायक अतुल प्रधान ने विधानसभा सत्र की समयावधि को कहा कि उत्तर प्रदेश 403 विधानसभाओं का एक विस्तृत राज्य है। प्रदेश की जनता और जनप्रतिनिधि इंतजार करते है कि विधानसभा सत्र चलेगा और आम जन की समस्याओं और परेशानियों के निराकरण के लिए एक मंच तैयार होगा, लेकिन उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार नही चाहती कि प्रदेश की जनता की समस्याओं का निराकरण हो।

# पहली सितम्बर से बंद हो जाएगी डाक विभाग की रजिस्ट्री सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दो दशक से भी ज्यादा समय बाद 1877 में डाक विभाग की तरफ से शुरू की गई रजिस्ट्री पोस्ट सेवा पहली सितंबर से इतिहास के पन्नो में दर्ज हो जाएगी। भारतीय डाक विभाग ने रजिस्ट्री सेवा को बंद करने का निर्णय लिया है। विभाग की तरफ से विकल्प के तौर पर स्पीड पोस्ट सेवा जारी रहेगी।

डाक विभाग ने सभी विभागों, अदालतों, संस्थानों और लोगों को 1 सितंबर से नई व्यवस्था का उपयोग करने को कहा है। हालांकि 31 अगस्त तक यह सेवा पहले की तरह चलती रहेगी। लखनऊ के पोस्ट मास्टर जनरल सुनील कुमार ने बताया कि यह मंत्रालय का निर्णय है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री सेवा को स्पीड पोस्ट में मर्ज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्पीड पोस्ट सेवा कम समय मे डिलीवर होने के साथ ही इसकी ट्रैकिंग भी आसान है। शायद इस वजह से मंत्रालय ने निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि 2000 के दशक तक डाकघरों में रजिस्ट्री चिट्ठी या रजिस्टर्ड पार्सल का अपना एक अलग रुतबा होता था। रजिस्ट्री वाली चिट्ठी भेजने के लिए अलग से काउंटर होता था। डाकघर वाले उसके लिए आपको एक रसीद काट कर देते थे। उस चिट्ठी के डिलीवर होने पर आपको पावती या एकनॉलेजमेन्ट भी मिलता था। कुल मिला कर यह डाकघर की प्रीमियम सर्विस थी। इस सर्विस को डाक विभाग ने अब बंद करने का फैसला किया है। वही रजिस्ट्री चिठी या रजिस्टर्ड पोस्ट की अभी तक बड़ी इज्जत रही है। कोई महत्वपूर्ण कागजात भेजना हो, बाहर पढ़ने वाले बच्चों को बैंक ड्राफ्ट बना कर भेजना हो या रक्षा बंधन पर राखी, सबके लिए रजिस्टर्ड पोस्ट का इस्तेमाल होता है। आजादी के बाद से ही रजिस्टर्ड पोस्ट बेहद भरोसेमंद माना जाता था। सरकार भी अपाइन्टमेंट लेटर भेजने में इसका इस्तेमाल करती रही है। साथ ही अदालत भी कानूनी नोटिस इसके जरिए भेजा करती थी।

### बगैर यूजीसी की मान्यता के ड्यूल डिग्री प्रोग्राम चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बगैर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मान्यता के ड्यूल डिग्री प्रोग्राम चलाने शिक्षण संस्थानों सहित एडटेक कम्पनियों को यूजीसी ने चेतावनी दी है। यूजीसी ने कहा है कि दोषी उच्च शिक्षा संस्थानों और एडटेक कंपनियों के विरुद्ध लागू कानूनों/नियमों/विनियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आयोग ने छात्रों को भी सतर्क रहने को कहा है। यूजीसी के सचिव प्रो मनिष आर जोशी के स्तर से जारी नोटिस में कहा गया है कि कई उच्च शिक्षा संस्थानों/कॉलेजों ने आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त न होने वाले विदेशी-आधारित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोगात्मक समझौते किए हैं। ऐसे विदेशी-आधारित शैक्षणिक संस्थानों/कॉलेजों में नामांकित छात्रों को डिग्री जारी करने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसी प्रकार कुछ एडटेक कंपनियां भी कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के सहयोग से ऑनलाइन माध्यम से डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों की पेशकश करते हुए समाचार पत्रों/सोशल मीडिया/ टेलीविज़न आदि में विज्ञापन दे रही हैं। नोटिस में सचिव ने कहा है कि जबकि इस प्रकार का कोई भी व्यवस्था विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। साथ ही इन संस्थानों की डिग्रियां भी आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हैं।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 81081.72 | निफ्टी 24722.75 | सोना रु. 99759 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | चांदी रु. 111508 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स 0.52 व निफ्टी 0.64 प्रतिशत लाभ में बंद

**मुंबई, वार्ता**

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बावजूद भारतीय शेयर बाजारों ने सप्ताह के पहले दिन सोमवार को मजबूती दिखाई और बीएसई का 30 प्रमुख शेयरों वाला सेंसेक्स 418.81 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,018.72 अंक और एनएसई का निफ्टी.50 भी 157.40 अंक (0.64 प्रतिशत) सुधरकर 24,722.75 अंक पर बंद हुआ।

स्थानीय बाजारों में धातु, वाहन, मीडिया, निर्माण और आईटी कंपनियों के शेयरों में निवेशकों का विश्वास बढ़ा हुआ था, जबकि बैंकिग क्षेत्र के शेयरों में मिला-जुला रुख दिखा। बीएसई के 30 में से 26 शेयर लाभ और चार हानि में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में टाटा मोटर्स में 4.31 प्रतिशत, बीईएल में 3.55



प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स में 3.24 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 2.53 प्रतिशत की अच्छी तेजी दर्ज की गयी। टीसीएस, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स तथा मारुति सुजुकी भी लाभ में रहे। एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और स्टेट बैंक में भी हल्की तेजी रही। इसके विपरीत, पावर ग्रिड 1.10 प्रतिशत टूट गया। एचडीएफसी बैंक में करीब एक प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर लीवर में 0.25 प्रतिशत घाटे में रहा। सेंसेक्स सुबह 80,765.83 अंक पर तेजी की धारणा के साथ खुला और बीच में ऊपर में 81,093.19 तथा नीचे में 80,500.51 तक गया था। पिछले सप्ताहांत यह 80,599.91 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी-50 सुबह 24,596.05 अंक पर खुलने के बाद नीचे 24,554 अंक और ऊपर 24,736.25 अंक तक जाने के बाद अंत में 24,722.75 अंक पर बंद हुआ जो पिछले बंद से 157.40 (0.64 प्रतिशत) अधिक है। निफ्टी बैंक पिछले स्तर पर बना रहा जबकि अपेक्षाकृत व्यापक बाजार का प्रतिनिधित्व करने वाले निफ्टी-100 में 0.72 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया गया। एनएसई में कुल 3,093 शेयरों में खरीद-फरोख्त हुई जिनमें से 1,833 लाभ में और 1,168 हानि में बंद हुए।

### सोने का दाम बढ़कर 99,759 प्रति 10 ग्राम हुआ

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 1,506 रुपए बढ़कर 99,759 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,253 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,862 रुपए बढ़कर 1,11,508 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,09,646 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,000 रही। सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है।

# एफडीआई में हुई कई गुना वृद्धि, यूपी बना निवेशकों की पहली पसंद

**लखनऊ।** 2017 से पहले यूपी निवेश मानचित्र पर मुश्किल से स्थान पा रहा था, वहीं अब यह राज्य वैश्विक निवेशकों के लिए पहला विकल्प बन गया है। पिछले आठ वर्षों में लाखों करोड़ का निवेश और दुनिया भर के निवेशकों का उत्तर प्रदेश की ओर रुझान इसी ओर इशारा कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वर्ष 2000 से 2017 तक 17 वर्षों में यूपी को महज तीन हजार करोड़ रुपए का एफडीआई प्राप्त हुआ था। 2016-17 में यह आंकड़ा गिरकर 50 करोड़ रुपए तक सिमट गया था, जो राज्य की छवि और औद्योगिक अभाव को दर्शाता है। राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग औसत थी, सिगल विंडो सिस्टम जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी। यही नहीं, औद्योगिक विकास के लिए न तो स्पष्ट विज़न था और न ही स्थिर कानून व्यवस्था, जिससे निवेशकों में विश्वास की कमी बनी रही। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 'निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य' बनने का संकल्प लिया। इसके चलते 2019 से 2023 के बीच यूपी ने हजारों करोड़ से अधिक के एफडीआई को आकर्षित किया, जो पूर्व की तुलना में कई गुना अधिक वृद्धि रही। सरकार ने दो इन्वेस्टर्स समिट (2018 यूपी इन्वेस्टर्स और 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) सफलतापूर्वक आयोजित किए। 2018 जीआईएस से 4.28 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जबकि 2023 जीआईएस से रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव हासिल हुए। योगी सरकार ने इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया और अब जीबीसी-5 की तैयारी ज़ोरों पर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक जो चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की गई हैं, उनके माध्यम से 16,000 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इनमें 8,000 से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि 8,000 से अधिक कार्यान्वयनाधीन हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेरठ की...** योजना मेरठ के स्मार्ट सिटी मिशन को भी मजबूती देगी। अपने संबोधन में सीएम योगी ने मेरठ के अतीत को याद करते हुए कहा कि याद कीजिए, ये वही मेरठ है, जो कभी सोतीगंज के नाम से जाना जाता था। लेकिन आज सोतीगंज अपने आकाओं के साथ सो गया है... सोतीगंज समाप्त। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस दंगा भी करते हैं और सोतीगंज के व्यापारियों की चरण वंदना करते हैं। सोतीगंज उनकी पहचान थी, हमारी पहचान विकास, खुश हाली की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वदेशी को अपनाना होगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट भी स्वदेशी का अभियान है। उन्होंने आगे कहा कि अब मेरठ की पहचान बदल चुकी है- 12 लेन एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल प्रोजेक्ट, और 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना में खेल सामग्री के उत्पादन केंद्र के रूप में मेरठ की पहचान बन रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले समय में मेरठ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश का विकास केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में प्रशास. निक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में शहरवासियों की भागीदारी रही। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे मेरठ के सुनहरे और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

**चीन ने...** शंकर श्रीवास्तव) और यूपी सरकार को नोटिस भेजा है। 16 दिसम्बर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन ने 2000 वर्ग किमी भारतीय जमीन पर कब्जा किया है, 20 भारतीय सैनिक मारे गए और हमारे सैनिकों को अरुणाचल में पीटा जा रहा है। राहुल गांधी के बयान पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि केस दर्ज कराया था। इसी साल 29 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गांधी की याचिका खारिज कर दी थी और समन भेजा था। राहुल गांधी ने समन और शिकायत को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि शिकायत दुर्भावनापूर्ण तरीके से और बदनीयती के तहत दर्ज कराई गई थी।

### मौद्रिक नीति समिति रेपो में 0.25 प्रतिशत कमी के आसार

**नई दिल्ली।** भारत के निर्यात पर अमेरिका में प्रशुल्क बढ़ाए जाने और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच ज्यादातर बाजार विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस सप्ताह तटस्थ नीतिगत रुख बरकरार रखते हुए फौरी उधार के लिए अपनी ब्याज दर (रेपो) को वर्तमान स्तर पर बनाए रख सकती है। इसके विपरीत कुछ को नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की 'अप्रत्याशित' कमी किए जाने की संभावना भी दिखती है। खुदरा मुद्रास्फीति के जून में करीब साढ़े छह साल के न्यूनतम स्तर आने से रिजर्व बैंक को मिले सुकून और वैश्विक चुनौतियों के बीच आर्थिक वृद्धि को संभालने की आवश्यकताओं के मद्देनजर कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि केंद्रीय बैंक रेपो 0.25 प्रतिशत और कम कर सकता है।

# सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के आरोप में एटीएस ने दो को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, वार्ता**

उप्र में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सोशल मीडिया पर देश विरोधी अपरा. धिक षड्यंत्र रचने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने के आरोप में अमरोहा से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अमरोहा के नौगांव थाना क्षेत्र निवासी अजमल और महाराष्ट्र के ठाणे जिले का निवासी डॉ. उसामा माज शेक शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्र विरोधी व गैर मुस्लिम के प्रति कट्टरपंथी विचारधारा को प्रसारित कर रहे थे। एटीएस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि अजमल अली 'रिवाइविग इस्लाम' नाम से एक व्हाट्सएप



ग्रुप चलाता है। जिसके तीन एडमिन है। साथ ही इसमें लगभग 400 पाकिस्तानी सदस्य शामिल है। पूछताछ के लिए इन्हें मुख्यालय पर बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप पर रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप के अलावा वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पाकिस्तानी व्यक्तियों के संपर्क में थे। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक इंस्टाग्राम आईडी, जिसका उपयोग डॉक्टर उसामा माज कर रहा था। अजमल ने पूछताछ में बताया कि वह डॉक्टर उसामा को अपना सीनियर मेंटोर मानता है। डॉक्टर उसामा उसे इंस्टाग्राम व सिग्नल एप के माध्यम से भारत विरोधी बातें करता था तथा देश की चुनी हुई सरकार गिर कर शरिया लागू करने की बात कही जाती थी। गौरतलब है कि एटीएस ने एक अगस्त को लखनऊ में मामला दर्ज करने के बाद अभियुक्त अजमल को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में आज अभियुक्त डॉक्टर उसामा माज शेख को भी महाराष्ट्र के गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से कई पाकिस्तानियों व्यक्तियों के संपर्क में थे। साथ हिंसात्मक जिहाद के माध्यम से भारत में गजवा-ए-हिद करके सरिया कानून लागू करना चाहते थे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर ने बढ़ाया राष्ट्र का गौरव: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर व ऑपरेशन महादेव एक सैन्य अभियान नहीं था, वह देश के हर परिवार के सम्मान का प्रतीक था। मुख्यमंत्री ने दिल्ली विधानसभा में इन दोनों मसलों पर अपने विचार व्यक्त किए और देश की सैन्य सफलताओं, राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों और ऐतिहासिक निर्णयों पर विचार प्रस्तुत किए।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर' और ऑपरेशन महादेव की सफलता को राष्ट्र के गौरव से जोड़ा और भारतीय सेना के शौर्य को नमन किया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दृढ़ शक्ति वाले राष्ट्र नायक की भूमिका निभाते हुए भारत की सभी बहनों का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष का कटघरे में खड़ा किया और कहा कि विपक्ष और उसके नेताओं ने कभी भी देशहित की परवाह नहीं की और भारत की गरिमा को नीचा दिखाने के लिए लगातार षडयंत्र किए। सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साख जनता के भरोसे पर रहती है। ऑपरेशन सिंदूर उत्तर था, उन सभी आंसुओं का जो हमारी बहनों की आंखों से निकले। प्रधानमंत्री ने एक साहसी पिता, एक संवेदनशील भाई और एक दृढ़ शक्ति वाले राष्ट्र नायक की भूमिका निभाते हुए भारत की सभी बहनों का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल और उसके नेता अपने स्वार्थों के चलते देशहित से लगातार दूर होते जा रहे हैं। इन्हें देश विरोधी ताकतों से प्यार है, जहां इनको अपना प्रतिबिंब दिखता है। भारत की प्रगति में, भारत के आगे बढ़ने में यह लोग खुश नहीं हैं। ये चाहते हैं कि देश पिछड़ा रहे।

## 'आप' की मांग, स्कूल फीस बिल सेलेक्ट कमेटी को भेजा जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लाए जा रहे स्कूल फीस बिल को एक सोचा-समझा फर्जीवाड़ा है। पार्टी मुख्यालय पर "आप" विधायक दल के चीफ व्हीप संजीव झा के साथ प्रेसवार्ता कर आतिशी ने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हो गया है। इस मानसून सत्र में भाजपा की दिल्ली सरकार प्राइवेट स्कूल फीस बिल लेकर आ रही है।उन्होंने कहा कि अप्रैल से जुलाई तक किसी न किसी बहाने से जानबूझकर बिल को टालते रहे, ताकि प्राइवेट स्कूल आराम से फीस बढ़ा लें और अभिभावकों से जबरन वसूली कर सकें। इस बिल में निजी स्कूलों द्वारा बढ़ाई गई फीस वापस लेने का कोई प्रावधान ही नहीं है। यह बिल बच्चों और अभिभावकों के हित में नहीं, बल्कि प्राइवेट स्कूल मालिकों के फायदे के लिए लाया जा रहा है। "आप" की मांग है कि इसे सेलेक्ट कमेटी को भेजा जाए, जो रायशुमारी ले। बिल फाइनल होने तक पिछले साल के बराबर ही स्कूलों को फीस लेने का आदेश दिया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो आम आदमी पार्टी सदन से लेकर सड़क तक बिल का विरोध करेगी।सदन में यह दोनों मांग आम आदमी पार्टी रखेगी। इस दौरान बुराड़ी से विधायक और "आप" विधायक दल के चीफ व्हीप संजीव झा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लाया जा रहा स्कूल फीस बिल बच्चों और उनके पैरेंट्स के हित में नहीं है।

# पर्यावरण मंत्री ने नॉर्वे केरेवैक ई-वेस्ट प्लांट का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को भारत में सस्टेनेबल औद्योगिक विकास के मॉडल स्टेट बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव तथा उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने नॉर्वे के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित रेवैक ई-वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का दौरा किया। यह सुविधा हाउकेवीन ११, ३१७४ रेवेटल, नॉर्वे में स्थित है।यह दौरा दिल्ली सरकार की उस योजना का अहम हिस्सा है जिसके तहत होलंबी कलां में भारत का पहला ई-वेस्ट ईको पार्क विकसित किया जाएगा। यह पार्क लगभग ध१५० करोड़ की लागत से बनाया जाएगा और सालाना ५१,००० मीट्रिक टन ई-वेस्ट को प्रोसेस करेगा। रेवैक को इसके उत्कृष्ट रिकॉर्ड, पर्यावरण-अनुकूल वेस्ट प्रबंधन और दिल्ली साइट से मिलते-जुलते भौगोलिक व ऑपरेशनल ढांचे के कारण मॉडल के रूप में चुना गया है।नॉर्वे का रेवैक प्लांट प्रति वर्ष लगभग १,१०,००० मीट्रिक है। अपने दौरे के दौरान मंत्री सिरसा ने ई-वेस्ट सुविधा के इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तृत तकनीकी निरीक्षण किया ख्र जिसमें सुरक्षित डिसमेंटलिंग, सेग्रीगेशन प्रक्रियाएं, उपयोगी मटेरियल की एडवांस्ड एक्सट्रैक्शन तकनीक और पर्यावरण-फ्रेंडली वेस्ट उपचार प्रणाली शामिल थी।

उन्होंने रेवैक के वरिष्ठ इंजीनियरों और संचालन प्रमुखों के साथ तकनीकी एडेप्टेशन, कंप्लायंस और सामुदायिक भागीदारी पर भी चर्चा की।इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री सिरसा ने दिल्ली में पर्यावरण और उद्योग के बीच संतुलन बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। "पर्यावरण मंत्री और उद्योग मंत्री दोनों की भूमिका में, मैं किसी एक को दूसरे के कारण प्रभावित नहीं होने दूंगा। हमारा लक्ष्य दिल्ली को सभी क्षेत्रों में उन्नत और फ्यूचर रेडी बनाना है-जहां स्वच्छ उद्योग आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सके और पर्यावरण सुरक्षित हो।

# भारतीय सेना देश की रक्षक, रक्तदाता जीवन रक्षक : रविन्द्र इंद्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित होकर जापानी पार्क रोहिणी में आयोजित रक्तदान शिविर श्एक बूँद सेना के लिएश् में देश भर से आए रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया।

रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य पर देश को गर्व है। सेना, देश की रक्षक है और वैसे ही रक्तदाता भी जीवन रक्षक हैं।समाज कल्याण मंत्री ने इस रक्तदान महाकुम्भ के आयोजन के लिए लक्ष्मी तरू फाउंडेशन, आर्म्ड फोर्सेज ट्रांसफ्यूजन सेंटर और दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से आए वालंटियर्स की सराहना की।

शिविर में रिकॉर्ड २२४० यूनिट रक्त एकत्र हुआ, इसे सेना, दिल्ली के सरकारी अस्पतालों और गैर सरकारी ब्लड बैंकों के लिए उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर थैलीसीमिया के स्क्रीनिंग के लिए भी रोटरी क्लब की ओर से शिविर लगाया गया। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार 'स्वच्छ दिल्ली-सशक्त दिल्ली' के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब परिवारों को नि:शुल्क इलाज के लिए शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली सरकार की पहली कैबिनेट में स्वीकृति दी गई।

७० वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को प्रतिवर्ष १० लाख तक के नि:शुल्क इलाज के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना लागू की गई। माननीय मुख्यमन्त्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर अब तक ६७ आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जा चुके हैं और कुल ११३९ आयुष्मान आरोग्य मंदिर सभी विधान सभाओं में खोले जाएंगे।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ऑपरेशन सिंदूर व ऑपरेशन महादेव सैन्य अभियान पर विधानसभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए।

## एक नजर

### हरियाणा से लापता किशोर को दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने तलाशा

**नई दिल्ली।** हरियाणा से लापता एक 13 साल के किशोर को नांगलोई सर्कल में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने सकुशल तलाशकर उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को, नांगलोई ट्रैफिक सर्कल के टिकरी बॉर्डर पॉइंट पर एएसआई दीपक राज, हेड कांस्टेबल रविकांत,सचिन कांस्टेबल राकेश और कांस्टेबल सुमित तैनात थे।

मेट्रो पिलर नंबर ७४२ के पास एक १३ वर्षीय लडके को दर्दनाक हालत में देखा। जो पुलिस को देखकर काफी डरा हुआ था। उसको विश्वास में लिया गया। किशोर का नाम सिद्धार्थ पता चला। उसकी शारीरिक हालत देखकर उसको पानी और नाश्ता दिया। उसके परिवार के बारे में जानकारी लेकर उसके पिता सेक्टर ९, बहादुरगढ़, हरियाणा में रहने वाले जितेंद्र सिंह से संपर्क किया। जिनसे पता चला कि उनका बेटा बीते रविवार से लापता है,जिसकी गुमशुदगी थाना सिटी बहादुरगढ़, हरियाणा में गुमशुदगी दर्ज करवा दी थी। बाद में लडके को उसके परिवार के सदस्यों और मामले के जांच अधिकारी को सौंप दिया गया।

### फोर्ब्स 2025 नेट जीरो लीडर्स1 की सूची में फिलिप मॉरिस शामिल

**नई दिल्ली।** फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल इंक. (पीएमआई) (एनवायएसई: पीएम) को फोर्ब्स 2025 नेट जीरो लीडर्स1 की सूची में शामिल किया गया है। 2025 की सूची में यह चौथे स्थान पर है। यह सूची उन शीर्ष 200 यू.एस पब्लिक कंपनियों पर रौशनी डालती है जो अपने ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन को कम करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में हैं। फोर्ब्स ने सस्ध्टेनेलिटिक्ध्स और मॉर्निंगस्ध्टार के डेटा के साथ अपनी सूची तैयार की ताकि कंपनियों के नेट जीरो भविष्य की प्रगति का आकलन किया जा सके।

नवनील कर, मैनेजिंग डायरेक्टर, आईपीएम इंडिया ने कहा, हमें गर्व है कि फोर्ब्स ने हमें नेट जीरो की दिशा में शानदार काम करने वाली शीर्ष कंपनियों में शामिल किया है। ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन को कम करना सिर्फ पर्यावरण के लिए जरूरी नहीं है, बल्कि यह हमारे व्यवसाय की दीर्घकालिक सफलता, नियमों का पालन और बाजार में मजबूत स्थिति के लिए भी महत्वपूर्ण है। जेनिफर मोटल्स, पीएमआई की चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफीसर ने बताया, हमारी स्थिरता रणनीति हमारे व्यवसाय के बदलाव के साथ पूरी तरह जुड़ी हुई है। यह हमारे काम को मजबूत करने, नए विचारों को बढ़ावा देने और लंबे समय तक मूल्य बनाने का एक जरिया है।

### सनातन शौर्य संघ फाउंडेशन की बैठक

**हल्दौर।** ग्राम शफीपुर नंगली स्थित स्वयंभू बाबा झारखंडी महादेव मंदिर परिसर में रविवार को सनातन शौर्य संघ फाउंडेशन की बैठक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने हिंदू समाज के उत्थान और संरक्षण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत भूपेंद्र सिंह महाराज ने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है, जिसकी मर्यादा और गरिमा को बनाए रखना हर सनातनी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास हेतु हमें एकजुट होकर कार्य करना होगा और अपनी भावी पीढ़ियों को हिंदू संस्कारों एवं सभ्यता से जोड़ना होगा। संघ के राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र सिह ने कहा कि समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए आवश्यक है कि सनातन धर्मावलंबी सामाजिक बुराइयों का त्याग करें और अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करें। बैठक में जिला अध्यक्ष अमित कुमार बालियां, युवा जिला अध्यक्ष अतुल कुमार, नरपाल सिंह, सिद्धांत चिकारा, मुकुल शेरावत, बलराम, घसीटा सिंह, सोनू सिंह, राहुल कुमार, दिग्विजय सिंह, आकांक्षा, रेणु देवी, सीमा देवी, रुकमेश, ममता आदि समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक का समापन धर्म रक्षा एवं सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ किया गया।

# मेक इन इंडिया ने विस्तार को प्रेरित किया : मिमोह जैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शार्प कॉर्पोरेशन जापान की भारतीय सहायक कंपनी शार्प बिजनेस सिस्टम्स ने नई दिल्ली में आयोजित कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स वर्ल्ड एक्सपो 2025 में भाग लिया।



24 से 26 जुलाई 2025 तक प्रगति मैदान, उद्घाटन समारोह में शार्प इंडिया अप्लायंसेज के उपाध्यक्ष मिमोह जैन और दिल्ली सरकार में उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति, और पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सलाहकार डॉ। आशीष कुमार और वाणिज्य मंत्रालय में वाणिज्य विभाग के संयुक्त सचिव विमल आनंद भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की थीम विकसित भारत 2047 की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा में एक कदम आगे: भारत का विजन 2047-आकांक्षाओं से कार्यों तक, विषय पर रखी गई थी। इस कार्यक्रम में जैन ने शार्प इंडिया के इनोवेशन और प्रोडक्ट रणनीति के बारे में चर्चा की। जैन ने भारतीय ग्राहकों की अनूठी मांगों को पूरा करने के लिए ब्रांड के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे मेक इन इंडिया पहल ने कंपनी को अपने पोर्टफोलियो के विस्तार करने में प्रेरित किया और ग्राहक को संतुष्टि प्रदान करना ही हमारी प्राथमिकता है। शार्प इंडिया अप्लायंसेज के उपाध्यक्ष, मिमोह जैन ने कहा, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपो जैसे प्लेटफॉर्म हमें ऐसे उत्पादों का प्रदर्शन करने का मौका देते हैं।

# ज्वेलर शॉप में घुसे नकाबपोश महिला ग्राहक को बंधक बनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दयालपुर स्थित चांद बाग इलाके में रविवार शाम हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने ज्वेलर की दुकान में डकैती डाली। बदमाशों ने अंदर घुसते ही दुकान का शटर गिराकर ज्वेलर और एक ग्राहक को बंधक बना लिया। लूटपाट करने के बाद बदमाश फरार हो गए। डकैती की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। वरिष्ठ अधिकारी भी आ गए। क्राइम व एफएसएल को मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने ज्वेलर सादिक (२७) के बयान पर डकैती का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन की जा रही है। पीड़ित ने बताया है कि दुकान में रखा करीब ३० लाख का सोना और छह लाख रुपये बदमाशों ने लूटे हैं।

उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि गली नंबर-४, चांद बाग इलाके में सादिक का ज्वेलरी का शोरूम है। शाम करीब चार बजे वह दुकान पर मौजूद थे। उनकी दुकान पर एक महिला ग्राहक भी मौजूद थी। इसी बीच पांच नकाबपोश बदमाश वहां दाखिल हो गए। फिलहाल चार टीमों का गठन कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## ऑटोलिफ्टर को धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के निहाल विहार थाने के सतर्क गश्ती दल ने एक ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से तीन चोरी की बाइक बरामद की है।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तीन मामलों को सुलझा लिया है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि २ अगस्त को लक्ष्मी पार्क क्षेत्र में नियमित गश्त के दौरान, निहाल विहार थाने के हेड कांस्टेबल विक्रांत और कांस्टेबल बंटी एफ-ब्लॉक में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान स्टाफ ने एक बाइक सवार व्यक्ति को देखा, जिसने पुलिस की मौजूदगी देखकर अचानक यू-टर्न लेकर भागने की कोशिश की। इसके बाद सतर्कता दिखाते हुए स्टाफ ने तुरंत पीछा कर बाइक सवार को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में बाइक सवार की पहचान अजीम/टेढ़ा(२२) के रूप में हुई।

पुलिस पूछताछ करने पर, आरोपी बाइक से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहा। जिपनेट के माध्यम से सत्यापन से टीम को पता चला कि बाइक निहाल विहार थाने के तहत चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।आगे की पूछताछ में, आरोपी ने बताया कि उसने दो और बाइक चुराई थीं, जिन्हें लक्ष्मी पार्क के एफ-ब्लॉक में छिपाया गया था। उसके खुलासे पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने दो और बाइक बरामद कीं है।



दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह नगर निगम के हिन्दू राव अस्पताल में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान करते हुए साथ में है स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा आदि।

# महापौर ने किया हिंदू राव अस्पताल में श्रमदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम के हिन्दू राव अस्पताल में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया।

इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा, सिविल लाइंस क्षेत्र के चेयरमैन गुलाब सिंह, निगमायुक्तअश्वनीकुमार, अतिरिक्तआयुक्तपंकज नरेश अग्रवाल, सिटी पहाड़गंज क्षेत्र की उपायुक्तसुश्री श्वेतिका सचान, सिविल लाइंस क्षेत्र के उपायुक्तअंशुल सिरोही, हिंदूराव अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ आनंद प्रकाश नारनौलिया सहित निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने ०१ अगस्त २०२५ से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया है। महापौर ने कहा कि हिंदू राव अस्पताल प्रतिदिन ३००० से ४००० रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है और यहां पर १००० बेड का अस्पताल है।

# 5वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता को लेकर बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईएमआईआरसी कॉलेज मैनेजमेंट ने दिल्ली स्थित कार्यालय में आगामी अक्टूबर माह में होने पांचवी मूट कोर्ट प्रतियोगिता के संबंध में एक बैठक की। इस बैठक में चेयरमेन राजेंदर तोमर ने कहा कि आईएम्आईआरसी कॉलेज कानूनी शिक्षा के लिए एक अग्रणी संस्थान है, जो अपनी विद्वता और उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध है।



यह संस्थान बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित है। वही कॉलेज की डायरेक्टर अनुराधा सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि कॉलेज हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लॉ छात्रों में कानूनी पेशे की गहन समझ विकसित करने के लिए आगामी अक्टूबर माह में होने पांचवी मूट कोर्ट प्रतियोगिता कर रहा है जिसमे दिल्ली, उत्तरप्रदेश के अलावा कई राज्यों के सैकड़ो छात्र भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में सीनियर अधिवक्ता,बार संस्थाओं के पदाधिकारी और रिटायर्ड जजों द्वारा छात्रों की काबलियत को देखते हुए विजेता घोषित किया जाएगा। बैठक में कड़कड़डूमा कोर्ट के वकील प्रदीप महाजन ने बताया कि मूट कोर्ट प्रतियोगिता छात्रों को शील्ड, सर्टिफिकेट,और नगद ईनाम दिया जाएगा।

उन्होंने कहाकि बार कॉउन्सिल की नियमावली में हर कॉलेज को मूट कोर्ट प्रतियोगिता करानी होती है जिससे बच्चो की झिझक खुलती है और एक कॉन्फिडेंस पैदा होता है। आईएम्आईआरसी कॉलेज द्वारा पूर्व में की गई प्रतियोगिताओ में दिल्ली बार कॉउंसिल के सदस्य डीके सिंह, शाहदरा बार के अध्यक्ष वी के सिंह के साथ वरिष्ठ अधिवक्ताओ आदि ने कार्यक्रमों की गरिमा बढ़ाई थी।

# रक्षा बंधन के दौरान ऑन लाइन बस बुकिंग में बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में परिवार रक्षाबंधन पर जैसे-जैसे एक-दूसरे से मिलने की तैयारियों में जुटे हैं, वहीं ऑनलाइन बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म रेडबस ने दिल्ली में बस बुकिंग में 23% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। यह बढ़ोतरी त्योहारों के दौरान इंटरसिटी रोड ट्रैवल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है, जिसका कारण सुविधाजनक और तेजी से उत्तरी भारत में बढ़ती कनेक्टिविटी है। यह सभी आंकड़े रेडबस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध डेटा के अनुसार हैं। 2 से 8 अगस्त 2025 के बीच, दिल्ली में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में बुकिंग में तेज उछाल देखा गया है। ऐसे में रक्षाबंधन से जुड़े सफर के लिए दिल्ली भारत का प्रमुख प्रस्थान केंद्र बनकर उभरा है, जो इसे इंटरसिटी ट्रांजिट हब के रूप में और भी मजबूत बनाता है।

कुल बुकिंग में 25% महिलाएं थीं, जिनमें 64% का प्रतिनिधित्व 21-35 वर्ष की युवा आयु वर्ग से था। यह संकेत देता है कि युवा महिलाओं में स्वतंत्र रूप से त्योहार के दौरान यात्रा करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। पुरुष यात्रियों ने कुल सीटों में 75% हिस्सेदारी की, जिनमें से 50% से अधिक 21-35 वर्ष की आयु वर्ग में थे।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स की खबर का असर

# अवैध कॉलोनी पर चला जीडीए का बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** आखिरकार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अपनी नींद से जागकर अवैध श्री राम कुंज कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए उसका ध्वस्तिकरण बीते दिन कर दिया। भाजपा नेता लोकेश ढोडी ने इस कथित अवैध कॉलोनी पर करवाई न होने की दशा में आत्महत्या तक की चेतावनी दे डाली थी। यह समाचार बीते दिन शाह टाइम्स न्यूज पेपर में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिसका संज्ञान लेते हुए जीडीए ने श्रीराम कुंज कॉलोनी पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए उसका ध्वस्तिकरण कर दिया मालूम हो कि मोदीनगर के हापुड रोड पर मंगल विहार के पास ग्राम रौरी की जमीन पर श्रीराम कुंज नाम से अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी और भोले-भाले लोगों को ठगा जा रहा था।

स्थानीय लोगों द्वारा इसकी शिकायत कई बार संबंधित अधिकारीयो से की गई थी लेकिन तीन बार ध्वस्तिकरण करण के आदेश के बाद भी कॉलोनाइजर के रसूक के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी।



कॉलोनाइजर की पकड़ इतनी थी कि अगर कोई इस अवैध कालौनी के खिलाफ आवाज उठाता था तो उसको भी जान से मारने की धमकी दी जाती थी।

ऐसे ही एक शख्स भाजपा नेता लोकेश डोढी थे जिन्हें आवाज उठाने के चलते तुशांक जिंदल नामक व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी थी जिस पर मोदीनगर पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया था लेकिन रसूक के चलते करवाई नहीं हो रही है इस ध्वस्तिकरण से कई लोगों को जहां राहत मिली है वही भविष्य में ठगी का शिकार होने वाले लोगों का भी हित सुरक्षित हुआ है गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की इस कार्रवाई से लोगों में प्राधिकरण के प्रति विश्वास बड़ा है।

## उमेश मोदी स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते पदक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उमेश मोदी स्पोर्ट्स एकेडमी जो कि दयावती मोदी पब्लिक स्कूल मैं स्थित है से 12 बच्चो ने सीबीएसई क्लस्टर ताईक्वांडो प्रतियोगिता मैं भाग लिया जिसमे से 6 बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 6 मेडल प्राप्त किए, जिनमे एक मिस प्रेक्षा ने उमेश मोदी स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच रेशव चौहान के निर्देशन मैं गोल्ड मेडल प्राप्त किया अन्य छात्रो मैं अर्नव भारद्वाज ने ब्रोंज, विजित कुमार ने ब्रोंज, केशव गुप्ता ने ब्रोंज, माधव गुप्ता ने सिल्वर मेडल और बंश शर्मा ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किए। उमेश मोदी स्पोर्ट्स एकेडमी अपने सभी विजेताओं का हार्दिक अभिनंदन करती है और उनके उज्जल भविष्य कि कामना करते हुए उनके माता पिता को बधाई देती है।

# टीओडी जोन के सर्वे का काम जल्द हो पूरा: अतुल वत्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शासन की ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलेपमेंट नीति 2022 के क्रियावयनन के अंतर्गत नमो भारत और मेट्रो के डेढ़ किलो मीटर के दायरे में टीओडी जोन विकसित किए जाने की दिशा में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा एनसीआरटीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक के दौरान एनसीआरटीसी व उनके द्वारा नामित कंसलटेंट फर्म के प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक के दौरान नमो भारत और मेट्रो के डेढ़ किलो मीटर के दायरे में टीओडी जोन्स के जोनल प्लान तैयार किए जाने हेतु गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से अपेक्षित सहयोग हेतु विस्तृत चर्चा की गई, जिनमें



मुख्यता: ड्रोन सर्वे हेतु परमिशन, मास्टर प्लान की जीआईएस फाइल सर्वे के दौरान ट्रेफिक व्यवस्था हेतु सहयोग व क्षेत्र से संबंधित अन्य सहयोग भी अपेक्षित था। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा एनसीआरटीसी व उनके द्वारा नामित कंसलटेंट फर्म को आश्वस्त किया गया कि उसे प्राधिकरण के द्वारा हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, इसके लिए जरूरी समस्त दस्तावेजों की चेक लिस्ट बनाकर प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सचिव गाजियाबाद विकास प्राधिकरण व सीएटीपी को निर्देशित किया कि फर्म से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही निराकरण कराया जाए। ये भी निर्देश दिए गए कि सर्वे के काम को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि लोगों को इस योजना का लाभ शीघ्र दिया जा सके, साथ ही निर्धारित किए जाने वाले एरिया में निजी पूंजी निवेश को बढावा दिया जा सकें। टीओडी जोन तय किया जाना समय की सबसे बडी आवश्यकता है। डेढ़ किलो मीटर के दायरे में आधुनिक सुविधाओं से युक्त आशियाना, व्यवसायिक के साथ औद्योगिक गतिविधियों को स्वीकृति दिए जाने से न केवल एनसीआर के अंतर्गत आने वाले गाजियाबाद में आवास की सुविधा उपलब्ध होगी, बल्कि व्यवसायिक गतिविधियों के आगे आने से रोजगार के भी अवसर प्राप्त होंगे। निजी क्षेत्र के लोग पूंजी निवेश कर सकें इसके लिए अधिक एफएआर व मिक्सड लेंड यूज दिए जाने की व्यवस्था सुनिष्चित की गई है। टीओडी जोन का उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढावा देना, शहरों में यातायात की भीड को कम करना और रहने योग्य और टिकाउ समुदायों का निर्माण करना है।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल राज्यमंत्री वीरू साहनी का किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश मत्स्यजीवी सहकारी संघ लिमिटेड के चेयरमैन माननीय वीरू साहनी का गोरखपुर से आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं रेलवे बोर्ड सदस्य बालकिशन गुप्ता ने की जबकि मंच संचालन पंडित अशोक भारतीय द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि वीरू साहनी को स्मृति चिन्ह भेंट कर, पटका व माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, विभिन्न पार्षदों एवं गणमान्य नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए गाजियाबाद के व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा कि नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में हुई अप्रत्याशित वृद्धि से व्यापारी वर्ग बेहद




आक्रोशित है। मुख्य अतिथि वीरू साहनी ने अपने संबोधन में आश्वस्त किया हाउस टैक्स की समस्या एवं अन्य व्यापारिक मुद्दों को मैं व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठाऊंगा। इस अवसर पर व्यापारी वर्ग की विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक लिखित ज्ञापन भी वीरू साहनी को सौंपा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बालकिशन गुप्ता, प्रदीप चौधरी, नीरज गोयल (पार्षद), हिमांशु शर्मा (पार्षद), पवन गौतम (पार्षद), विक्रांत सैनी, पंडित अशोक भारतीय, आशु पंडित, संदीप त्यागी रसम, रितेश शर्मा, परमानंद सिंघल, मनोज गुप्ता, संजय शर्मा, अनिल जुल्का, प्रतीक माथुर, काजल छिब्बर, विनय सिंघल, संजीव गर्ग, वी. के. सिंह, विपिन कौशिक, नागेंद्र कश्यप, निशा चौहान, शैलेन्द्र सक्सेना, नितिन बंसल, लवी गर्ग, विक्की चौधरी, तरूण शर्मा, वीरेंद्र कंडेरे, दलीप कुमार, शुभ्रा अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पश्चिमि उत्तर प्रदेश में हाइकोर्ट की बेंच की मांग को लेकर मोदीनगर तहसील में बार एसोसिएशन के नेतृत्व अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया व पीएम के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। बार के सचिव नकुल त्यागी ने ज्ञापन देते हुए बताया कि इस ज्ञापन पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री को अवगत कराया गया है कि भारत सरकार की नीति, 'न्याय जनता के द्वार पर' के अनुसार जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय हेतु पश्चिमी उत्तर प्रदेश में, जिसकी आबादी लगभग 7 करोड से भी ज्यादा है, हाई कोर्ट बैंच की स्थापना अति आवश्यक है उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट प्रयागराज में स्थित है



जिसकी दूरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलो से लगभग 600 से 700 किमी० है तथा प्रयागराज से मात्र 150 किमी0 की दूरी पर लखनऊ में हाई कोर्ट की बैंच स्थापित है। हाई कोर्ट प्रयागराज में लाखों वाद कई-कई दशकों से लम्बित चले आते है, जिस कारण आम जनता व वादकारियों को, अत्यधिक दूरी व हाई कोर्ट में विचाराधीन लाखो वादो की सुनवाई समय से न होने के कारण या तो जनता से वंछित रह जाती है अथवा थक हार कर वादो की पैरवी धन आभाव एवं समयाभाव के कारण न्याय से वंचित रह जाती है, जिससे, भारत के सविधान में विहित न्याय प्राप्त करने के मौलिक अधिकारो का हनन होता है तथा भारत सरकार की नीति सस्ता, सुलभ एंव सुगम न्याय की नीति उत्तर प्रदेश में लागू नही की जा रही है पिछले 40 दशको से अधिक समय से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बैंच की स्थापना हेतू पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता आदोलनरत है परन्तु उत्तर प्रदेश सरकार / भारत सरकार द्वारा आज तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बैंच की स्थापना हेतू कोई ठोस कदम न उठाये जाने से आम जनता व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओ में आकोश व रोष व्याप्त है, जबकि अन्य छोटे राज्यो में कई-कई हाई कोर्ट की बैंच स्थापित है जिसका ज्वलल्त उदाहरण दिनांक 01.08.2025 को महाराष्ट राज्य के कोल्हापुर जिले में चौथी हाई कोर्ट बैंच की स्थापना की गयी है जिसका क्षेत्राधिकार केवल 6 जिलो के लिए घोषित है और उक्त 6 जिलो की कुल आबादी मात्र 1.64 लाख है परन्तु पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में 7 करोड़ से अधिक आबादी होने के बावाजूद आज तक अनेको आन्दोलन के पश्चात भी हाई कोर्ट बैंच की स्थापना किये जाने की अन्देखी भारत सरकार / उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गयी है। अत: प्रधानमंत्री भारत सरकार को, आपके माध्यम से इस ज्ञापन पत्र के द्वारा मॉग की जाती है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलो की 7 करोड से अधिक जनता को सस्ता, सुलभएवं सुगम न्याय दिलाने हेतू अविलम्ब पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बैंच की स्थापना करायी जावे, यदि माननीय यस्शवी प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा यथाशीघ्र पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बैंच की स्थापना करा दी जाती है तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 7 करोड रहेगें। जनता व सभी अधिवक्तागण आपके आजीवन आभारी रहेंगे। सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

## गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रेलवे रोड बजरिया में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शहर विधायक संजीव शर्मा पहुंचे। रक्तदान कैम्प में बहुत अधिक तादाद में लोगों ने ब्लड डोनेट करके एक अच्छे काम में सहयोग किया। इस कैंप की सारी व्यवस्था गुरुद्वारे के महामंत्री एसपी सिंह ओबरॉय अपने साथियों के साथ देख रहे थे। सहयोग के रूप में प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू भी व्यवस्था में लगे हुए थे। ब्लड डोनेशन कैंप में मुख्य संयोजक थे। ब्लड डोनेट करने वाले सहभागियों को सम्मान भी दिया गया गुरुद्वारा कमेटी के द्वारा और उनके चाय पानी की व्यवस्था भी की गई थी। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की तरफ से ब्लड डोनेशन के समय मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से गुरुद्वारा सिंह सभा के चेयरमेन सरदार हरमीत कुलविंदर सिंह ओबेरॉय बलप्रीत सिंह रितेश कसाना अमन सिंह जसमीत खोसला अजय चोपड़ा अजीत सिंह रहे।

# अंतिम सोमवार को भक्तों का उमड़ा सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सावन मास के अंतिम सोमवार को सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को भक्तों का सैलाब उमड़ा। भगवान दूधेश्वर के दरबार में हाजरी लगाने के लिए देश भर से आम से लेकर वीवीआईपी तक पहुंचे। जलाभिषेक का सिलसिला रात्रि 12 बजे तक चला। सभी ने भगवान दूधेश्वर नाथ का दर्शन-पूजन कर उनका गंगाजल से अभिषेक किया व मंदिर के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया।

सांय 7 बजे भी भगवान का भव्य श्रृंगार हुआ और धूप-दीप आरती के बाद भगवान को 108 प्रकार के भोग लगाए गए। भीड़ के चलते भक्तों को भगवान के दर्शन के लिए घंटों इंतजार करना पडा। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात आदि से आए लाखों भक्तों की भीड़ के बावजूद भक्तों को पूजा-अर्चना व जलाभिषेक करने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की अध्यक्षता व मार्गदर्शन में भक्तों के लिए की गई व्यवस्थाओं की सभी ने सराहना की व महाराजश्री का आभार व्यक्त किया। शहर विधायक संजीव शर्मा ने भगवान की पूजा-अर्चना करने के साथ भक्तों की सेवा भी की।

# ओरा स्पोर्ट्स क्लब के 19 खिलाड़ियों ने अशीहारा कराटे का बेल्ट एग्जाम किया पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पंचकूला लाल कुआं पर स्थित मार्शल आर्ट अकादमी में आयोजित बेल्ट एग्जाम में खिलाड़ियों का फिजिकल मौखिक और अनुशासन का एग्जाम हुआ। मुख्य प्रशिक्षक सुमित शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया की सभी खिलाड़ियों ने अपनी अच्छी प्रतिभा दिखाकर बेल्ट एक्जाम को पास किया। बेल्ट एग्जाम के ऑल ओवर टॉपर्स में प्रथम स्थान यथार्थ देशवाल ने ऑरेंज बेल्ट टेस्ट को पास करके प्राप्त किया और दूसरे स्थान पर विराट आर्य ने ग्रीन फर्स्ट बेल्ट को पास करके स्थान प्राप्त




किया। तीसरे स्थान पर वरुण राघव ने ब्लू बेल्ट को पास करके स्थान को प्राप्त किया। बेल्ट विजेताओं के नाम - जिसमें रेड बेल्ट के प्रथम विजेता विहान राघव, मानवी राघव दूसरे विज. ेता दीप कौशिक तीसरे विजेता शिवम गुप्ता रहे। और सम्राट नगर, विवान राघव सत्यम गुप्ता ने इस बेल्ट टेस्ट को पास किया। ऑरेंज बेल्ट के प्रथम विजेता यथार्थ देशवाल दूसरे विजेता युवाम तीसरी विजेता गनिशा चौधरी रही। ब्लू बेल्ट के प्रथम विजेता वरुण राघव ने इस बेल्ट टेस्ट को पास किया।

## अदालती सूचना

**प्रारूप सं0 क**
**न्यायालय अपर प्रधान न्यायधीश परिवार न्यायालय कोर्ट संख्या 1 गाजियाबाद**
**वाद संख्या 817 सन् 2024**

1- श्रीमती स्वाती ठाकुर उम्र 30 वर्ष पत्नी रजत पुत्री श्री जगदीश टैगोर निवासी मकान नं० जे-128 नियर संतोष मेडिकल प्रताप विहार सैक्टर 12 थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद उ० प्र० 201001 मो० न० 7838174332, 2- चिन्मय पुत्र श्री रजत उम्र 3 माह प्राकृतिक संरक्षिका स्वयं माता स्वाती ठाकुर उम्र 30 वर्ष पत्नी रजत पुत्री श्री जगदीश टैगोर निवासी मकान न0 जे-128 नियर संतोष मेडिकल प्रताप विहार सैक्टर 12 थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद उ० प्र० 201001.

...वादनी

**बनाम**

रजत पुत्र विनोद चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी मकान न० ई 52 राजीव नगर अपोजिट सेक्टर 22 रोहिणी दिल्ली थाना अमन विहार दिल्ली 110088

...विपक्षी

वादनी उपरोक्त ने अर्न्तगत धारा-125 सी०आर०पी०सी के तहत आपके विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में दिनाकं-17.09. 2025 को ववक्ते सुबह 10.00 बजे उसका उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये सम्मन किया जाता है। जिसमे असफल होने पर बाद उपरोक्त का एकपक्षीय निस्तारण किया जायेगा। आज तारीख 4-8-25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

दिनाकं 4-8-25

**आदेशानुसार**
**संदीप कुमार**
**लिपिक**
**अपर प्रधान न्यायधीश**
**परिवार न्यायालय**
**कोर्ट संख्या-1 गाजियाबाद।**

# सड़क की जमीन पर विवाद में हुई दों पक्षों में मारपीट


**गाजियाबाद।** थाना लोनी क्षेत्र अंतर्गत गांव सिरौली में रविवार को सरक. ारी सड़क की भूमि को लेकर दो पक्षों के बीच जबरदस्त खूनी संघर्ष हो गया। जमीन पर कब्जे को लेकर शुरू हुए विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दोनों ओर से लाठी-डंडे, धारदार हथियार और फायरिंग तक की नौबत आ गई। इस संघर्ष में दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सबसे गंभीर रूप से घायल एक युवक को गोली लग गई, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घायलों को पहले उपचार हेतु लोनी के सरकारी अस्पताल (लोनी दो नंबर अस्पताल) में भर्ती कराया गया। लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी पीड़ितों को तुरंत दिल्ली के जीटीबी हॉस्पिटल (राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर) रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर थाना लोनी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम स्वयं मौके पर पहुंचे और अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की तथा उनका हाल जाना। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और शेष की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं। घटनास्थल से कई हथियार भी बरामद हुए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हो चुकी है, और आईपीसी की गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में एलुमनाई लेक्चर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में बी.डी.एस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए कॉलेज की पूर्व छात्रा डॉ साक्षी जैन द्वारा एक एलुमनाई लेक्चर प्रस्तुत किया गया जिसका विषय पीडोडोंटिक्स टू इंटरप्रिन्योर - जर्नी ऑफ लर्निंग था। इस लेक्चर में 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। डॉ साक्षी ने अपनी एम.डी.एस की पढ़ाई आई.टी.एस डेन्टल कॉलेज, मुरादनगर के पीडियाट्रिक एडं प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री से पूर्ण की थी।

इसके पश्चात उन्होंने रेवाड़ी में अपना स्वयं का क्लीनिक प्रैक्टिस शुरू किया और वर्तमान



में डॉ साक्षी एक विशेष पीडियाट्रिक डेन्टल सेट-अप का सफल संचालन कर रही है। डॉ साक्षी ने वर्ष 2024 में हिमाकश हेल्थकेयर एल.एल.पी की स्थापना की, जो बच्चों की मौखिक स्वास्थ्य देखभाल और रोकथाम संबंधी उपायों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक नवाचारपूर्ण उद्यम है। इसके साथ ही, वे संतोष डेन्टल कॉलेज में फैकल्टी के रूप में कार्यरत है, जहाँ वे क्लीनिकल प्रशिक्षण और शैक्षणिक अनुसंधान में सक्रिय योगदान दे रही है।

लेक्चर के दौरान डॉ साक्षी ने अपनी पठाई के सफर के बारे में बताया, जो बच्चों के दंत स्वास्थ्य के प्रति उनकी गहरी लगन और उन्हें सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता से शुरू हुआ। उन्होंने व्यवसाय प्रबंधन, मार्केटिंग और रोगी संवाद के महत्व को विस्तार से समझाया। इसके अलावा, एक सफल पीडियाट्रिक डेंटल प्रैक्टिस की स्थापना के लिए आवश्यक घटकों पर भी चर्चा की। उन्होंने छात्रों से बातचीत के दौरान उनके सभी प्रश्नों के उत्तर भी दिये, जिससे छात्रों को मार्गदर्शन एवं आत्मविश्वास प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के डायरेक्ट-प्रिंसिपल डॉ देवी चरण शेट्टी तथा डीन-एलुमनाई डॉ पायल द्वारा डॉ अनमोल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# जूस वाले को घर के बाहर बदमाशों ने मारे चाकू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में दोपहर के वक्त जूस बेचने वाले लडके को घर के बाहर अज्ञात बदमाशों ने चाकू से करीब आधा दर्जन वार किये। वारदात के बाद आरोपी मौके पर से फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज करके वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस घायल युवक के बयान लेने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक घायल युवक की पहचान रोहित (२०) के रूप में हुई है। वह एम ब्लॉक,मंगोलपुरी इलाके में माता पिता और बहन के साथ रहता है। वह इलाके में जूस की रेहड़ी लगाया करता है। दोपहर करीब डेढ बजे मंगोल. पुरी पुलिस को एम ब्लॉक में रोहित को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सडक पर काफी खून पड़ा हुआ था।

पता चला कि रोहित को उसका परिवार संजय गांधी अस्पताल में ले जा चुका है। क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। संजय गांधी अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों से पता चला कि रोहित के पैर,पीठ,पेट पर करीब आधा दर्जन चाकू के निशान थे। रोहित से पता चला कि उसको तीन से चार लडकों ने अचानक पीछे आकर चाकू मारे थे। उसको नहीं पता कि वो कौन थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से रोहित को चाकू मारे हैं उससे लगता है कि उसकी किसी बात को लेकर दुश्मनी रही होगी।

## लेडी डॉन जिकरा व अन्य सात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अप्रैल २०२५ में सीलमपुर इलाके में हुए हत्या के मामले में आरोपी लेडी डॉन जिकरा और अन्य सात आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट कई धाराओं में दर्ज की गई है। जिसमें हत्या और हत्या की साजिश की धारा शामिल है। इस साल के अप्रैल महीने में कुणाल की हत्या सीलमपुर इलाके में हुई थी।

बीती २२ अप्रैल को कड़कड़डूमा कोर्ट ने सीलमपुर में कुणाल की हत्या से जुडे मामले में गिरफ्तार आरोपी साहिल को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया, जबकि लेडी डॉन जिकरा खान को पुलिस पूछताछ के बाद १४ दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। दिल्ली पुलिस ने साहिल की पांच दिन की हिरासत मांगी थी। वहीं पीड़िता की मां ने कहा था कि मैं चाहती हूं कि आरोपियों को फांसी की सजा मिले। अगर उन्हें उम्रकैद मिलती है तो वे जमानत पर बाहर आ जाएंगे। मैं आरोपी शोएब को जानती हूं, जो मेरे घर के पास रहता है। शोएब जिकरा का मामा है। उनका पूरा परिवार गलत कामों में शामिल है। मुझे उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा। मेरा बच्चा किसी गलत काम में शामिल नहीं था। मेरा बच्चा निर्दोष था, उसने कुछ नहीं किया। वह गांधीनगर में काम करता था और निर्दोष था।

# सीआईएसएफ का परिवार बढ़ा अब होंगे 2.2 लाख सदस्य

■ अगले पांच साल तक हर साल 14 हजार की होगी भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ ने अपने परिवार में बढ़ात्तरी की है। अब परिवार २.२ लाख हो गया है। यहीं नहीं अगले पांच साल तक हर साल १४ हजार की भर्ती होगी। यह जरूरी भी हो गया है। असल में सीआईएसएफ के जवान बंदरगाह, थर्मल पावर प्लांट, परमाणु संयंत्र, जलविद्युत संयंत्र और जम्मू-कश्मीर में जेल, छत्तीसगढ़ उग्रवाद क्षेत्र जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तैनात हैं। इस परिवार अगर जवानों की संख्या बढ़ती है तो रोजगार के अवसर भी खुद ही सामने आ जाते हैं। बता दें कि इस साल में २४,०९८ नई भर्ती प्रक्रिया जारी है। अनुमान है कि अगले पांच साल तक हर साल करीब १४ हजार नए युवा सीआईएसएफ में शामिल होंगे। इन भर्ती में महिलाओं की भागीदारी भी बढने की उम्मीद है, जिसे सीआईएसएफ के संयुक्त प्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त है, जो महिलाओं को हर स्तर पर प्रतिनिधित्व की दिशा में कार्य कर रही हैं। पिछले साल सीआईएसएफ ने सात नई इकाइयों के तहत अपनी सुरक्षा विंग की शुरुआत की थी,जिसमें संसद भवन परिसर, अयोध्या एयरपोर्ट, हाजीबाग स्थित एनटीपीसी के कोयला खनन प्रोजेक्ट, पुणे का आईसीएमआर-राष्ट्रीय विष्णु विज्ञान संस्थान, बोस्टन और एटा के ताप विद्युत संयंत्र और मंडी के बिस्वास लिंक प्रोजेक्ट शामिल हैं। साथ ही, संसदीय भवन और एटा के प्रोजेक्ट में दो नए कर्मचारी भी शामिल हैं। यह विस्तार लैंडस्केप सिक्योरिटी लैंडस्केप के सीआईएसएफ के ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार के टुकड़ों को शामिल करता है, ताकि यह भारत के तेजी से हो रहे विकास की गति को मजबूत कर सके।

## बादलों की धूप छांव ने बढ़ाई उमस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कभी धूप निकल रही है, तो कभी काले बादलों का डेरा झमाझम बारिश कराने लगता है। सोमवार को बादल छाए रहे, जिससे तापमान कम रहा लेकिन उमस से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग ने बारिश होने की संभावना जताई है। आसमान में बादल छाए रहेंगे। अधिकतम ३३.५ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २४ . २ डिग्री सेल्सियस रहा। बीते २४ घंटे में हवा में नमी का स्तर १०० से ६७ फीसदी रहा।

मौसम विभाग ने ५ अगस्त को दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में बादल छाए रहने और गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। इसके बाद ६ से लेकर ९ अगस्त के दौरान छिटपुट बादल छाए रहने और गरज चमक के साथ रुक-रुक फुहारें पड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि इस पूरे हफ्ते फुहारें पड़ती रहने के कारण दिल्ली में अधिकतम तापमान ३१ से ३५ डिग्री सेल्सियस बने रहने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि मौजूदा समय में कई वेदर सिस्टम एक्टिव हैं।

# हज 2026 के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएंगी : कौसर जहां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हज २०२५ की पूर्ण सफलता के बाद अब जबकि हज २०२६ के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है, दिल्ली स्टेट हज कमेटी में आज हज २०२६ की व्यवस्थाओं के लिए कमेटी की मीटिंग आयोजित हुई। हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हज कमेटी की मेंम्बर और निगम पार्षद नाजिया दानिश, मेंबर मोहम्मद साद और हज कमेटी के पदेन सदस्य एवं कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी उपस्थित रहे। बैठक में हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने बताया कि आगामी हज २०२६ की पवित्र हज यात्रा की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा और विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि सऊदी अरब सरकार के दिशा निर्देश एवं उस के अंतर्गत भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार इस बार हज २०२६ की सभी व्यवस्थाएं पिछले वर्षों की तुलना में और भी अधिक समय पर किया जाना है। दिल्ली स्टेट हज कमेटी भी इस बार सारी व्यवस्था इसी के अनुसार शीघ्रता के साथ और समय पर करने के लिए कीर्तसंकल्प है।ज्ञात हो कि हज २०२६ के लिए आवेदन करने की सीमा बढ़ा कर ०७ अगस्त कर दी गई है जिस से अब अंतिम दिनों में हज फॉर्म भरवाने के लिए दिल्ली स्टेट हज कमेटी में हज आवेदन कर्ताओं की अच्छी खासी भीड़ देखी जारही है। ज्ञात सूत्रों के अनुसार इसी महीने हाजियों के चयन के लिए ऑनलाइन चयन की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। दिल्ली स्टेट हज कमेटी हाजियों के चयन की प्रक्रिया की समाप्ति के बाद आगामी प्रक्रियाएं को जल्द से जल्द शुरू करने की सारी तैयारी में जुट गई है।



**हज 2026 की तैयारियों को लेकर चेयरपर्सन कौसर जहां की अध्यक्षता हुई बैठक में निगम पार्षद नाजिया दानिश भी मौजूद थीं।**

## 9 नवम्बर को गालिब अकादमी में आयोजित होगा उर्दू दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व उर्दू दिवस आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जोशी कॉलोनी दिल्ली में वरिष्ठ पत्रकार जलालुद्दीन असलम की अध्यक्षता में आयोजित हुई।इस अवसर पर डॉ. सैयद अहमद खान ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रांतीय सरकारों के कुछ राज्य-सहायता प्राप्त संस्थान, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, और बड़ी संख्या में लोग अल्लामा इकबाल की जयंती के उपलक्ष्य में ९ नवंबर को उर्दू दिवस का आयोजन कर रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्व उर्दू दिवस आयोजन समिति हमेशा की तरह इस वर्ष भी ९ नवंबर २०२५ को गालिब अकादमी, बस्ती हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली में श्उर्दू दिवसश का आयोजन करेगी।प्रोग्राम की अध्यक्षता माहिर ए इकघ्बाल प्रोफेसर एमेरिटस डॉ. अब्दुल हक करेंगे।इस अवसर पर जलालुद्दीन असलम ने उर्दू तबके से अपील करते हुए कहा कि जहाँ उर्दू दिवस का आयोजन नहीं होता है, वहाँ इसका आयोजन किया जाए ताकि उर्दू भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने में मदद मिल सके।उन्होंने कहा कि इसका आयोजन न केवल उर्दू क्षेत्रों में, बल्कि गैर-उर्दू क्षेत्रों में भी किया जाना चाहिए ताकि उर्दू के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके।उन्होंने कहा कि उर्दू लोगों को गैर-उर्दू क्षेत्रों के लोगों से भी संपर्क बनाए रखने की जरूरत है।वरिष्ठ पत्रकार सुहैल अंजुम ने इस अवसर पर कहा कि २८ वर्षों से लगातार उर्दू दिवस का आयोजन एक बड़ी उपलब्धि है।इस संगठन की अपील पर अब विश्व उर्दू दिवस का आयोजन न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी होने लगा है, जो एक अच्छी बात है।पत्रकार जावेद अख्तर ने कहा कि उर्दू डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन के कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर अन्य संगठन भी उर्दू समारोह आयोजित करने लगे हैं।इस संबंध में मीडिया संगठन श्द वायरश द्वारा आयोजित जश्न ए उर्दू का उदाहरण दिया जा सकता है। ऐसे कार्यक्रम युवा पीढ़ी को उर्दू के करीब लाने में मदद करते हैं। बैठक में इसरार अहमद उज्जैनी, डॉ. मुफ्ती जावेद अनवर देहलवी, हकीम मुहम्मद मुर्तजा देहलवी, हकीम आफताब आलम, सैयद नियाज अहमद राजा, मुहम्मद इमरान कनौजी जीशान अहमद, डॉ. अबू जैद और फैजान अहमद आदि शामिल हुए।

# आवारा कुत्तों की समस्या पर बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या से राजधानीवासियों को राहत दिलाने के उद्देश्य से स्थायी समिति द्वारा गठित उप-समिति की दूसरी बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक पर्यावरणविद् व बीजेपी नेता मेनका गांधी तथा स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप-समिति के अध्यक्ष व स्थायी समिति के उपाध्यक्ष श्री सुंदर सिंह ने की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटरों को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा, ताकि ऑपरेशनों के साथ-साथ कुत्तों के स्वास्थ्य की समुचित जांच, विशेषकर ब्लड टेस्ट आदि, समय पर हो सके। हर जोन में एंटी रैबीज अवेयरनेस कैंप आयोजित किए जाएंगे, ताकि नागरिकों को जागरूक किया जा सके और रैबीज जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव सुनिश्चित हो।

बैठक में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि निगम द्वारा विभिन्न एन जी ओ के साथ मिलकर संचा. लित इन केंद्रों में हर कुत्ते को एक माइक्रोचिप लगाने की योजना है जिसमें उनके स्टरिलाइजेशन की स्थिति व अन्य महत्वपूर्ण विवरण दर्ज होंगे। इससे भविष्य में निगरानी और ट्रैकिंग संभव हो सकेगी बैठक में उपस्थित मेनका गांधी ने भी निगम द्वारा संचालित ।(एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटरों को और अधिक सुदृढ़ व सुसज्जित किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों पर चिकित्सा सुविधाओं, प्रशिक्षित स्टाफ, पर्याप्त संसाधनों और निगरानी प्रणाली को और बेहतर बनाया जाना चाहिए, ताकि स्टरलाइजेशन प्रक्रिया सुचारु, मानवीय और प्रभावी ढंग से संचालित की जा सके। श्रीमती गांधी ने यह भी सुझाव दिया कि विभिन्न पशु प्रेमी संगठनों, अनुभवी एनजीओ तथा स्थानीय नागरिकों के सहयोग से एक समावेशी और दीर्घकालिक रणनीति तैयार की जाए, जिससे इस समस्या का स्थायी और संवेदनशील समाधान संभव हो सके। स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि निगम का उद्देश्य है की एक समग्र दृष्टिकोण अपनाते हुए पशु कल्याण और जनस्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित करना है।

# 14 अगस्त को चलेगी स्वर्णिम भारत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) देशवासियों को भारत की आजादी के संघर्ष, सांस्कृतिक धरोहरों और आध्यात्मिक स्थलों से रूबरू कराने के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन सेवा शुरू कर रहा है। स्वर्णिम भारत यात्रा नामक यह डीलक्स एसी ट्रेन १४ अगस्त को सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी।

यह नौ रात और दस दिनों की विशेष यात्रा होगी जिसमें देश के कई ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल देखने का मौका मिलेगा। आईआरसीटीसी के मुताबिक, यात्रियों को उच्चस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इस यात्रा के जरिए पर्यटक स्वतंत्रता संग्राम, संस्कृति और आस्था से जुड़े उन स्थलों को देख सकेंगे जो भारत की पहचान हैं। इस यात्रा का उद्देश्य न केवल पर्यटन को बढ़ावा देना है बल्कि युवाओं और आम नागरिकों को भारत की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत से गहराई से जोड़ना भी है।

यह ट्रेन उन यात्रियों के लिए खास मौका है जो आरामदायक यात्रा के साथ देशे के गौरवशाली अतीत को नजदीक से देखना चाहते हैं। इस यात्रा के दौरान अहमदाबाद: साबरमती आश्रम, साबरमती रिवरफ्रंट, मोढेरा सूर्य मंदिर, पाटन की रानी की बावड़ी। केवड़िया: विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भ्रमण। पुणे: आगा खां पैलेस, शिवाजी महाराज का लाल महल, कस्बा गणपति मंदिर व भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर ,छत्रपति संभाजीनगर : अजंता और एलोरा की यूनेस्को विश्व धरोहर गुफाएं, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग। झांसी और ओरछा: ऐतिहा. सिक किले और विरासत स्थल आदि के दर्शन कराए जाएंगे।

## चाइनीज मांझे का पंजाब,यूपी और दिल्ली का नेटवर्क पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने किलर चाइनीज मांझा के ६६० रोल जब्त करके दो आरोपियों मनीष और सलीम पठान को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी रमेश लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर शिवराज सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एएसआई रतन सिंह की पुख्ता जानकारी के बाद मिलन गार्डन, मंडोली के पास छापेमारी करके मनीष को गिरफ्तार मनीष की निशानदेही पर उसके टेंपो की तलाशी ली गई, जिसमें ९ कार्टन, जिनमें से प्रत्येक में ६० यूनिट (कुल ५४० रोल) प्रति. बंधित चीनी मांझा था, बरामद किया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह पिछले एक साल से मुरादनगर स्थित एक दुकान से कम दामों पर चीनी मांझा खरीदकर दिल्ली में खरीदारों को ऊंचे दामों पर बेच रहा था। बरामद चीनी मांझा पहुँचाने के लिए उसने मुरादनगर से सबोली, दिल्ली तक एक टेंपो किराए पर लिया था। वह मुरादनगर के मेन बाजार में पतंग की दुकान चलाने वाले सलीम पठान से प्रतिबंधित चीनी मांझा खरीदता था। उसकी निशानदेही पर, एक और छापेमारी की गई और सलीम पठान को उसकी दुकान से गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर उसकी दुकान की तलाशी के दौरान, प्रतिबंधित चीनी मांझे के १२० रोल और बरामद किए गए। वह हरियाणा के करनाल के एक व्यक्ति से प्रतिबंधित चीनी मांझा खरीदता था।



**दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या से राजधानीवासियों को राहत दिलाने के उद्देश्य से स्थायी समिति द्वारा गठित उप-समिति की दूसरी बैठक सम्पन्न हुई।**

# दिल्ली के गांवों की बदलेगी सूरत, सरकार ने बढ़ाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अधिकतर गांवों में जल निकासी एक गंभीर समस्या है। सड़कें, गलियां और नालियां भी दुरुस्त नहीं है। गांवों के विकास के लिए भाजपा सरकार ने ग्रामीण विकास बोर्ड को फिर से पुनर्गठित किया है। भाजपा सरकार ने मंगोलपुरी से विधायक व कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे राजकुमार चौहान को ग्रामीण विकास बोर्ड का चेयरमैन बनाया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उन्हें कैबिनेट रैंक प्रदान किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस नई सरकार में बोर्ड के गठन से उन्हें एक नई उम्मीद जगी है। अब ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा। उन्हें वह मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी, जिनके लिए वे वर्षों से इंतजार कर रहे हैं।

बाहरी दिल्ली के गांवों की बात करें तो अधिकतर गांवों में जल निकासी गंभीर समस्या है। किराड़ी, निठारी, मुबारकपुर डबास, रानीखेड़ा, घेवरा गांव, कराला, मजरी, मोहम्मदपुर मजरी, मुंडका, टीकरी कलां गांव समेत अन्य दर्जनों गांव हैं, जहां पानी निकासी एक गंभीर समस्या है। वर्षा के बाद इन जगहों पर जलभराव की स्थिति हो जाती है। बिन वर्षा भी कई गांवों में नालियों का पानी सड़कों पर बहता रहता है। अब ग्रामीण विकास बोर्ड के अध्यक्ष राज. कुमार चौहान ने कहा कि हमारी प्राथमिकताएं ग्रामीण इलाकों में बुनियादी ढांचे जैसे सड़कें, नालियां, चौपालें और बारात घरों का विकास उनकी प्राथमिकता होगी। २०० से अधिक गांवों में हमें काम करना है, जहां से पिछली सरकार में गायब हो चुकी मूलभूत सुविधाओं को फिर से बहाल करना है।

# फ्रेशर्स ओरिएंटेशन आरंभ 2025 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लिंग्याज ललिता देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंसेज में आयोजित ओरिएंटेशन डे के अवसर पर, अभिभावक और छात्र मुख्य अतिथि रहे । भारत के विशिष्ट ब्रांड फिलॉसफर मेंटर, राजेश अग्रवाल, विशिष्ठ अतिथि थे। राजेश ने दो सत्रों का संचालन किया जिसमें फोकस, कौशल, ज्ञान और समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

उनके सत्र को विशिष्ठ बनाने वाली बात व्यक्तिगत, कॉर्पोरेट और संस्थागत ब्रांडिंग के प्रति उनका गहन दृष्टिकोण है, जिसमें दर्शन, मूल्य प्रणालियाँ, नेतृत्व और उद्देश्य- संचालित सोच का सम्मिश्रण है। राजेश अग्रवाल ने संचार कौशल के महत्व को समझाते हुए और इसे नौकरी के साक्षात्कार और पैकेज से जोड़ते हुए, छात्रों को याद दिलाया कि उन्हें एक व्यक्तित्व के रूप में ब्रांड बनने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि एक ब्रांड केवल लोगो और टैगलाइन के बारे में नहीं होता, बल्कि चरित्र, व्यवहार, संस्कृति और योगदान के बारे में होता है। उनका समग्र दृष्टिकोण व्यक्तिगत परिवर्तन को संगठनात्मक ब्रांडिंग से जोड़ता है, जिससे यह टिकाऊ और प्रामाणिक बनता है।

# मासूम की हत्या में फरार बदमाश 26 साल बाद गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मासूम की अगवा कर हत्या करने के मामले में करीब २६ साल से फरार चल रहे बदमाश को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दबोचा है। आरोपी की पहचान कानपुर देहात, यूपी निवासी राज किशोर उर्फ बड़े लल्ला (५५) के रूप में हुई है। उम्रकैद की सजा काट रहा राज किशोर वर्ष १९९९ में पैरोल लेकर फरार हो गया था।

इसके बाद वह कभी गिरफ्तार नहीं हुआ। २०१४ में दिल्ली की अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। इस बीच आरोपी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाकर जमानत का भी प्रयास किया था। वहां से मना होने पर अलग-अलग राज्यों में घूमता रहा। राज किशोर पेशे से दर्जी है, जहां भी जाता था, अपनी दर्जी की दुकान खोल लेता था। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि राज किशोर ने अपने साथी विजय के साथ मिलकर १५ दिसंबर १९९३ को अपने मालिक मोहम्मद आशिक के आठ साल के बेटे को अगवा कर लिया था। उस समय राज किशोर आशिक की सिलाई की फैक्टरी में काम करता था।

आरोपी ने आशिक से बेटे को सकुशल छोड़ने के बदले ३० हजार रुपये की डिमांड की। रुपये लेने के बाद भी आरोपी ने मासूम की गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में शव को त्रिलोकपुरी के गटर में डाल दिया। पुलिस ने शव बरामद कर हत्या का मामला दर्ज किया। बाद में दोनों आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया गया। वर्ष १९९६ में राज किशोर को उम्रकैद की सजा हो गई। १९९९ में आरोपी ने हाईकोर्ट से छह सप्ताह की पैरोल ली और गायब हो गया। पुलिस उसकी तलाश करती रही। वर्ष २००९ में आरोपी ने फरारी के समय हाईकोर्ट से जमानत की गुहार लगाई, लेकिन अदालत ने उसे मंजूरी नहीं दी।

इसके बाद वर्ष २०१४ में अदालत ने उसे भगोड़ा करार कर दिया। छानबीन के दौरान टीम को पता चला कि आरोपी अपने घर कानपुर देहात के आसपास छिपा हुआ है। टीम दो माह तक वहां डेरा डाले रही, लेकिन आरोपी छापेमारी के समय फरार हो जा रहा था। काफी प्रयासों के बाद इंस्पेक्टर रॉबिन त्यागी की टीम ने आरोपी को खोड़ा कालोनी, गाजिया बाद से दबोच लिया।

# विकसित करावल नगर मेरा ध्येय है : कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विकास मंत्री कपिल मिश्रा की अध्यक्षता में करावल नगर क्षेत्र की समस्याओं और विकास योजनाओं को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिल्ली जल बोर्ड, लोक निर्माण विभागके वरिष्ठ अधिकारियों ने एंव राजस्व विभाग के जिलाधिकारी ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य करावल नगर में रह रही जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं की समीक्षा और समाधान सुनिश्चित करना था।बैठक में कपिल मिश्रा ने साफ पेयजल की सतत आपूर्ति, जर्जर गलियों के पुनर्निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम के अपग्रेडेशन, बेहतर सड़क निर्माण और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में जलभराव वाले इलाकों की पहचान कर ड्रेनेज लाइनों की समयबद्ध सफाई और पुनर्निर्माण कार्य शुरू किए जाएं। साथ ही जिन गलियों में वर्षों से मरम्मत नहीं हुई है, वहां प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य शुरू किया जाए।

ट्रैफिक जाम की समस्या पर चर्चा करते हुए भीड़भाड़ वाले इलाकों का ट्रैफिक ऑडिट कर समाधान केंद्रित योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। स्कूल, बाजार, मुख्य सड़कों और चौराहों के पास बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए आवश्यक कदम तत्काल प्रभाव से उठाए जाएं। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट की स्थिति और कूड़ा प्रबंधन पर भी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# ड्रोन की अफवाहों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला प्रशासन ने ड्रोन को लेकर उड़ रही अफवाहों पर सख्त कार्रवाई की है। जिला प्रशासन ने इसे देखते हुए जनपद में धारा 163 के तहत ड्रोन उड़ाने पर रोक लगाई गई है। डीएम अभिषेक पांडेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि कि जिले में खासकर गढ़ क्षेत्र में, ड्रोन को लेकर भय और अफवाह का माहौल बनाया जा रहा था। इसे देखते हुए, जनपद में धारा 163 के तहत ड्रोन उड़ाने पर रोक लगाई गई है। अब हापुड़ जिले को ड्रोन नियमावली के तहत रेड जोन घोषित किया गया है। इसका मतलब है कि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के ड्रोन नहीं उड़ा सकता।

उन्होंने बताया कि ड्रोन उड़ाने वालों को अपने ड्रोन का संबंधित थाने में पंजीकरण कराना होगा। किसी भी कार्यक्रम जैसे शादी, धार्मिक कार्यक्रम में ड्रोन का इस्तेमाल करने से पहले पूर्व अनुम. ति लेना जरूरी है। अफवाहें फैलाने वाले और निर्दोष लोगों के साथ गलत व्यवहार करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने इस दौरान बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने बच्चों के खिलौने, हेलीकॉप्टर, एलईडी लगी कबूतर और पतंग बरामद किए हैं। जिन्हें लोग ड्रोन समझ रहे थे। पुलिस लगातार ग्रामीणों को जागरूक कर रही है और ग्राम सुरक्षा समिति की बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। यदि कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। इसके अलावा डीएम ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर गलत खबरें फैलाने वाले व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन और पेज एडमिन पर भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



# एचपीडीए में लगा पासपोर्ट मोबाइल वैन का विशेष कैम्प




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रीजनल पासपोर्ट ऑफिस विदेश मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनपद हापुड़ के नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी सेवाएं सुलभ रूप से प्रदान करने हेतु हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के कार्यालय परिसर में सोमवार को पासपोर्ट मोबाइल वैन का विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। केम्प का शुभारम्भ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. नितिन गौड व क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कैम्प का संचालन सीनियर कन्सल्टेन्ट तेजेन्द्र आनन्द द्वारा किया गया। इस अवसर पर करीब 30 लोगों ने केम्प का फायदा उठाया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. नितिन गौड ने बताया कि कैम्प का आयोजन 4 अगस्त 2025 से 6 अगस्त 2025 और 11 अगस्त 2025 से 13 अगस्त 2025 तक किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति कैम्प का लाभ प्राप्त कर सकते है। इस मौके पर प्राधिकरण के प्रभारी सचिव, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंतागण, अवर अभियंतागण, अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर हापुड़ बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सोमवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहे। जिससे कोर्ट और उप-निबंधक कार्यालय का कामकाज ठप रहा। इस हड़ताल के कारण वादकारियों को काफी परेशानी हुई।

अधिवक्ताओं ने जिला मुख्यालय पर जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन डीएम अभिषेक पांडे को सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने पिछले 50 सालों से चली आ रही अपनी मांग को फिर से दोहराया। हापुड़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कंसल और सचिव वीरेंद्र सैनी ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रयागराज में है, जो सहारनपुर से 850 किलोमीटर से भी अधिक दूर है। इस दूरी के कारण वादकारियों और वकीलों का समय, पैसा और संसाधन बर्बाद होते हैं। ज्ञापन में महाराष्ट्र का उदाहरण दिया गया। जहां 1.64 लाख की आबादी वाले कोल्हापुर में चौथी हाईकोर्ट बेंच स्थापित की गई है। इसके विपरीत, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 7 करोड़ से ज़्यादा आबादी को अभी तक कोई बेंच नहीं मिली है। अधिवक्ताओं ने इसे अन्याय और भेदभावपूर्ण बताया। अधिवक्ताओं ने कहा कि संविधान में न्याय का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट की दूरी की वजह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोग सस्ते और सुगम न्याय से वंचित हैं। हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति के आहवान पर हापुड़ बार एसोसिएशन ने यह विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने केंद्र और राज्य सरकारों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तुरंत हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग की, ताकि लोगों को आसान, सस्ता और तेज़ न्याय मिल सके।



# अन्य विभागों के कार्य करानें को लेकर पंचायत सहायकों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायकों ने सोमवार को खंड विकास अधिकारी को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपते हुए अपने पद से त्यागपत्र देने की घोषणा की। पंचायत सहायकों का आरा. प है कि उनसे उनकी मूल जिम्मेदारियों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्य जबरन कराए जा रहे हैं, जबकि उन्हें मात्र 6,000 मासिक वेतन दिया जाता है।

पंचायत सहायकों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उन्हें हर महीने लगभग 10 बार ब्लॉक कार्यालय बुलाया जाता है, जिससे उनका अधिकांश समय वहीं व्यतीत हो जाता है और गांव स्तर के जरूरी कार्य बाधित होते हैं। सीमित संसाधनों और न्यूनतम वेतन में लगातार अतिरिक्त कार्यभार से उनमें असंतोष व्याप्त है। सहायकों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें स्वच्छता अभियान, पीएम आवास योजना, राशन कार्ड सत्यापन, अन्य विभागीय बैठकें और रिपोर्टिंग आदि जैसे कई कार्य सौंपे जाते हैं, जिनका पंचायत विभाग से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि या तो वेतनमान में यथोचित वृद्धि की जाए अथवा उन्हें केवल पंचायत संबंधी कार्यों तक ही सीमित रखा जाए। अन्यथा मजबूरन उन्हें अपना त्यागपत्र सौंपना पड़ेगा, जैसा कि वर्तमान में किया गया है। पंचायत सहायकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विवश होंगे।



# आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में हापुड़ पांचवी बार अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में मेरठ रेंज ने लगातार पाँचवीं बार पहला स्थान हासिल किया है। डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने बताया कि जुलाई 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार मेरठ रेंज ने जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली यानी जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों में पहला स्थान प्राप्त किया है।

डीआईजी ने सभी जनपद प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे शिकायतों का गंभीरता से समाधान करें। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों की जाँच के लिए खुद मौके पर जाएँ। जाँच रिपोर्ट अपलोड करने से पहले थाना प्रभारी स्वयं फीडबैक लें। आईजीआरएस शिकायतों और फीडबैक के लिए बने रजिस्टरों को अपडेट रखें। नोडल अधिकारी हर 15 दिन में शिकायतों की समीक्षा करें। जाँच रिपोर्ट में घटना स्थल की भौगोलिक स्थिति का उल्लेख करें। डीआईजी ने सभी जनपदों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि जन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण समाधान हो, ताकि जनता को समय पर न्याय मिल सके और पुलिस के खिलाफ शिकायतों में कमी आए।



# बारिश के कारण कच्चा मकान ढहने से गर्भवती महिला समेत छह घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र के हसूपुर गांव में रविवार देर रात तेज बारिश के कारण एक जर्जर कच्चा मकान ढह गया। जिससे एक ही परिवार के छह सदस्य मलबे में दब गए। इस हादसे में आठ माह की गर्भवती महिला रीना समेत अन्य घायलों की हालत गंभीर है।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा रात करीब 3 बजे हुआ जब श्यामलाल का परिवार कच्चे मकान में सो रहा था। अचानक छत और दीवारें गिरने से श्यामलाल की पत्नी रीना, उनकी बेटियां साक्षी, अनाया, प्रिया, बेटा लाला और साले की पत्नी मलबे में दब गईं। ग्रामीणों और 112 पुलिस सेवा की मदद से सभी घायलों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम अंकित कुमार वर्मा और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन ने हादसे का कारण मकान की जर्जर हालत और भारी बारिश को बताया है। एसडीएम ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।



## एक नजर

### चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध गिरफ्तार, तमंचे बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है।

थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि पुलिस टीम द्बारा थाना क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को रो. ककर ज़ब उनकी तलाशी ली तो उनके कब्ज़े से दो अवैध तमंचे व दो जिन्दा कारतूस बरामद किए गए जिसके बाद पुलिस उन्हें थाने ले आई और आगे की कार्रवाई में जुट गई। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धो की पहचान फैजान पुत्र महबूब निवासी भण्डा पट्टी मोती कॉलोनी थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ और सलमान पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मोती कॉलोनी थाना हापुड नगर जनपद हापुड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया की इनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस ने चेकिंग के दौरान हथियार के साथ बदमाश पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाश के कब्ज़े से अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक बदमाश प्रवीण उर्फ त्रिलोक पुत्र कुवं. रपाल निवासी ग्राम भैना थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ को गांव भैना कट से जखैड़ा वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से एक अवैध तमंया व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किया गया बदमाश एक शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज है। फिलहाल पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

# ज़मीन बेचने के नाम पर ठगी करने वाले एक महिला सहित दो इनामी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने एक बड़े धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक महिला सहित दो इनामी शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी फर्जी दस्तावेज़ों का इस्तेमाल कर लोगों को जमीन बेचने के बहाने ठगते थे।

पुलिस के अनुसार यह गिरोह भोले-भाले लोगों को कम दाम में जमीन बेचने का लालच देता था। वे चमरी मोहल्ले में किसी और की खाली जमीन को अपनी बताते थे और फर्जी बैनामे तैयार करते थे। अब तक इस गिरोह ने 16 फर्जी बैनामे बनाए थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रीनू पत्नी अमन और निशांत पुत्र इंद्रपाल के रूप में हुई है, जो दोनों बाबूगढ़, हापुड़ के रहने वाले हैं। इन दोनों पर 20,000-20,000 रुपये का इनाम घोषित था। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि यह गिरफ्तारी हापुड़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे एक विशेष अभियान के तहत हुई। इस मामले में पहले भी छह अन्य आरोपी जिनमें देवेंद्र त्यागी, रोहताश, संजीत, जगरोशनी, लक्ष्मी, और चंद्रप्रकाश गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और अन्य फर्जीवाड़े से जुड़ी घटनाओं की जांच कर रही है। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी जमीन सौदे से पहले दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, डायट प्राचार्य जितेंद्र मलिक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में शिक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें ऑपरेशन कायाकल्प, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बालिका शिक्षा, मध्याह्न भोजन, यू-डायस प्लस, पीएम श्री विद्यालय, और दिव्यांग बच्चों की शिक्षा प्रमुख थे। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में 19 मापदंडों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति के साथ-साथ सभी रजिस्टरों का काम डिजिटल माध्यम से किया जाए। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को एक रणनीति बनाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्कूलों में छात्रों की कम उपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, एआरपी एकेडमिक रिसोर्स पर्सन की चयन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने, विद्यालयों में मुफ्त किताबें समय पर पहुंचाने और दिव्यांग बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया।



# सीबीएसई क्लस्टर XIX वॉलीबॉल बालक का हुआ सुंदर समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जे.एम.एस. के लॉन में एक सुंदर छाया चित्र में परिणत हुआ। समापन समारोह में एक रंगीन और सुगंधित गुलदस्ते की तरह प्रत्येक फूल ने एक अलग चमक दिखाई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजभूषण शरण सिंह ने अपनी जीवंत और ऊर्जावान उपस्थिति से समारोह को रोशन किया। उन्होंने अपने आगमन से सभी का ध्यान आकर्षित किया और दर्शकों ने उनके नाम का जयकारा लगाया।

विद्यालय के अध्यक्ष राकेश सिंघल, उपाध्यक्ष डा. हिमांशु सिंघल, प्रबंध निदेशक डा. आयुष सिंघल, सचिव डा. रोहन सिंघल, महानिदेशक डा. सुभाष गौतम और प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक ने उनका स्वागत किया और उन्हें मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करने का अनुरोध किया। दो अद्भुत नृत्य प्रस्तुतियों ने मंच पर चार चांद लगाए और क्लस्टर के आनंदमय गुलदस्ते में दो और फूल जोड़े। बृजभूषण शरण सिंह प्रस्तुतियों से इतने प्रभावित हुए कि वे अपनी सीट से उठकर कलाकारों को आशीर्वाद देने और उन्हें नकद पुरस्कार देने लगे। नृत्य प्रदर्शनी के बाद उन्हें मंच पर बुलाया गया और अपनी बातचीत में उन्होंने जोर देकर कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी विकसित होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों और माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को किसी न किसी खेल में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि खेल शरीर और आत्मा दोनों को खुशी प्रदान करते हैं। युवा खिलाड़ियों की आंखें उनके भाषण के दौरान चमक उठीं और उन्होंने निश्चित रूप से आज मुख्य अतिथि बृजभूषण शरण सिंह के विचारों को सुनकर ज्ञान प्राप्त किया। कुछ और फूलों ने हवा को सुगंधित कर दिया। आज के इस कार्यक्रम में अर्जुन अवार्डी अलका तोमर भी पहुँची और सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। बाद में अध्यक्ष राकेश सिंघल, उपाध्यक्ष डा. हिमांशु सिंघल, प्रबंध निदेशक डा. आयुष सिंघल, सचिव डा. रोहन सिंघल, महानिदेशक डा. सुभाष गौतम और प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक सभी विशिष्ट अतिथियों को वॉलीबॉल कोर्ट की ओर ले गए, जहां उन्हें खिलाड़ियों से परिचित कराया गया। जल्द ही मैच शुरू हुए और रोमांचक मैचों के बाद अंततः परिणाम घोषित किए गए। अंडर-14 बालक वर्ग में, एमएच पब्लिक स्कूल दादरी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने रजत पदक प्राप्त किया। सरस्वती हल्द्वानी और कृष्णा पब्लिक स्कूल मेरठ ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्राप्त किया। अंत में, अंडर-14 बालक वर्ग में, एमएच पब्लिक स्कूल दादरी ने स्वर्ण पदक, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने रजत पदक और सरस्वती हल्द्वानी और कृष्णा पब्लिक स्कूल मेरठ ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर 17 बालक वर्ग में, एमएच पब्लिक स्कूल दादरी ने स्वर्ण पदक, श्री गुरु नानक उतराखंड स्कूल ने रजत पदक और न्यू एरा और सनराइज स्कूल ग़ाज़ियाबाद ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्राप्त किया।



# जानलेवा हमले के मामले में तीन दोषियों को तीन वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशक्त पैरवी करते हुए जानलेवा हमला के मामले में तीन दोषियों को तीन वर्ष का कठोर कारावास व 6,500- 6,500 रुपये कुल 19,500 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाए जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए सोमवार को न्यायालय द्वारा जानलेवा हमला करने वाले तीन दोषियों को दंडित कराया गया है। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवकता नरेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि 10 मई 2013 को आरोपी जयपाल पुत्र रामकिशन, बिट्टू पुत्र जयपाल व दीपक पुत्र जयपाल निवासी बिच्छूपुरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ द्वारा वादी के भाई व पिता के साथ मारपीट कर घायल करने की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना धौलाना पर मुकदमा दर्ज किया गया था तथा 24 मई 2013 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। सोमवार को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम हापुड़ द्वारा तीन वर्ष का कठोर कारावास व 6,500- 6,500 रुपये कुल 19,500 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# चोर समझ युवक से मारपीट करने में संलिप्त दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने गांव बनखण्डा में चोर समझकर युवक के साथ मारपीट करने की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

गौरतलब है कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बनखण्डा में चोर होने के शक में भीड़ ने एक युवक को बेरहमी से पीट दिया था। यह घटना तब हुई जब एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा था, जिसके बाद कुछ लोगों ने उसे रोका। देखते ही देखते वहाँ सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई और युवक को लात-घूंसों और डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान किसी ने घटना का वीडियो भी बना लिया। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह युवक को भीड़ से छुड़ाकर थाने पहुंचाया। बाबूगढ़ पुलिस ने चोर समझ कर युवक के साथ मारपीट करने के मामले में एक नामजद समेत करीब 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था और पुलिस हमलावरो की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को पुलिस ने घटना में संलिप्त दो आरोपी दीपक पुत्र यशवीर निवासी रसूलपुर थाना बाबूगढ जनपद हापुड़ और रिंकू उर्फ विश्वेन्द्र पुत्र सुरेशपाल सिंह निवासी रसूलपुर थाना बाबूगढ जनपद हापड को गांव रसूलपुर से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दी रही है। जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कार के अंदर मिली दो लोगों की लाश

## गाड़ी लॉक थी, एसी ऑन था, दम घुटने से मौत की आशंका





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में कार के अंदर 2 लाशें मिलीं। एक की बॉडी अगली और दूसरे की पिछली सीट पर पड़ी थी। वहां से गुजर रहे लोगों ने कार में 2 लोगों को देखा। उनमें कोई हलचल नहीं हो रही थी। आवाज देने पर भी कोई रिस्पांस नहीं आया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

थाना सेक्टर-58 पुलिस मौके पर पहुंची। लॉक तोड़कर दोनों शवों को कार से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने जब गाड़ी का दरवाजा खोला, तब कार का ।ब ऑन था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने अधिक शराब पी ली थी। तभी दरवाजा सेंट्रल लॉक हो गया और वह खोल नहीं पाए। दम घुटने से उन्होंने अंदर ही दम तोड़ दिया। उनके शरीर पर किसी प्रकार के निशान नहीं मिले हैं। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की है। रात से कार एक ही स्थान पर खड़ी थी। सोमवार दोपहर को घटना का पता चला। दोनों पड़ोसी हैं। घटना खोड़ा गांव के पास की है।

एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया- दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास सूचना मिली कि कॉर्ल हूबर स्कूल ग्राम खोड़ा के सामने रोड पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजी के पास एक कार खड़ी है। जिसमें दो व्यक्ति दिख रहे हैं। कार अंदर से लॉक है।इनकी पहचान सचिन (27) पुत्र रामगोपाल शर्मा निवासी प्रेम विहार खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद, लक्ष्मी शंकर (50) पुत्र तुकी राम निवासी खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद के रूप में हुई है। दोनों का घर अगल-बगल था। परिजनों को जानकारी दी गई है। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे।

### बेसमेंट में पानी भरने से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अजनारा होम्स सोसाइटी के बेसमेंट में पानी भरने के कारण लोग परेशान हैं। आरोप है कि बरसात के बाद से बेसमेंट से पूरी तरह पानी नहीं निकला है। इसकी शिकायत बिल्डर प्रबंधन से की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सोसाइटी में रहने वाले सुल्तान सिंह ने बताया कि परिसर में हजार परिवार रहते हैं। तीन दिन पहले बरसात के कारण सोसाइटी के बेसमेंट में जल भरा हो गया था। इसमें लोगों की गाड़ी पानी में फंस गई थी। बेसमेंट में पानी भरा अब तक पूरी तरह नहीं निकला है। मांग करने के बावजूद बिल्डर प्रबंधन कोई ध्यान नहीं दे रहा।

पानी भरने के कारण लोग वाहनों तक नहीं पहुंच पा रहे। बेसमेंट की लिफ्ट का इस्तेमाल करने में भी दिक्कत हो रही है। संक्रमित बीमारियां फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

# 35 किग्रा दूषित खोया कराया नष्ट, 328 लीटर ऑयल सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रक्षा बंधन करीब आते ही खाद्य विभाग की टीम ने मिलावट के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। पहले दिन विभाग की टीमों ने अलग-अलग जगह कार्रवाई कर करीब 328 लीटर मिलावटी राइस ब्रान ऑयल व रिफाइंड सोयाबीन ऑयल जब्त किया। इसके साथ ही औद्योगिक सेक्टर साइट-सी में करीब 35 किलो दूषित खोया को नष्ट कराया गया है और करीब 15 किलो मुनक्का भी जब्त कर लिया गया। विभाग की तीनों टीमों ने अलग-अलग जगह से खाद्य पदार्थों के 14 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सर्वेश मिश्रा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह, विशाल कुमार गुप्ता और अमर बहादुर सरोज की टीम ने चिटहेरा दादरी स्थित सुंदर ट्रेडिंग से रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल का नमूना लिया है। प्राथमिक जांच में करीब 150 लीटर राइस ब्रान ऑयल मिलावटी पाए जाने पर जब्त किया गया। टीम ने बिसरख स्थित बीकानेरी स्वीट से लड्डू का एक नमूना लिया है।

वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, रविंद्र नाथ वर्मा और मालती की टीम ने कुलेसरा स्थित मुस्कान ट्रेडर्स से मुनक्का और रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का एक-एक नमूना लिया है। यहां मुनक्का के पैकेट व रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के टिन पर बैच नंबर व एक्सपायरी डेट नहीं होने पर लगभग 15 किग्रा मुनक्का और 178 किग्रा रिफाइंड सोयाबीन ऑयल सीज किया गया है।

वहीं साइट-सी स्थित नमस्कार स्वीट की निर्माणशाला से दूध, छेना व खोया का एक-एक नमूना लिया गया है। यहां करीब 35 किग्रा दूषित खोया नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार पांडेय, ओपी सिंह व विजय बहादुर पटेल की टीम ने सेक्टर-52 नोएडा स्थित श्री बीकानेर स्वीट्स से घेवर, सेक्टर-31 स्थित ओम स्वीट, सेक्टर-31 नोएडा निठारी स्थित अग्रवाल स्वीट और सेक्टर-44 स्थित बीकानेर मलाईवाला से घेवर का एक-एक नमूना लिया है। वहीं सेक्टर-43 नोएडा स्थित हल्दीराम के रेस्टोरेंट से कॉटन सीड ऑयल व यूज्ड कुकिंग ऑयल का एक-एक नमूना लिया है। सभी 14 नमूनों को जांच के लिए भेजे गए हैं।

### भूजल दोहन के विरोध में धरना

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में भूजल दोहन के विरोध में चल रहा धरना सोमवार को भी जारी रहा। इस दौरान भूगर्भ जल प्रबंधन विभाग के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेबीएम यूनिवर्सिटी द्वारा लगातार जल दोहन की शिकायत की जांच की।

अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यूनिवर्सिटी को बोरिंग करके भूजल स्तर का दोहन करने की अनुमति नहीं दी गई है। केवल बेसमेंट के पानी को निकालने की अनुमति 9 शर्तों के साथ दी गई है। मौके पर जांच के बाद अधिकारी ने पाया कि वास्तव में जल के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग इस मामले में उचित कार्रवाई करेगा।

# सावन के आखिरी सोमवार पर बोल बम के जयकारों से गूंजे शिवालय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सावन महीने के अंतिम सोमवार को शिव भक्तों ने शिवालयों में शिवलिंग का जलाभिषेक किया। सुबह चार बजे ही मंदिरों के कपाट खोल दिए गए है। इसके बाद से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। श्रद्धालु बेल पत्र, धतूरा, भांग, दूध, दही, घी, शहद से अभिषेक कर रहे है।

इस दौरान मंदिरों भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। साथ कई मंदि. रों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

सावन माह के अंतिम सोमवार को शिव भक्त जलाभिषेक करने के लिए सुबह चार बजे से ही मंदि. रों में पहुंचने लगे। सर्फाबाद स्थित प्राचीन शिव मंदिर, सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-20 स्थित हनुमान मंदिर, सेक्टर-100 स्थित वोडा महादेव मंदिर, सेक्टर-82 शिव मंदिर, चौड़ा गांव दुर्गा मंदिर, सेक्टर-12 नर्मदेश्वर मंदिर में शिव भक्तों ने भगवान शिव के जलाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगी। मंदिर प्रशासन ने शिव भक्तों की भीड़ को देखते हुए, कतार में लगवाकर जलाभिषेक कराया। कई मंदिरों में सामूहिक अनुष्ठान भी कराया गया।

**मंदिरों के बाहर दुकान व पुलिस बल:** मंदिरों के बाहर ही पूजा के सामान की दुकान लगाई गई। जिससे श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो। इसके अलावा मंदिर परिसर और बाहर दोनों स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। संदिग्ध पर नजर रखी जा रही है। सनातन धर्म मंदिर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

इसके अलावा सेक्टर-20 मंदिर में बाहर लाइन लगवाकर श्रद्धालुओं को अंदर प्रवेश दिया जा रहा है।

## एक नजर

### गोल चक्कर से अट्टा पीर तक रोड होगा री-डिजाइन

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने सोमवार को डीएससी रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामने आया कि सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन के पास रजनीगंधा चौराहे की तरफ सड़क किनारे पानी भरा हुआ है। यहां पर सर्विस रोड ऊंची और मुख्य सड़क नीची है। इसके आगे सीईओ ने देखा कि फुटपाथ काफी कम हिस्से में बने हैं। जिस जगह बने हैं वह भी टूटी-फूट हालत में हैं। इसी तरह रजनीगंधा चौराहे से गोलचक्कर की तरफ जाते समय सेक्टर-16 कार बाजार वाले कट पर भी यातायात प्रभावित हो रहा था।

**जेपी गोलचक्कर का आकार होगा छोटा:** सीईओ ने सेक्टर-98 स्काई मार्क के पास स्थित सेक्टर-104 हाजीपुर लालबत्ती, लालबत्ती से लगे अंडरपास के अलावा सेक्टर-128 जेपी गोलचक्कर का भी निरीक्षण किया। इस हिस्से को री-डिजाइन करने के निर्देश सीईओ ने दिए। यहां पर सुबह-शाम लंबे जाम में वाहन चालक फंसते हैं। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि जेपी गोलचक्कर का आकार छोटा किया जाएगा।

### यीडा ने उद्योग लगाने के लिए नोटिस भेजा

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने औद्योगिक सेक्टरों में उद्योग लगाने के लिए आवंटियों को नोटिस जारी किए हैं। प्राधिकरण की सख्ती से उद्यमियों में नाराजगी है। आरोप है कि सेक्टरों में सड़कें, बिजली और पानी समेत अन्य मूलभूत सुविधा नहीं है। इससे निर्माण कार्य शुरू कराना मुश्किल है। यमुना एक्सप्रेसवे उद्यमी संघ के अध्यक्ष रिषभ निगम ने बताया कि सेक्टर-32 और 33 में पहली औद्योगिक भूखंड योजना वर्ष 2013 में आई थी। 12 वर्ष बाद भी करीब 115 आवंटियों को अब तक उनके भूखंड नहीं मिल सके।

सेक्टर की संपूर्ण भूमि का अधिग्रहण नहीं हो सका। सेक्टरों में 75 मीटर और 30 मीटर दोनों ही सड़कें अधूरी हैं। जगह जगह बारिश का पानी भरा होने के कारण प्लॉट और सड़क में अंतर समझना तक मुश्किल हो रहा है। दोनों सेक्टरों में सीवरेज सिस्टम, ड्रेनेज सिस्टम, जल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति प्रणाली भी पूरी नहीं है। सेक्टर-33 की मुख्य प्रवेश सड़क (सेक्टर-32 के पावर सब-स्टेशन के सामने 75 मीटर रोड से) जो कि औद्योगिक सेक्टर-33 का मुख्य प्रवेश द्वार है, अब तक निर्मित नहीं है। लीजडीड का निष्पादन तक नहीं किया गया है। सेक्टरों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में उद्यमियों के सामने सेक्टरों में फैक्टरी का निर्माण करना मुमकिन नहीं है। निर्माण सामग्री के ट्रक भूखंड तक नहीं पहुंच सकते हैं। जिन लोगों ने अब तक कंपनी तैयार कर ली है, उन्हें संचालन के लिए जनरेटर का प्रयोग करना पड़ रहा है। इससे उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। उन्होंने मामले में सीईओ आरके सिंह से भी बातचीत की। सीईओ ने कहा कि उद्यमी मौके पर निर्माण कार्य नहीं करना चाहते। जहां सड़कें और बिजली का काम पूरा हो गया है, वहां पर भी अब तक फैक्टरी बनाने का काम शुरू नहीं किया गया।

### बिजली चोरी रोकने गई टीम पर हमला

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के चीती गांव में बिजली चोरी रोकने गई टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। सोमवार को हुई इस घटना में जूनियर इंजीनियर (जेई) समेत तीन कर्मचारी घायल हुए हैं। सभी घायलों का पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मंडी श्याम नगर बिजली घर पर तैनात उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (न्च्च्ब्स) के जेई संदीप कुमार ने बताया कि चीती गांव में काफी दिनों से बिजली चोरी की सूचना मिल रही थी। इसी जानकारी के आधार पर वह अपनी टीम के साथ सोमवार दोपहर गांव के जंगल में पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति अपनी ट्यूबवेल पर कटिया डालकर बिजली चोरी कर रहा था। जब टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने अन्य चार ग्रामीणों के साथ मिलकर टीम पर हमला कर दिया।हमले में जेई समेत तीन कर्मचारी घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। बाद में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में जेई संदीप कुमार ने सोमवार शाम को दनकौर कोतवाली पहुंचकर तीन नामजद समेत पांच आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस ने कहा है कि शिकायत के आधार पर जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचला, मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शाहबेरी के समीप अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दिल्ली के अस्पताल में इलाज के दौरान युवक में दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक यूसुफपुर चक शाहबेरी में रहने वाले जोवेल दास ने पुलिस से शिकायत कि उनके भांजे बबलू कुमार को गुरुवार की रात शाहबेरी के समीप सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल बबलू को पहले नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया इसके बाद उसे दिल्ली सफदरजंग रेफर किया गया।

वहां रविवार की रात इलाज के दौरान बबलू की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अज्ञात वाहन का पता लगाकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### महिला ने दर्ज कराया मुकदमा

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर- 63 में एक महिला मीडिया कर्मी ने एक चैनल के चेयरमैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि उन्होंने उसके साथ गलत तरीके से बात की तथा थप्पड़ मारने की धमकी दी। महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना सेक्टर- 63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि शिवानी शर्मा नामक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर- 63 स्थित न्यूज इंडिया 24/7 नोएडा के ऑफिस में रि-ज्वाइनिंग करने के लिए 2 अगस्त को गई थी। पीड़िता के अनुसार उसने प्रसव के लिए 6 माह की छुट्टी ले रखी थी।

# 38 स्थानों पर बनेंगे मॉडल ट्रैफिक बूथ

## प्रत्येक पर खर्च होंगे 1.5 लाख, सड़क पर लोगों को नहीं मिलेगा जाम, हुआ प्रजेंटेशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में ट्रैफिक स्मूद करने के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत नोएडा प्राधिकरण 38 स्थानों पर मॉडल ट्रैफिक बूथ का निर्माण करने जा रहा है। इसका एक प्रजेंटेशन नोएडा प्राधिकरण में कंपनी ने किया। जिसके बाद डिजाइन को फाइनल किया गया।

ये सभी बूथ नोएडा में उन स्थानों पर बनाए जाएंगे जहां ट्रैफिक लोड ज्यादा रहता है। जिससे यातायात को जाम मुक्त किया जा सके। बता दे नोएडा में दिल्ली व अन्य जिलो से रोजाना लाखों वाहनों का अप डाउन होता है।

प्राधिकरण के जीएम एसपी सिंह ने बताया कि बूथ डिजाइन के लिए आज एरॉन स्पेस डिजाइन कंपनी की ओर से प्रजेंटेशन किया गया है। जिसका डिजाइन लगभग फाइनल किया जा रहा है। जल्द ही टेंडर जारी करे इन ट्रैफिक बूथ का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। ट्रैफिक बूथ का निर्माण एक स्थान पर होगा इसके बाद चिह्नित किए गए 38 स्थानों पर इनको लगा दिया जाएगा। वहीं डीसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव ने बताया कि विभाग की ओर से 38 स्थानों को चिह्नित करके प्राधिकरण को बता दिया गया है। अब आगे की प्रक्रिया जारी है।

**नहीं लगेगा ट्रैफिक जाम:** बता दे नोएडा में पीक आवर में हैवी ट्रैफिक रहता है। कभी कभार यहां बारिश या अन्य वजह जिसमें वाहन दुर्घटना के चलते जाम की स्थित बन जाती है। इसके अलावा डार्क पाइंट जहां बूथ नहीं है लेकिन ट्रैफिक फ्लो ज्यादा है।

इन सभी स्थानों पर बूथ को रखा जाएगा। इनके निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि प्रत्येक बूथ के निर्माण में करीब 1.5 लाख का खर्चा आएगा। ऐसे में 56 लाख के आसपास का बजट तैयार किया गया है। जिससे ट्रैफिक बूथ बनेंगे।

# पुलिस की गोली से बदमाश घायल, दो गिरफ्तार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 पुलिस पिलर नंबर-94 के पास चेर्. कंग कर रही थी। एनटीपीसी की तरफ से एक ट्रैक्टर पर सवार 02 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। ट्रैक्टर सवार व्यक्तियों ने पुलिस टीम को चेकिंग करता देखा। ट्रैक्टर को अचानक से मोड़कर सर्विस रोड पर भगाने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने 400 मीटर तक पीछा किया। ट्रैक्टर को रोकने के लिए कई बार वॉर्निंग दी।

ट्रैक्टर सवार व्यक्तियों ने अपने को घिरता देखा तो सेक्टर-54 के जंगल की तरफ ट्रैक्टर छोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। उन्होंने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी फायर में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। इसकी पहचान वीरेन्द्र कश्यप उर्फ बिंदु पुत्र गोकरन निवासी त्रिलोकपुरी, दिल्ली हुई है। इसकी उम्र करीब 34 सरल है। इसके कब्जे से 01 तमंचा बरामद किया गया। ट्रैक्टर सवार दूसरे बदमाश को पुलिस टीम ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया।

**मोदी मॉल के पीछे से चुराया था ट्रैक्टर:** इसकी पहचान जसवंत सिंह पुत्र गुलजार सिंह निवासी शाहजहांपुर हुई। इसकी उम्र करीब 55 साल के रूप में हुई है। इसके कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद किया गया है। इनके कब्जे से चोरी का एक ट्रैक्टर आयशर कंपनी रजिनं- यूपी16सीएल7875 ट्रॉली के साथ बरामद किया गया है। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। बरामद किया गया ट्रैक्टर मोदी मॉल के पीछे से चोरी किया गया था।

**जेल जा चुके है, वहीं सीखे चोरी के तरीके:** पूछताछ के दौरान बदमाश वीरेंद्र कश्यप ने बताया कि वो नशे का आदी है। साल 2016 में चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। जेल में रहकर अन्य बदमाशों के संपर्क में आकर चोरी के नए-नए तरीके सीखने लगा। जसवंत सिंह भी नशे का आदी है। वीरेंद्र कश्यप के संपर्क में आकर चोरी करने लगा। दोनों ने नोएडा, दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में घूम फिरकर पार्किंग व सुनसान जगहों पर खड़े वाहनों की रेकी कर लॉक खोल कर चोरी कर ले जाते है। ये लोग बंद पड़े घरों में ताला लगा देखकर रेकी कर घरों से कीमती सामान चोरी कर लेते थे।

# प्रजापति एकता सभा के मीडिया प्रभारी का मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बुलंदशहर में राष्ट्रीय प्रजापति एकता सभा के मीडिया प्रभारी नरेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद बवाल मच गया। परिजनों ने बिसरख थाने के बाहर शव रखकर जोरदार प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

नरेश मूल रूप से बिसरख थाना क्षेत्र के रोजा जलालपुर गांव के निवासी थे। शनिवार को वह किसी जरूरी काम से बुलंदशहर के नरस. ेना थाना क्षेत्र के शिवाली गांव गए थे। वहां वे प्रजापति समाज के किसी व्यक्ति से मिलने पहुंचे थे, लेकिन रात में अचानक उनका फोन स्विच ऑफ हो गया।

रातभर परिजनों ने हर संभव जगह उन्हें ढूंढने की कोशिश की, लेकिन रविवार सुबह नरेश का शव शिवाली में एक संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। परिजनों ने तत्काल नरसेना पुलिस से संपर्क किया, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने शुरुआत में उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और हत्या की थ्प्त् दर्ज करने से इनकार कर दिया। इसके विरोध में सोमवार को परिजन नरेश का शव लेकर बिसरख थाने पहुंच गए। उन्होंने थाने के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

बिसरख पुलिस और उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे और परि. जनों से बातचीत की। तहरीर लेने के बाद हत्या की एफआईआर दर्ज की गई, तब जाकर मामला शांत हुआ। इसके बाद परिजन शव लेकर वापस गांव चले गए।

# बस में घुसकर परिचालक पर लोहे की रॉड से किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में सीएनजी पंप कासना के सामने तीन युवकों ने एक निजी बस के अंदर घुसकर परिचालक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने लोहे की रॉड से परिचालक को जमकर पीटा और मरा समझकर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घायल को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। अब पीड़ित के बेटे ने तीन आरो. पियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

बुलंदशहर के करीमनगर निवासी आकाश कुमार ने मामला दर्ज कराकर आरोप लगाया है कि उसके पिता सतीश कुमार एक निजी बस पर परिचालक हैं। सात जुलाई की रात वो कासना स्थित सीएनजी पंप के पास बस लगाकर उसमें सो रहे थे। आरोप है कि देर रात करीब 12:40 बजे तीन युवक बस में घुस आए और सोते समय रॉड से हमला कर दिया। हमले में उनको गहरी चोटें आई हैं। आसपास के लोगों ने उनको बस से उतरते हुए देख लिया। लोगों ने उसके पिता को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। उनके पैर और हाथ की हड्डी कई जगह से टूट गई है। पीड़ित के बेटे ने बुलंदशहर के बरवंतपुर गुलावठी निवासी परिक्षित व दीपक और एक अज्ञात के खिलाफ बीटा-2 कोतवाली में शिकायत दी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि अभी हमले का कारण नहीं पता चल सका है। आरोपी भी अन्य बसों के चालक व परिचालक है।

# लोगों ने भू-उपयोग के परिवर्तन की मांग उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सिटीजन फोरम की ओर से सेक्टर-121 में सोमवार को जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विधायक पंकज सिंह के सामने सेक्टर 123 में भू-उपयोग के परिवर्तन की मांग उठाई गई। जनसंवाद में लोगों ने कहा कि प्राधिकरण कई स्थानों पर कूड़ा डंप कर रहा है, जो प्रदूषण का भी कारण बन रहा है। सेक्टर-123 में भी प्राधिकरण कूड़ा निस्तारण प्लांट लगाना चाहता है। यहां आस-पास में बड़ी आबादी रहती है। उन्होंने यहां पर कूड़ा निस्तारण प्लांट स्थापित न करने की मांग की। इस दौरान गरिमा त्रिपाठी, रश्मि द्विवेदी, होम्स 121 सोसायटी के अध्यक्ष चक्रधर मिश्रा, दिनेश सिंह आदि उपस्थित थे।

इसके अलावा नोएडा विधायक पंकज सिंह ने ग्रैंड अजनारा हेरिटेज सेक्टर 74, आम्रपाली सिलिकॉन सिटी सेक्टर 76, आम्रपाली प्रिंसली इस्टेट सेक्टर 76, सेठी मैक्स रोयल सेक्टर 76, क्लियो काउंटी सेक्टर 121, अजनारा होम्स सेक्टर 121, प्रतीक लोरेल सेक्टर 120, एवं गौर ग्रैन्डयोर सेक्टर 119 में भी जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनीं। प्राधिकरण के अधिकारियों को इन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। पंकज सिंह ने प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा कि समस्या के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

# आयुर्योग और एल्डरकेयर इंडिया एक्सपो का समापन

## केंद्रीय मंत्री अठावले ने आयुर्वेद और योग को जीवन का अभिन्न अंग बताया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में श्वेलफेस्ट इंडिया 2025श के तहत आयोजित आयुर्योग एक्सपो और एल्डरकेयर इंडिया एक्सपो का समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले थे। कार्यक्रम में इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड के सीईओ सुदीप सरकार उपस्थित थे।

आयुर्योग एक्सपो की आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. नितिन अग्रवाल भी मौजूद रहे। अभिनेता गगन मलिक और एक्सपो मार्ट एग्जिबिटर एसोसिएशन के सचिव प्रिंस मलिक ने भी कार्यक्रम में शिर. कत की। अपने संबोधन में मंत्री अठावले ने कहा कि आयुर्वेद और योग से लोगों का जीवन सफल और आनंदमय बनता है। उन्होंने बताया कि मेडिटेशन की परंपरा हमारे देश में ढाई हजार वर्षों से चली आ रही है। यह हमारे जीवन का अभिन्न अंग है।

मंत्री ने सभी से अपील की कि वे अपने जीवन को सफल बनाने के लिए आयुर्वेद का उपयोग करें। साथ ही उन्होंने नियमित रूप से योग करने पर जोर दिया। अठावले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे कार्यों की सराहना की।अठावले ने बताया कि उनका मंत्रालय वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

वे हर संभव तरीके से लोगों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मंत्रालय भविष्य में भी लोगों के सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। इस एक्सपो ने स्वास्थ्य, कल्याण और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। समापन समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने आयुर्वेद और योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह आयोजन आयुर्वेद, योग और बुजुर्गों की देखभाल के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# प्रत्येक संगठन को तकनीकी व बैंकिंग स्तर पर पूरा सहयोग दिया जाए:डीएम

## एफपीओ की समीक्षा बैठक कर डीएम ने दिए तकनीकी व वित्तीय सहयोग तेज करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को कृषि उत्पादक संगठनों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जनपद बागपत में कुल 20 एफपीओ (कृषि उत्पादक संगठन) गठित किए गए हैं, जिनमें से 17 संगठन सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। ये संगठन दूध, सब्जी, गन्ना, गुड़ जैसे कृषि उत्पादों के उत्पादन, मूल्यवर्धन और विपणन से जुड़े कार्यों में संलग्न हैं।





जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि एफपीओ किसानों को बाजार से जोड़ने तथा प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एफपीओ की प्रगति की मासिक बैठक के माध्यम से नियमित निगरानी की जाए और प्रत्येक संगठन को तकनीकी एवं बैंकिंग स्तर पर पूरा सहयोग दिया जाए। जिलाधिकारी ने नाबार्ड को एफपीओ के हैंडहोल्डिंग एवं क्लस्टर आधारित सहयोग की दिशा में तेजी लाने को कहा।

इस दौरान दृषि विभाग, बैंकिंग क्षेत्र, नाबार्ड तथा कृषि उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह योजना केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों को संगठित कर उन्हें सामूहिक रूप से कृषि उत्पादन, भंडारण, मूल्य संवर्धन, विपणन एवं वित्तीय संसाधनों से जोड़ना है।

एफपीओ एक पंजीकृत संस्था होती है, जिसमें समान कृषि गति. विधियों से जुड़े किसान सदस्य होते हैं। इससे किसानों की बाजार तक पहुंच सशक्त होती है, लागत घटती है और उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित होता है। सरकार एवं नाबार्ड द्वारा ऐसे संगठनों को तकनीकी मार्गदर्शन, ऋण सुविधा, स्टार्टअप अनुदान, प्रशिक्षण और विपणन सहयोग प्रदान किया जाता है, ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, कृषि उपनिद. ेशक, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव, लीड बैंक मैनेजर अभय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी निधि सिंह सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरों ने की पाठशाला चौकी के समीप किराना स्टोर से लाखों की चोरी

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के पाठशाला चौकी के समीप सांकरौद रोड पर एक किराना स्टोर से लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। किराना स्टोर संचालक हरेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार की शाम को रोजाना की तरह दुकान बंद कर वह अपने घर चले गए थे।



सोमवार सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो देखा कि दुकान की छत काटकर चोरी की गई है। दुकान का सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। हरेंद्र के अनुसार चोरों ने 7 हजार रुपए नकद और करीब 2.5 लाख रुपए का सामान चोरी किया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस से घटना के खुलासे की मांग की है। पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक कार भी दिखाई दे रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे हर बिंदु पर गहनता से जांच कर रहे हैं और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। पीड़ित हरेंद्र ने जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और अपना सामान वापस पाने की उम्मीद जताई है।

# तालाब ओवरफ्लो होने के कारण रास्ते में भरा पानी, धान लगाकर ग्रामीणों ने किया अनोखा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** डगरपुर गांव मे तालाब ओवरफ्लो होने के चलते रास्तो गलियों में पानी भर गया है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने रास्ते में भरा पानी में धान की पौध लगाकर अनोखा प्रर्दशन किया और उच्च अधिकारियों से समस्या के समाधान कराने की मांग की है।

डगरपुर गांव में पिछले काफी समय से तालाब का पानी ओव. रफ्लो होने के कारण उसका दूषित पानी गांव की गलियों रास्तो और घरो मे भरा हुआ है जिससे गांव के लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोगो को दूषित पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है जिससे ग्रामीण परेशान है। वही बुखार जैसी बीमारी गांव में बढ़ती जा रही है जिससे लेकर गांव के लोगो ने विरोध करने के लिए इकट्ठा होकर गलियों में भरे पानी में धान की पौध लगाकर विरोध प्रर्दशन किया और उच्च अधिका. रियों से समस्या का समाधान कराने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में राधे, कुणाल, अशोक, गजराज, बबलू, प्रवीन, मनीष, रोहित, महिपाल, सन्नी आदि मौजूद रहे।

# पुरा महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने आए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में श्रावण मास के चौथे सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए तड़के से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। भक्त 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक और पूजा-अर्चना करते नजर आए।

इस अवसर पर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग स्थल और महिला सुरक्षा जैसे विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को जिले भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचते हैं।



इसलिए सुरक्षा और सुविधा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सुरक्षा बलों की टीमों को अलग-अलग पॉइंट्स पर तैनात किया गया है। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि मंदिर परिसर और आसपास के संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। एसडीएम बड़ौत भावना सिंह ने बताया कि महिला श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत महिला पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की गई है। प्राथमिक चिकित्सा और एंबुलेंस की व्यवस्था भी मौके पर उपलब्ध रही, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान की जा सके। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, नगर पंचायत और स्वच्छता कर्मी भी अपनी जिम्मेदारी निभाते नजर आए। मौके पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) पंकज वर्मा, एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## एक नजर

# अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण जिला शाखा बागपत की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में सोमवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण जिला शाखा बागपत की एक बैठक दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे रोड सोमदत्त जांगिड़ के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में विश्वकर्मा धर्मशाला कैनल रोड पर प्रथम तल पर एक बड़ा हाल निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया तथा 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती पर यज्ञ हवन एवं भंडारा करने का निर्णय लिया गया। नगर की विश्वकर्मा समाज की जनगणना का कार्य पूर्ण हो चुका है जो समाज के 10 कार्यकर्ताओं ने पूरा किया है। बैठक में नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद राकेश विश्वकर्मा ने राजनीति में समाज की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया गया। इस मौके पर युवा विश्वकर्मा समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि विश्वकर्मा समाज गांव गांव जाकर समाज को जागरूक करने का काम करेगा। समाज में पहली बुराइयों को भी दूर किया जाएगा। एक जुट होकर कार्य करने पर सभी को संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में सत्य प्रकाश जांगिड़ रमेश शर्मा राजेंद्र जांगिड़ राजेश जांगिड़ जयकुमार जांगिड़ विकास उर्फ जोली देशपाल जांगिड़ ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किया।

# यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से किसान हुए चिंतित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के शबगा जागौश गांव के यमुना नदी पर कटान शुरू हो गया है। यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। नदी के अंदर किसानों की फसल डूबनी शुरू हो गई है। किसान फसल को काटने में लगे हुए हैं। वे जलस्तर बढ़ने से चिंतित हैं। अभी पानी और छोड़े जाने की उम्मीद है। पहाड़ों पर हो रही बारिश के कारण हथिनीकुंड बैराज में अधिक पानी आ गया है। इसके बाद यमुना नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। पिछले तीन दिन से हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 40 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। शनिवार को छोड़ा गया 21 हजार क्यूसेक पानी यमुना नदी में पहुंच गया है और रविवार को छोड़ा गया 19 हजार क्यूसेक पानी सोमवार तक यमुना नदी में पहुंच गया। सोमवार को भी यमुना नदी में 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जो मंगलवार तक यमुना नदी में प्रवेश कर जाएगा लगातार यमुना नदी में पानी छोड़ा जा रहा है जो खादर क्षेत्र में लगातार फैलता जा रहा है। इससे यमुना के खादर क्षेत्र में पर पानी ही पानी हो गया है। यमुना नदी के किनारे खादर क्षेत्र में खड़ी हुई गन्ने व फुलो खेती ज्वार व लोकी करेला हरी मिर्च धनिया टमाटर पोदीना बैंगन गैंदा फुल आदि सब्जी की फसल डूबनी शुरू हो गई है। जलस्तर बढ़ने से निकटवर्ती गांवों में कटान शुरू हो गया है। इससे टांडा, कुर्डी, नांगल, जागौस, बदरखा, ककौर कला, कोताना, खेड़ी प्रधान आदि गांवों के किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। किसानों ने बताया कि यमुना नदी में फसल डूबने से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।



# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर मछली से भरा ट्रक पलटा, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** राजस्थान से बंगाल जा रहा मछली से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर लहचौड़ा के समीप पलट गया जिसमे चालक और परिच. ालक घायल हो गये।





कन्नौज के गुंडवा बुजुर्ग निवासी अकील पुत्र शकील ट्रक चालक है। वह परिच. ालक कानपुर के जजारी निवासी अय्याज पुत्र आकिल के साथ राजस्थान के चूरू से ट्रक में मछली भरकर बंगाल जा रहा था जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर लहचौड़ा के समीप एक वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रक कनेंटर सहित अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे चालक और परिचालक केबिन में दब गये। राहगीरों की साहयता से उन्हें घायल अवस्था में बाहर निकाला जिसके चलते एक्सप्रेस-वें पर जाम की स्थिति बन गया। वह घायलो में निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया। इसके अलावा क्रेन मगाकर ट्रक को सीधा किया गया।

# ई-रिक्शा चालक ने खिलौना पिस्तौल से की बदमाशों जैसी हरकतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली थाना क्षेत्र में एक ई-रिक्शा चालक को खिलौना पिस्तौल दिखाकर बदमाशों जैसी हरकतें करने के आरोप में पुलिस ने हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई उसके द्वारा बनाए गए वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद की गई। दरकावदा गांव के रहने वाले ई-रिक्शा चालक ने खुद ही ये वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। इस वीडियो में वह एक मकान के गेट पर पहुंचकर हाथ में खिलौना पिस्तौल लहराता हुआ दिख रहा था। उसकी यह हरकत बदमाशों जैसी लग रही थी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस का मानना है कि इस प्रकार के वीडियो से क्षेत्र में डर का माहौल बन सकता था। बिनौली थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर शर्मा ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की है।

# अधिवक्ताओं ने की हाई कोर्ट बैंच की स्थापना की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में सोमवार को बार एसोसिएशन एवं रेवेन्यू बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अधिवक्ताओं ने एक जुट होकर आवाज दो हम एक हैं। अभी तो यह अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है के नारों के साथ धरना प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम भावना सिंह को सौपा गया। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बैंच की स्थापना किए जाने की मांग की। अधिवक्ताओं ने केंद्रीय संग्रह समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश के आहवान पर प्रदर्शन करते हुए तहसील परिसर में नारेबाजी की। अधिवक्ताओं का कहना है कि पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता को अपना न्याय पाने के लिए 700 किलोमीटर दूरी पर जाना पड़ता है। तीन-चार दिन तक अपना न्याय पाने के लिए चक्कर काटने पड़ते हैं। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना नहीं होगी तब तक हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर अध्यक्ष सत्यपाल मान, पूर्व अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, भूप्रकाश एडवोकेट, मदन लाल तेजान वीरेंद्र सिंह चौहान, पूर्व अध्यक्ष वेदपाल पावर, प्रदीप कुमार, आनंदपाल आदि मौजूद रहे।



# नैथला की अस्थाई गौशाला में चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम पंचायत नैथला में स्थित गौशाला में अधिकारियों ने सफाई अभियान चलाते हुए वहां की साफ-सफाई कराई।

सोमवार को खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में नैथला की अस्थाई गौशाला में लगे गोबर के घेरे का निस्तारण किया गया और वहां पर साफ सफाई कराई गई। ग्राम पंचायत सचिव संदीप कुमार ने बताया कि गौशाला की सफाई के लिए तीन-चार सफाई कर्मियों को लगाया गया था जिससे वहां की ठीक प्रकार से साफ सफाई हो सके। उन्होंने बताया कि गौशाला की साफ सफाई का निरंतर ध्यान रखा जाएगा। पशुओं के चारे की उचित व्यवस्था कराई गई है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी भंवर सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुधीर तोमर ग्राम पंचायत सचिव संदीप कुमार नैथला ग्राम पंचायत प्रधान पति पिंकेश त्यागी आदि मौजूद रहे।



# बैंक अधिकारी अपनी योजनाओं की स्पष्ट और सरल जानकारी एफपीओ तक पहुंचाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उन्होंने विशेष रूप से बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी योजनाओं की स्पष्ट और सरल जानकारी एफपीओ तक पहुँचाएँ। बैंकिंग सहायता में देरी न हो, इसके लिए चेकलिस्ट तैयार कर समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। बैठक में नाबार्ड अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे एफपीओ के साथ समन्वय बनाए रखें और उन्हें संस्थागत क्रेडिट, प्रशिक्षण, स्टार्टअप मॉडल एवं ब्रांडिंग जैसे पहलुओं पर सहयोग दें।

# मंदिर में जो वस्त्र हम चढ़ाते हैं वह हमेशा शुद्ध कपड़ों में चढ़ाना चाहिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा नगर के अतिथि भवन में चल रहे 16 दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान में 11 दिन विधि विधान के साथ शांतिनाथ भगवान की पूजा अर्चना की गई।

आज सोधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य णमोकार महामंत्र समिति को मिला आचार्य श्री 108 नयन सागर मुनिराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर में जो वस्त्र हम चढ़ाते हैं। वह हमेशा शुद्ध कपड़ों में चढ़ाना चाहिए। अशुद्ध कपड़ों में चढ़सने से ए विनय होती है। भक्तांबर की साधना करनी चाहिए। उसको पढ़ने से दुष्ट कर्मों का विनाश होता है जब भी धर्म करो मन को स्थिर करके करना चाहिए। क्योंकि तेज गति से किए गए धर्म से पुण्य कम पाप ज्यादा मिलता है क्योंकि इसमें अशुद्ध की संभावना ज्यादा होती है। मल्लिनाथ भगवान की जयमाला साक्षात आगम है। दिगंबर जैन समाज समिति की एक बैठक अतिथि भवन कार्यालय में हुई जिसमें आगामी रथ यात्रा महोत्सव के लिए पुनीत जैन इंश्योरेंस वालों को सर्वसम्मति से मुख्य संयोजक नियुक्त किया गया। आज की धर्म सभा में प्रवीण जैन मनोज कुमार जैन पैट्रोल पंप, वरिष्ठ समाजसेव अनुराग जैन वाले पुनीत जैन इंश्योरेंस वाले आदि जैन कमल जैन राकेश जैन सुनील जैन राजेश जैन पवन जैन जैन धनेंद्र जैन नवीन जैन आदि ने भाग लिया।

# तीन दिन के अंदर मांगे पूरी नहीं हुई तो तहसील में होगी पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में बामनौली के किसानों का छठे दिन भी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। सोमवार को धरना स्थल पर किसानोंके बीच भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी निटु नैन उर्फ बोकका भाई अपनी टीम के साथ धरनास्थल पर पहुंचे उन्होंने किसानों को अपना समर्थन देते हुए कहा कि अगर तीन दिन के अंदर राजीव चौधरी की मांगे पूरी नहीं हुई तो तहसील परिसर में भारी संख्या में पंचायत बुलाकर किसानों के साथ हुंकार भरी जाएगी। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा किसानो की लड़ाई लड़ रहा है। किसानों को समर्थन देने वालों में सनी तोमर उपेंद्र सिंह संजीव पवन कुमार तस्लीम रामकुमार चौधरी वीरेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।



बामनोली गांव में चकबंदी का मामला लंबे समय से सुलझ नहीं पा रहा है। धरना स्थल पर सोमवार को भी कैंसर से पीड़ित मंजू देवी भी धरना स्थल पर पहुंच गई। धरने पर लेट गई जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया बामनोली के किसान तहसील परिसर में धरने प्रदर्शन करते आ रहे हैं मगर आज तक भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया गांव के ही एक किसान परिवार ने अधिकारियों पर अपने खेत का नदी में काटने का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में परिवार सहित धरना दिया। यह परिवार धरना स्थल पर ही रहना खाना पीना साथ लेकर बैठा है। वहीं भोजन बनाकर खा रहा है। धरना स्थल पर बामनोली निवासी राजीव कुमार पुत्र मांगेराम ने बताया कि खेत को चकबंदी अधिकारियों ने कृष्णा नदी के पास हनुमान मंदिर के पीछे लगा दिया है। वाह कृष्णा नदी की जमीन है। उसमें पानी चल रहा है। ऊपर खबर इस जमीन पर फसल नहीं उगाई जा सकती। इस समस्या को लेकर पहले भी अधिकारियों से मिला गया था। आश्वासन के अलावा कोई समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल भी की जाएगी। उन्होंने चकबंदी अधिकारी से मांग करते हुए कहा कि उन्हें अपर चकबंदी संचालक के निर्देश के अनुसार उनकी जमीन का खेत दिया जाए। इस मौके पर कैंसर से पीड़ित मंजू देवी तबीयत भी और खराब होती जा रही है। राजीव चौधरी उधम सिंह पुष्पा देवी सनी चौधरी तुषार चौधरी आदि धरना स्थल पर मौजूद है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सोएब से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

हामिद पुत्र खैराती निवासी मौहल्ला मुगलपुरा बागपत थाना व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पिता स्व. जयस्वरूप सर्विस नं. 2644387W की डिस्चार्ज बुक में मेरा नाम उषा किरण व जन्मतिथि 03.10.1973 गलती से दर्ज हो गई है। मेरा सही नाम उषा तोमर व जन्मतिथि 15.07.1977 है।

उषा तोमर पुत्री स्व. जयस्वरूप निवासी ग्राम मलकपुर पट्टी बंज तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

**सार्वजनिक सूचना**

युवा विश्वकर्मा समिति रजिस्टर्ड बडौत बागपत उत्तर प्रदेश युवा विश्वकर्मा समिति 2025-2026 की नवीकरण की नई सूची निम्न प्रकार है जिसमें अध्यक्ष मुकेश कुमार उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश व सचिव राजेश कुमार उप सचिव सुभाष चंद कोषाध्यक्ष जयपाल के अलावा नवनियुक्त कार्यकारिणी में यशपाल देशपाल सत्येंद्र संजय सुनील जय कुमार पवन कुमार कृष्णपाल राजकुमार राजेंद्र सोमदत्त कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए हैं सभी नए सदस्यों को कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण कराई गई है।

# बदमाश आने की झूठी सूचना देने वालों को पुलिस ने भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** जंगल में बदमाश आने की झूठी सूचना देने के आरोप में सरधना पुलिस ने दबथुवा से चार लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और उनका चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार दबथुवा निवासी सुनील पुत्र ब्रहमदत्त शर्मा पुलिस कंट्रोल रूम को गन्ने के खेत में बदमाश होने की सूचना दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। वहां ग्रामीणों की भीड़ भी थी। पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया। पुलिस ने जंगल में काम्बिंग की, लेकिन बदमाश नहीं मिले। पुलिस ने झूठी सूचना देने के आरोप में सुनील पुत्र ब्रहमदत्त शर्मा, मारुफ पुत्र इरशाद, परवेज उर्फ छोटा पुत्र ननवा व राजू पुत्र अजमुद्दीन को हिरासत में लिया और थाने आ गई। पुलिस ने इन चारो के खिलाफ सम्बंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया।

# सरधना में करंट लगने से महिला की मौत

## मंडी चमारान में हुई दर्दनाक घटना, इंवर्टर की कराई थी नई फिंटिंग

- गमगीन माहौल में परिजनों ने किया सुपुर्द-ए-खाक, लोगों में अलग-अलग चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सोमवार दोपहर नगर के मोहल्ला मंडी चमारान में करंट की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई।

महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया, गमगीन माहौल में परिवार के लोगों ने महिला को सुपुर्द ए खाक कर दिया। नगर के मोहल्ला मंडी चमारान नई बस्ती स्थित महबूब परचून की दुकान चलाता है। सोमवार दोपहर महबूब ने इनर्व्टर की फिटिंग कराई थी, जिसके बाद उसकी पत्नी यासमीन (32) को अचानक से करंट लग गया। जो बेहोश होकर मौके पर गिर गई, मौके पर खड़ी महिला की बच्ची जेबा ने शोर मचा दिया, मौके पर पहुंचे पति व परिवार के लोगों ने महिला को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। उसके बाद महिला को लेकर परिजन घर आ गए, जहां दुबारा सांस चलता देख उसे दूसरे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन महिला की जब तक मौत हो चुकी थी। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि यासमीन की शादी बागपत में महबूब के साथ हुई थी, बाद में महबूब मोहल्ले में मकान



बनाकर परिवार के साथ ही रह रहा था। मृतक महिला के एक ही बच्ची है। गमगीन माहौल में परिजनों ने देर रात दफना दिया। मोहल्लों के लोगों का आरोप है कि पूर्व में भी कई बार बिजली विभाग को करंट आने की शिकायत की जा चुकी है, मगर कोई समाधान नही हो सका।

# निःशुल्क एंबुलेंस का चालक रिश्वत लेते कैमरे में हुआ कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** सरकार द्वारा चलाई गई स्वास्थ्य सेवा के लिए निशुल्क एंबुलेंस चालक मरीजों से रुपए वसूल कर योजना को पलीता लगा रहे हैं। ऐसी ही एक वीडियो वायरल होने पर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

सीएचसी प्रभारी ने जांच के बाद कार्यवाही करने की बात कही है। परीक्षितगढ़ ब्लाक क्षेत्र के ग्राम ललियाना निवासी शाहिन पत्नी नदीम को प्रसव के बाद घर आने के लिए रात 10 बजे 102 पर कॉल की जिस पर तैनात ईएमटी मोहित नामक युवक अकेला गाड़ी लेकर आया तथा ललियाना घर छोड़ने पर रूपयो की मांग की जिस पर मरीज के परिजनों ने रुपए देते हुए उसका वीडियो बना लिया तथा 102 नंबर पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मचा हुआ है। सीएचसी प्रभारी डाक्टर रवि शंकर शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है इसकी जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# डी.एम. पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने बनाई तिरंगा राखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर डी. एम. पब्लिक स्कूल, की छात्राओं ने अनोखी पहल करते हुए स्वयं अपने हाथों से राखियां तैयार कीं, जो राजस्थान के सूरतगढ़ एयरफोर्स स्टेशन के वीर सैनिकों एवं अधिकारियों की कलाइयों की शोभा बढ़ाएगी। छात्राओं ने देश के रक्षकों के प्रति प्रेम, सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए हर राखी में अपनापन और स्नेह पिरोया। विद्यालय की चार छात्राओं द्वारा बनाई गई तिरंगा राखी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर रविन्द्र चौधरी ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे स्कूल की छात्राओं द्वारा बनाई गई ये राखियां केवल धागे नहीं हैं, यह देशभक्ति, स्नेह और गर्व की मजबूत डोर हैं। ऐसे प्रयास न केवल सैनिकों को बल्कि बच्चों को भी देश के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराते हैं। वह इन सभी छात्राओं को दिल से शुभकामनाएं देते हैं। इस प्रेरणा दायक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद सिंह, भागेश्वरी चौधरी, दीपा त्यागी, सरिता, कुमकुम तिवारी, इंदु गुप्ता, रूबी हूण सहित राखी बनाने वाली छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी ने छात्राओं के इस भावनात्मक कार्य की प्रशंसा की।

# हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर भड़के अधिवक्ता, सीएम से करेंगे मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** काफी समय से हाई कोर्ट बेंच की मांग कर रहे अधिवक्ता सोमवार को कमिश्नरी चौराहे पर फिर एकत्र हो गए। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की और एक ज्ञापन सौंपा। वहीं अधिवक्ताओं ने मानव श्रृंखला बनाई और हाई कोर्ट बेंच जल्द लाने की मांग की।

बता दे की मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सोमवार को मेरठ पहुंच रहे थे। इसी को लेकर अधिवक्ताओं ने पहले अन्य अधिवक्ताओं से काम बंद कराया और बाद में कमिश्नरी पर नारेबाजी करते हुए पहुंच गए उनका कहना था कि मुख्यमंत्री हाई कोर्ट बेंच की मांग को पूरा करें अन्यथा अधिवक्ता मीटिंग कर आगे की रणनीति बनाएंगे। आक्रोशित अधिवक्ताओं को देखते हुए सिविल लाइन सीओ समेत लगभग तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई अधिवक्ता ज्ञापन देकर कचहरी वापस लौट गए।



**कमिश्नरी चौराहे पर अधिवक्ताओं को समझाते सीओ।**

# पुलिस कार्रवाई: फायरिंग करने वाले दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- बस स्टैंड चौकी इंचार्ज ने दर्ज कराया मुकदमा
- रविवार को जाट कॉलेज के पीछे हुई थी फायरिंग की घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर में मोहल्ला मुन्नालाल में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश सहित अज्ञात की पहचान में जुट गई है।

रविवार को मोहल्ला मुन्नालाल में जाट कॉलेज के पीछे हरिहर विहार कॉलोनी में गौरव के घर पहुंचकर कुछ युवकों ने पिस्टलों से ताबड़तोड़



फायरिंग कर दी थी। दरअसल, गौरव फलावदा रोड पर कुछ सामान लेने के लिए अपनी कार से गया था। वहां पर बाइक सवार दो युवकों ने उसकी खड़ी कार में टक्कर मार दी थी। जिससे युवकों से उसकी कहासुनी हो गई थी। वहां तो मामला शांत हो गया, लेकिन बाइक सवार युवकों ने उसका पीछा घर तक किया। उसके कुछ देर बाद चार बाइकों पर नौ युवक पिस्टलों से लेस होकर पहुंचे और गौरव के घर पर फायरिंग कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से कारतूस के कई खोखे व हमलावर युवकों की एक बाइक बरामद की, जिसे छोड़कर आरोपी भागे थे।

### गौरव पक्ष ने भी की थी फायरिंग

मौके पर पहुंचे बस स्टैंड चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। जिसमें पता चला कि मकान मालिक गौरव पक्ष की ओर से भी फायरिंग की गई। इस पर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने अपनी ओर से गौरव, सौरभ, रितिक व 9-10 अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 191/2, 191/3, 190, 125, 109/1, 351/2, 352 व 7 क्रिमिनल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें कहा गया कि दोनों पक्षों की ओर से फायरिंग हुई, जिससे आसपास दहशत का माहौल हो गया।

# बहसूमा में महिला के पैर बांधकर चोर ले गए लाखों का माल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव अस्सा में रविवार सोमवार की मध्य रात्रि किलोसिंह लकड़ी ठेकेदार के मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए महिला के पैर बांधकर हजारों रुपए की नगदी चोरी कर फरार हो गये। पीड़ित किलो सिंह कुछ ही दूरी पर रात्रि में शोच करने के लिए गया हुआ था। जब वह शोच करनें के बाद वापस आया तो पत्नी के पैर बंधे देख होश उड़ गये। जब उसने अंदर जाकर देखा तो संदूक का ताला टूटा हुआ मिला उसमें रखी 90 हजार रुपए की नगदी व सोने चांदी की चीज अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गये। सूचना मिलते ही आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और पीड़ित से तहरीर लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार की दोपहर विधि विज्ञान यानी फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची जहां उन्होंने वीडियो ग्राफी एवं बारीकी से जांच की। थाना प्रभारी का कहना है कि एक टीम बना दी गई है जल्द ही अज्ञात चोरों को पकड़कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। बताते चले कि क्षेत्र के गांव अस्सा मैं किलो सिंह



लकड़ी का ठेकेदार है। रविवार की रात्रि तेज बारिश होने के चलते अचानक उसकी शोच आया। वह टॉयलेट में चला गया। तभी घर के अंदर 2 से 3 चोर घर में घुस गये। तभी चारपाई पर सो रही महिला किलोवती उम्र 57 वर्ष को दबोच लिया और उसके पैर चारपाई से दुपट्टे से बांध दिये। तभी घर के अंदर घुस गये और संदूक का ताला तोड़ दिया जिसमें 90 हजार की नगदी तथा सोने चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। जैसे ही कुछ देर बाद किलो सिंह ठेकेदार टॉयलेट के अंदर से बाहर आया तो उसने देखा कि उसके पत्नी के पैर चारपाई से बंधे हुए हैं तो उसके होश उड़ गये। उसने शोर मचा दिया तभी आसपास के ग्रामीण एवं बराबर के मकान में सो रहे उसके पुत्र प्रिंस व मनोज भी मौके पर आ गये। तभी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर कंट्रोल रूम एवं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीरता से जांच की। किलो सिंह के पुत्र प्रिंस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने बताया कि पीड़ित की दी तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जिसमें एक टीम लगाई गई है। वह हर पहलू पर काम कर रही है। सोमवार की दोपहर फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और वीडियो ग्राफी एवं फोटो तथा हर पहलू पर जांच कर ले गए हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही अज्ञात चोरों को पकड़कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# व्यापारियों के हित में काम करे सरकार: घनश्याम दास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सनातन धर्म मंदिर मार्केट रामराज में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने उपस्थित व्यापारियों को अपने वार्षिक समीक्षा बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारियों को संगठित होना चाहिए और संगठन में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को व्यापारियों का सम्मान करना चाहिए तथा उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारियों का उत्पीड़न किया गया तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जो व्यापारी जीएसटी में रजिस्टर्ड हैं उनकी बीमा 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने की मांग की है। व्यापारी जीएसटी में रजिस्टर नहीं है और उनकी इनकम 1 लाख हैं उनका बीमा भी पांच लाख करने की मांग की। इस मौके पर रामराज व्यापार मंडल इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिसमें विपिन मनचंदा को अध्यक्ष, डाक्टर एसपी कोहली उपाध्यक्ष, केपी सिंह धीमान को महामंत्री, सुदर्शन गोयल कोषाध्यक्ष, रोहित बंसल जिला उपाध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण, मदन गोयल, नरेश कुमार को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर जनपद मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेशाध्यक्ष का व्यापारियों द्वारा फूल मालाओं द्वारा स्वागत किया गया।

# एक्सटेलिफाय बाय एयरटेल ने नई डिजिटल क्षमताओं को किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक्सटेलिफाय, जो भारती एयरटेल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और एयरटेल की सभी डिजिटल संपत्तियों और क्षमताओं का संचालन करती है, ने एयरटेल क्लाउड नाम से एक स्वायत्त सोवरेन, टेल्को-ग्रेड क्लाउड प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। यह क्लाउड प्लेटफॉर्म एयरटेल की भारत में आंत. रिक जरूरतों के लिए प्रति मिनट 140 करोड़ ट्रांजैक्शन संभालने के लिए डिजाइन किया गया है, और अब इसे देश की कंपनियों की लगातार बढ़ती डिजिटल जरूरतों को पूरा करने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्लेटफॉर्म अगली पीढ़ी के सस्टेनेबल डेटा सेंटर्स पर होस्ट किया गया है।

# सरकारी पिस्टल के साथ फोटो खिंचवाने पर भाजयुमो नेता के खिलाफ केस दर्ज

## थाना मवाना में एसएसआई ने आरोपी अनुज राजपूत के नाम दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** प्रतिबंधित बोर के पिस्टल के साथ फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करना एक युवक को भारी पड़ गया है। एक न्यूज चैनल पर फोटो ट्वीट होने के बाद थाना मवाना में पुलिस की ओर से आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

दरअसल, एक युवक ने सरकारी व प्रतिबंधित बोर के पिस्टल के साथ फोटो खिंचवाया था। इस युवक के तीन फोटो एक खबरिया चैनल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर पुलिस अधिकारियों को ट्वीट कर दिए। फोटो ट्वीट होने के बाद पुलिस हरकत में आई उसके खिलाफ एक्शन ले लिया। आरोपी युवक का नाम अनुज राजपूत है और उसे भाजयुमो का नेता बताया जा रहा है। चर्चा यह भी रही कि थाना मवाना में तैनात एक दरोगा आरोपी का काफी नजदीकी है और उसी दरोगा का यह सरकारी पिस्टल बताया जा रहा है। दर्ज कराई रिपोर्ट में एसएसआई थाना मवाना सुनील



कुमार ने कहा कि जानकारी करने पर आरोपी का नाम हरी पता चला है। यह भी कहा कि प्रतिबंधित बोर का शस्त्र कमर में लगाकर फोटो खिंचवाया, जबकि यह सेना अथवा पुलिस का अधिकारी नहीं है। आरोपी का यह कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है।

# किसान यूनियन का स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन इंडिया का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर केक काटा और एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन किसान नेता एवं प्रदेश सचिव जावेद खान के आवास पर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन इंडिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र पहलवान के नेतृत्व में देशभर के किसानों और मजदूरों की आवाज को बुलंद कर रहा है। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुमताज आलम ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा हर कार्यकर्ता खेतों में पसीना बहाने वाले किसान और मेहनतकश मजदूरों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा। सरकार की नीतियों में अगर कहीं भी किसानों और मजदूरों की अनदेखी की गई तो यूनियन सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेगी। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। जिनमें प्रमुख रूप से प्रधान यूसुफ खान, मंसूर खान, अमानुल्ला खान, सोनू खान, शहादत खान, सलमान खान, वसीम खान, और इसरार खान शामिल रहे। स्थानीय स्तर पर इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।



# मेले में गैरकानूनी झूले लगाने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में परंपरागत मेले को लेकर चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने सभी सभासदों के साथ नगर पंचायत कार्यालय में तत्काल बैठक का आयोजन किया। चेयरपर्सन ने बताया कि कस्बा निवासी नईम व अनिल के द्वारा मेले मे गैरकानूनी रूप से झूले लगाने की कोशिश की जा रही है। जबकि नगर पंचायत से मेले का ठेका 22.20 लाख में आरिफ रिजवी को दिया गया है, और मेले में उन्हीं के द्वारा झूले लगाने भी स्वीकृत किए गए हैं। इसलिए ठेकेदार से अलग विद्युत लाईन संचालित वाली भूमि पर दोनों व्यक्तियों द्वारा अवैध प्रयास के विरोध में बैठक बुलाई गई है बैठक के बाद सभी सदस्यों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर इंचौली थाना प्रभारी के नाम लावड़ चौकी प्रभारी को प्रार्थना पत्र भेजा जिसमें उन्होंने मामले में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान चेयर पर्सन हज्जन आफताब के अलावा हाजी शकील कुरैशी व नगर पंचायत के सभासद गण जिनमें आरिफ फैजी, अंकित शर्मा, आसिफ अंसारी, मंजू देवी, रईसा, मनोज गोयल, आजाद अंसारी, अयाज अहमद, आसिफ अंसारी, राजेश देवी और सबिया परवीन मौजूद रहे।



**नगर पंचायत कार्यालय में सभासदो के साथ बैठक करतीं चेयरमैन।**

यह मेला ऐतिहासिक और हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है इसे हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य तरह से सजाया जाएगा ओर जिस भूमि पर विद्युत लाईन संचालित है वहां किसी को भी मनोरंजन के साधन नहीं लगाने दिए जाएंगे ऐसा करने पर सख्त कार्यवाही कराई जाएगी।
**राजेश देवी**
**मेला समिति सलाहकार।**

# जाहरवीर मेले में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में लगने वाले आठ दिवसीय जाहरवीर मेले पर दशमी के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के सामने निशान व प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। इस मौके पर मेला कमेटी कर्मचारी काफी सक्रिय रहे। नगर पंचायत के तत्वाधान में सैकड़ो सालों से नगर में श्रावण मास के दशमी को बाबा जाहरवीर की प्रतिमा के सामने मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर दराज से हजारों श्रद्धालु आकर प्रसाद निशान चढ़ा कर मन्नतें मांगते हैं। मेले में झूले सर्कस खेल तमाशा की अनेक दुकानें लगी हुई है जहां गांवों से आकर महिलाओं व बच्चों ने अपना मनोरंजन किया। मेला अध्यक्ष हरिओम त्यागी, सुदेश गुर्जर, पप्पू सहित अनेक सभासद मेला कार्यालय में मौजूद रहे। जिससे किसी श्रद्धालु को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बैंक में गड़बड़ियों को लेकर ग्रामीणों ने किया उप प्रबंधक का घेराव, हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** कस्बा करनावल में सोमवार को बैंक में कामकाज को लेकर नाराज नगर वासियों ने अनुज बजरंगी के नेतृत्व में बैंक उप प्रबंधक का घेराव किया। नगर वासियों ने कहा कि बैंक में लगी एंट्री मशीन में सर्वर नहीं आता, जिससे यह पता नहीं चलता कि गन्ने का पेमेंट आया है या नहीं आया है।

नगर वासियों ने यह भी बताया कि एंट्री मशीन में करंट उतर आता है, जिससे किसी को करंट लगने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा बैंक में किसानों के नई किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बनाई जा रही और पुरानी किसान क्रेडिट कार्ड का नवीनीकरण भी नहीं किया जा रहा है। जब ग्रामीणों ने उप प्रबंधक से इस बारे में



बात की, तो उन्होंने कहा कि उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का काम नहीं आता। यह सुनकर नगर वासियों में गुस्सा बढ़ गया और बैंक पर हंगामा शुरू कर दिया। बाद में उप प्रबंधक ने लोगों को समझाते हुए कहा कि वह इस संबंध में मुख्य शाखा प्रबंधक को पत्र लिखेंगे और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके बाद नगर वासी शांत हुए। इस मौके पर अनुज बजरंगी, राहुल पहलवान, गौरव उत्तम, कवरपाल, जी. कृष्ण, रामकुमार, सुखपाल सिंह मेंबर समेत कई लोग मौजूद रहे।

# भूनी में फ्लाईओवर सर्विस रोड पर धंसी कार, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** भूनी क्षेत्र में फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर सोमवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब बारिश के बाद सड़क धंसने से एक कार अचानक गड्डे में समा गई। संयोग से कार में बैठे लोग सुरक्षित बच गए, लेकिन कार में बैठे लोगों में चीख पुकार मच गई। घटना उस समय हुई जब एक सफेद रंग की कार सर्विस रोड से गुजर रही थी। बारिश के कारण सड़क की मिट्टी और आधारभूत परत कमजोर हो चुकी थी। जैसे ही कार आगे बढ़ी, सड़क धंस गई और कार का अगला हिस्सा अचानक गड्डे में धंस गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार सवारों की मदद की और वाहन को बाहर निकलवाया। गनीमत रही कि कार धीरे चल रही थी। वरना हादसा होता।

# दस दिवसीय कजरी लोक गायन व नृत्य कार्यशाला का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार तथा स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय के भाषा विभाग, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय कजरी लोक गायन एवं नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सत्यजीत रे सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। स्वागत भाषण कला एवं सामा. जिक विज्ञान संकाय के डीन प्रो. सुधीर त्यागी ने दिया, जिसमें उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों और उसकी सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला।



कलाकारों ने कजरी प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने अपने विशिष्ट संबोधन में कार्यशाला की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा लोक कलाओं के संरक्षण और प्रसार के महत्व को रेखांकित किया। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग, के निदेशक अतुल द्विवेदी रहे। उन्होंने कजरी लोक गायन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी सांस्कृतिक विरासत और भारतीय परंपरा में इसके गहरे निहितार्थों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। द्विवेदी ने कजरी को जनभावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति बताते हुए इसके आवश्यकता पर बल दिया।

# भारत की रोमांचक जीत, सीरीज बराबर

## ओवल टेस्टः इंग्लैंड के आखिरी 4 विकेट एक घंटे में गिरे, मोहम्मद सिराज का पंजा, छह रन से जीता मैच



**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (पांच विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को पहले सत्र में इंग्लैंड को दूसरी पारी में 367 रन पर समेट कर मुकाबला छह रनों से जीत लिया।

इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-2 की बराबरी कर ली। भारतीय कप्तान शुभमन गिल को पूरी सीरीज में उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' और मोहम्मद सिराज को आखिरी मैच में नौ विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' नवाजा गया। इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में 78वें ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने ध्रुव जुरेल के हाथों जेमी स्मिथ (दो) को कैच आउट कराकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सिराज ने जेमी ओवर्टन (नौ) को पगबाधा आउटकर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने ब्लॉक होल में गेंद डालकर जॉश टंग (शून्य) को बोल्ड कर भारत को नौंवी सफलता दिलाई। 86वें ओवर की पहली गेंद पर मोहम्मद सिराज ने गस ऐटकिसन का ऑफ स्टंप उखाड़ कर मैच भारत की झोली में डाल दिया। ऐटकिसन ने 29 गेंदों में 17 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के करीब ले जाने की कोशिश की लेकिन सीराज की योकर ने उनका ऑफ स्टंप उखाड़कर भारतीय खेमे को जीत की खुशी से सराबोर कर दिया। इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड को 367 के स्कोर पर ऑल आउट कर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली है। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज ने 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट लिये। जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 27 ओवर में 126 रन देकर चार विकेट झटके। आकाश दीप ने एक बल्लेबाज को आउट किया। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाये थे। इंग्लैंड ने पहली पारी में 247 रन बनाकर 23 रनों की मामूली बढ़त हासिल की थी।

# मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूंः कप्तान स्टोक्स



**● दोनों ही टीमों ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी पूरी ऊर्जा के साथ खेली**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। भारत के छह रन से मैच जीतने पर बेन स्टोक्स ने कहा कि गेम ना खेल पाना कठिन है। दोनों ही टीमों ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी पूरी ऊर्जा के साथ खेला। इस सीरीज का हिस्सा रहना गर्व का हिस्सा रहा और मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। (वोक्स को बल्लेबाजी के लिए भेजने पर) यह दर्शाता है कि इन खिलाड़ियों के लिए देश के लिए खेलना कितना मायने रखता है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड और भारत की सीरीज हमेशा एक बड़ी सीरीज होती है और कई बार भावनाएं खुलकर सामने आ जाती हैं। हर कोई अपने देश का प्रतिनिधित्व करने आता है। जब आप मैच की शुरुआत में एक गेंदबाज कम हो जाते हैं तो अन्य गेंदबाजो के ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है।

## ● प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे गिल

# हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव हैः गिल

**● सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज जब गेंदबाजी कर रहे होते है तो बतौर कप्तान अधिक चिंता की बात नहीं**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ मैदान में आए कि उन पर दबाव बनाये रखना है।

मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में शुभमन गिल ने कहा इस सीरीज में दोनों टीमों ने बढ़िया प्रदर्शन किया हर मैच अंतिम दिन तक पहुंचा जो कि दोनों टीमों के प्रदर्शन के बारे में बताता है।

प्लेयर ऑफ द सीरीज से सम्मानित गिल ने कहा कि सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज जब गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो बतौर कप्तान अधिक चिता करने की जरूरत नहीं होती। दोनों गेंदबाज जानते हैं कि गेंद को कैसे हरकर कराना है। हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ आए थे कि उनके ऊपर से दबाव कम नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन से मैं बेहद खुश हूं और इस सीरीज से पहले मैंने बेहद मेहनत की थी।



शुभमन गिल



मोहम्मद सिराज

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 15 से 21 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में होने वाले चार मैचों के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी। भारतीय टीम का यह दौरा 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होने वाले महत्वपूर्ण हीरो एशिया कप से पहले एक महत्वपूर्ण माना जा रहा। एशियाकप विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है। भारतीय टीम का नेतृत्व दिग्गज ड्रैगफ्लिकर, डिफेंडर हरमनप्रीत करेंगे व गोलकीपर के रूप में कृष्ण व सूरज शामिल होंगे। टीम में डिफेंडर सुमित, जरमनप्रीत, संजय, अमित, नीलम संजीप , जुगराज सिंह शामिल हैं, जबकि कर्नाटक के पूवन्ना सीबी टीम में एक नए चेहरे के रूप में शामिल हैं।

#### तीरंदाजी लीग के पहले संस्करण की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी संघ ने सोमवार को दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाजों के लिए फ्रैंचाइजी-शैली वाली पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की। विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और भारतीय खेल मंत्रालय के प्रोत्साहन से आयोजित होने वाली इस लीग में दुनिया के शीर्ष 10 विदेशी तीरंदाजों के साथ-साथ शीर्ष भारतीय तीरंदाज भी शामिल होंगे, जो सभी छह फ्रैंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस लीग का उद्देश्य देश के ओलंपिक आंदोलन का समर्थन करने और इस खेल की वैश्विक लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए भारतीय तीरंदाजों के विकास के लिए एक पेशेवर मंच बनना है। लीग का पहला संस्करण इस साल अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11 दिनों तक चलेगा।

# पाक ने विंडीज को हराया, सीरीज जीती

**● पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 13 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली**

**लॉडरहिल, वार्ता।** सैम अयूब (66 रन/एक विकेट) तथा साहिबजादा फरहान (74) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मुकाबले में सोमवार को वेस्टइंडीज को 13 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए जेवेल एंड्रयू और ऐलेक ऐथनेज की सलामी जोड़ी ने अभी 44 रन जोड़े थे कि पांचवें ओवर में हारिस रउफ ने जेवेल एंड्रयू 15 गेंदों में 24 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। नौवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने शाई होप (सात) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए शरफेन रदरफोर्ड ने ऐलेक ऐथनेज के साथ तीसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े। 13वें ओवर में सैम अयूब ने ऐलेक ऐथनेज को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। ऐलेक ऐथनेज ने 40 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 60 रनों की पारी खेली। रॉस्टन चेज (15) रिटायर्ड आउट हुए। सुफियान मुकिम ने जेसन होल्डर (शून्य) बोल्ड आउट किया। आखिरी ओवर में हसन अली ने शरफेन रदरफोर्ड को साहिबजादा फरहान के हाथों कैच आउट कराकर वेस्टइंडीज के मैच जीतने की उम्मीद को ध्वस्त कर दिया। शरफेन रदरफोर्ड ने 35 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (51) रन बनाये। वेस्टइंडीज की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी और मुकाबला 13 रनों से हार गई। 74 रनों की पारी खेलने वाले साहिबजादा फरहान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं सीरीज में सात विकेट लेने वाले मोहम्मद नवाज को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' पुरस्कार मिला। पाकिस्तान के लिए हसन अली, मोहम्मद नवाज, हारिस रउफ, सैम अयूब और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सैम अयूब और साहिबजादा फरहान की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 138 रन जोड़े। 17वें ओवर में शमार जोसेफ ने साहिबजादा फरहान को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। साहिबजादा फरहान ने 53 गेंदों में पांच छक्के व तीन चौके लगाते हुए (74) रन बनाए।

#### फखर जमान हैमस्ट्रिंग, वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज फखर जमान वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। वे तीसरे टी-20 में भी खेलने नहीं उतरे। यह फैसला लाडरहिल में खेले गए दूसरे टी-20 मैच के दौरान उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग (जांघ की मांसपेशी) में चोट लगने के कारण लिया गया। उनकी जगह तीसरे टी-20 मैच के लिए खुशदिल शाह को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था। फखर जमान को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। इसके बाद टीम के मेडिकल स्टाफ ने जांच की और उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग में हल्की खिंचाव की पुष्टि की। लाहौर में होगा रिहैबिलिटेशन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि फखर 4 अगस्त को पाकिस्तान लौटेंगे।

## ● मैन ऑफ द मैच रहे मोहम्मद सिराज ●

# मैंने सोचा मैं कर सकता हूं कि स्क्रीनशॉट का वॉलपेपर लगायाः सिराज

**● हम अंत तक मिलकर लड़े और मेरी एक ही योजना थी कि निरंतरता के साथ सही लेंथ हिट करता रहूं**

**लंदन, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि सुबह उठने के बाद मैंने सोचा कि मैं कर सकता हूं, मैंने गूगल से एक स्क्रीनशॉट लिया और उसे वॉलपेपर लगाया। इंग्लैड पर छह रनों की रोमांचकारी जारी के बाद सिराज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हर किसी ने कड़ी मेहनत की और हम अंत तक मिलकर लड़े। मेरी एक ही योजना थी कि मैं निरंतरता के साथ सही लेंथ हिट करते रहूं। प्लेयर ऑफ द मैच सिराज ने कहा कि सुबह उठने के बाद मैंने सोचा कि मैं कर सकता हूं, मैंने गूगल से एक स्क्रीनशॉट लिया और उसे वॉलपेपर लगाया। ब्रूक का विकेट गेम चेंजिग मोमेंट था, अगर मैंने वो कैच ले लिया होता तो मैच शायद इस स्थिति में पहुंचता नहीं है। ब्रूक ने बेहतरीन पारी खेली। लॉर्ड्स में आउट होने दिल तोड़ने जैसा पल था, जडेजा भाई ने मुझे यही कहा था कि मैं खेलते रहूं और अपने पिता के बारे में सोचते रहूं कि उन्होंने यहां तक मुझे पहुंचाने के लिए कितनी मेहनत की थी।

#### भारत की रनों के लिहाज से सबसे छोटी जीत

**लंदन, वार्ता।** भारत की इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में 6 की जीत उनके लिए टेस्ट में रनों के मामले से उनकी सबसे छोटी जीत है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 रन की जीत के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। एक रोचक सीरीज का अंत रोचक रूप में हुआ। चौथे दिन के खेल के अंतिम चरण तक मैच पूरी तरह से इंग्लैंड के कब्जे में प्रतीत हो रहा था लेकिन दो नियमित विकेट ने मैच का रुख एकतरफा होने से रोका और पांचवें दिन आकर भारत ने इंग्लैंड के जबड़े से जीत छीन ली। सिराज ने पंजा लेकर भारत की झोली में जीत डाली। सिराज ने आते ही दिन के अपने पहले ओवर में स्मिथ को पवेलियन भेजा और फिर ओवर्टन को लेग बिफोर आउट किया। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी जोश टंग को पवेलियन लौटाया लेकिन ऐटकिसन ने बड़े प्रहार कर इंग्लैंड को जल्द से जल्द जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन सिराज ने अपने 31वें ओवर की पहली गेंद पर ऐटकिसन को बोल्ड करते हुए मैच भारत के पक्ष में झुका दिया।

# सूर्या पूरी तरह फिट होने के लिए एनसीए में



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद एशिया कप से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में है।

सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में पुनर्वास और फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर में रिपोर्ट की थी। पूरी तहर फिट न होने के कारण उन्हें पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा। ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार ने उन्हें सूचित कर दिया था कि उन्होंने सीओई जांच करा ली है। म्यूनिख में हुई उनकी हर्निया की सर्जरी के बाद वह पुनर्वास की प्रक्रिया में है। सूर्यकुमार का अगला बड़ा टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक यूएई में होने वाला एशिया कप है। इस तेजतर्रार टी-20 बल्लेबाज से इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करने की उम्मीद है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों के अनुसार, उन्हें इस आयोजन से पहले पूरी तरह फिट होने का भरोसा है। उन्हें आखिरी बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए देखा गया था। इस बीच, पता चला है कि श्रेयस अय्यर पिछले हफ्ते फिटनेस टेस्ट के लिए सीओई आए थे। अब वह मुंबई लौट गए हैं और माना जा रहा है कि यह दौरा नियमित जांच के लिए था। बताया जा रहा है कि वह पूरी तरह फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। एशिया कप के लिए चुने जाने तक, उन्हें दलीप ट्रॉफी में खेलना चाहिए। अय्यर आखिरी बार आईपीएल फाइनल में पंजाब किग्स फैंचाइजी की कप्तानी करते हुए देखे गए थे। आईपीएल के बेहद सफल सीजन के बाद, एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारतीय टेस्ट टीम में उनके शामिल होने की काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अपेक्षित चयन नहीं हो पाया।

# क्रिस वोक्स बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध हैः रूट



**● जो रूट ने कहा कि वोक्स की तैयारी यह दिखाती है कि वह टीम के लिए कितने समर्पित है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जो रूट ने कहा है कि चोटिल तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स कंधे की चोट के बावजूद ओवल टेस्ट के आखिरी दिन बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध हैं। वोक्स ने रविवार को स्टेडियम के इनडोर फैसल्टी में एक हाथ से बल्लेबाजी का अभ्यास किया और शाम के सत्र में अपनी किट पहने भी नजर आए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह नंबर 11 पर बल्लेबाजी कर सकें।

इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन और चाहिए और उनके पास चार विकेट शेष हैं। जो रूट ने कहा कि वोक्स की तैयारी यह दिखाती है कि वह टीम के लिए कितने समर्पित हैं। रूट ने कहा कि वह शेष खिलाड़ियों जैसे पूरी तरह से तैयार हैं। यह ऐसी सीरीज रही है, जिसमें खिलाड़ियों को अपनी सीमाओं से आगे जाना पड़ा है। हालांकि उम्मीद है कि हमें उनकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लेकिन उन्होंने आज थ्रोडाउन लिए हैं और वह टीम के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। यह देखना बाकी है कि वोक्स दाएं हाथ से बल्लेबाजी करने का प्रयास करेंगे या चोट के कारण बाएं हाथ से बल्लेबाजी करेंगे, जैसे एक बार सलीम मलिक ने किया था। या हो सकता है कि वह मैल्कॉम मार्शल की तरह एक हाथ से खेलें। उन्होंने कहा कि इस बारे में मुझे नहीं पता। मैंने उन्हें अभी अभ्यास करते नहीं देखा है। शायद सुबह अगर वह थ्रोडाउन लेते हैं, तो जरूर साफ हो जाएगा। इंग्लैंड ने अभी वोक्स की चोट की पूरी जानकारी नहीं दी है और मैच के बाद वह स्कैन के लिए जाएंगे। लेकिन उनके इस समर में दोबारा खेलने की संभावना बहुत कम है और 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले ऐशेज टेस्ट में भी वह शायद ही खेल सकें। रूट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि वह काफी दर्द में हैं। इस सीरीज में कई खिलाड़ियों को चोट लगी, फिर भी वे खेलते रहे। पंत ने टूटी टांग के साथ बल्लेबाजी की, टीम के लिए यह बहुत मायने रखता है। यह दिखाता है कि उनमें कितना जज्बा है। उम्मीद है कि वोक्स को ऐसा ना करना पड़े, लेकिन अगर करना पड़ा तो वह हमें जीत दिलाने के लिए उतरेंगे। रूट ने कहा कि उनका मानना है कि उनके पास निचले क्रम में ऐसे बल्लेबाज है जो शेष 35 रन बना सकते है और भारत को सीरीज ड्रॉ करने से रोक सकते है। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम सोमवार को पहली एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी अपने नाम करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास वह सब कुछ है, जो हमें जीत दिला सकता है। यह एक शानदार सीरीज रही है और हमारे ड्रेसिग रूम में आत्मविश्वास है। हमें भरोसा है कि हमारे पास वे खिलाड़ी हैं, जो हमें जीत दिला सकते हैं। लेकिन यह उन सीरीज में से एक है, जहां हर मैच में दोनों टीमों के पास बढ़त बनाने का अवसर था। हमें कल एक शानदार दिन देखने को मिलेगा। इंग्लैंड को सोमवार सुबह भारी रोलर इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा, जिससे रविवार की तरह उन्हें रन बनाने में मदद मिल सकती है।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

**मंगलवार , 5 अगस्त 2025**

# अमेरिका का अड़ियल रुख

विश्व में अमेरिकी धौंस बनाए रखने के लिए वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बराबर देशों को धमका रहे हैं। कभी वह युद्ध रुकवाने के नाम पर विदेशों को धमकी देते दिखाई देते हैं तो कभी व्यापार को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसा करते हुए भी वह दोस्त व दुश्मन में भी कोई भेद करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। सभी को एक डंडे से हांक रहे हैं। भारत की ही बात करें, भारत को मित्र देश की श्रेणी में भी रखते हैं, रणनीतिक साझेदार भी बताते हैं, लेकिन साथ ही 25 प्रतिशत का टैरिफ भी लगाते हैं और दलील देते हैं कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है और वह तेल का पैसा रूस को मजबूत कर रहा है। जिससे रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध करने में मदद मिल रही है और यह तब है जब अभी व्यापार को लेकर भारत व अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता चल रही है।

ऐसा ही रुख वह चीन के प्रति भी दिखा रहा है। चीन को भी सीधे धमकी दे रहा है और रूस व इरान से तेल न लेने के लिए दबाव बना रहा है और बात न मानने की सूरत में सौ फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दे रहा है। चीन ने हालांकि साफ कर दिया कि वह अमेरिका की धमकियों से पीछे हटने वाला नहीं है। ईरान और रूस से वह अपना तेल लेना जारी रखेगा। यह भी तब है जब स्कॉटहाम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दोनों देश बैठक कर रहे हैं। अमेरिका कितना आक्रामक है यह अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की एक्स पर की गई टिप्पणी से स्पष्ट हो जाता है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है तब चीन अपनी संप्रभुता को गंभीरता से लेता है। वैसे देखा जाए तो यह सीधे-सीधे खुली गुंडागर्दी की तरह है। हर देश की अपनी एक संप्रभुता है, अपनी जरूरत है और अपनी क्षमता है। उसी के अनुसार किसी भी देश को अपनी नीति बनानी पड़ती है। बनानी भी चाहिए, लेकिन कोई बड़ा देश उसको अपनी नीति छोड़ने के लिए कहने लगे, इसका कैसे समर्थन किया जा सकता है।

आखिर अमेरिका क्या कर रहा है। अमेरिका भी तो अपने हित ही देख रहा है, बल्कि अपने हितों की पूर्ति करने के लिए वह किसी भी हद तक जाने को आतुर दिखाई दे रहा है। यह दबंगई नहीं तो और क्या है, ऐसा करते हुए वह अपने आचरण को छुपा भी नहीं रहा है। खुल्लमखुल्ला लोगों को धमका रहा है। कोई भी समझ सकता है कि अगर देश रूस से व्यापार करने को लेकर पीछे हटते हैं तो रूस भी हाथ पर हाथ रखकर तो बैठेगा नहीं। अगर रूस इतना कमजोर होता तो वह ट्रम्प की बात कब की मान चुका होता। चीन ने भी उसकी बात मानने से साफ इन्कार कर दिया है। भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति को लग रहा हो, वह टैरिफ के माध्यम से न सिर्फ कमजोर देशों को झुका देंगे, बल्कि उसके द्वारा होने वाली आमदनी से वह अमेरिका को मजबूती देंगे, लेकिन उन्हें समझना होगा कि हर चीज के दो पहलू होते हैं, यह दांव उल्टा भी पड़ सकता है। जिसकी कई अर्थशास्त्री आशंका भी जता चुके हैं। ऐसी भी खबरें हैं कि अमेरिका में महंगाई बढ़ने लगी है। कुल मिलाकर जिस तरह युद्धों के भय से पहले ही दुनिया डरी हुई थी, अब ट्रम्प के टैरिफ वॉर ने इसमें और आग में घी का काम किया है।

## सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल



भाजपा विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के लिए भी संकल्पित है, विरासत के संरक्षण के लिए मां शाकंभरी देवी कारिडोर बन रहा है, किसी भी मौसम में देशभर के श्रद्धालु आ सकते हैं, इसी तरह महाकुंभ में इतने श्रद्धालु आए, इससे कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परेशान हैं, अगर आतंकी वारदात होती है, तो यह संरक्षण देने के लिए छाती चौड़ी करके आगे बढ़ने का काम करते हैं, हाल ही में दो घटनाओं पर न्यायालय ने निर्णय दिया, महाराष्ट्र के मालेगांव में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने हिंदुओं को अभियुक्त बनाया था, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल का यह कृत्य राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है, कांग्रेस आतंकी हमला करने वालों को क्लीन चिट देती है और सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल खड़ा करती है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत को तोहफा





**विनीत नारायण**

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आयात होने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल और हथियारों की खरीद के लिए अतिरिक्त दंड की घोषणा की। यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, विशेष रूप से तब जब दोनों देश एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने भारत और रूस को 'मृत अर्थव्यवस्था' (डेड इकॉनमी) कहकर निशाना बनाया और भारत के उच्च टैरिफ और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं को इसका कारण बताया।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्विक व्यापार को प्रभावित करने वाली आक्रामक टैरिफ नीतियों को अपनाया है। 7 अगस्त 2025 से लागू होने वाले 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान करते हुए, ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद को प्रमुख कारण बताया। उनके अनुसार, भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है, जो यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के समय में अस्वीकार्य है। इसके अतिरिक्त, ट्रम्प ने भारत के उच्च टैरिफ द्धजिसे उन्होंने दुनिया में सबसे अधिक बतायाॠ और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं की भी आलोचना की।

यह टैरिफ अचानक भारत के लिए एक झटके के रूप में आया है, क्योंकि भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे थे। ट्रम्प ने पहले 20-25 प्रतिशत टैरिफ की संभावना जताई थी, लेकिन अंतिम घोषणा में अतिरिक्त दंड भी शामिल किया गया। यह कदम भारत के फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, रत्न और आभूषण और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है, जो अमेरिका के साथ भारत के व्यापार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

कांग्रेस के नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्रम्प के 'मृत अर्थव्यवस्था' वाले बयान का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, हहां, ट्रम्प सही हैं। हर कोई जानता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मृत है, सिवाय प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के। मुझे खुशी है कि ट्रम्प ने यह तथ्य सामने रखा। पूरी दुनिया जानती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था खत्म हो चुकी है। भाजपा ने अडानी को मदद करने के लिए अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया।

राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए, विशेष रूप से नोटबंदी और 'त्रुटिपूर्ण' जीएसटी को अर्थव्यवस्था के पतन का कारण बताया। उन्होंने यह भी पूछा कि ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर बार बार किए जा रहे दावों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी क्यों है?

कांग्रेस पार्टी ने इस टैरिफ को भारत की विदेश नीति की विफलता के रूप में चित्रित किया। कांग्रेस नेता सुप्रिया नेत ने कहा, राहुल गांधी ने पहले ही इस बारे में चेतावनी दी थी। यह टैरिफ हमारी अर्थव्यवस्था, निर्यात, उत्पादन और रोजगार पर असर डालेगा। हम अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स निर्यात करते हैं और 25 प्रतिशत टैरिफ से ए महंगे हो जाएंगे, जिससे मांग कम होगी और उत्पादन व रोजगार पर असर पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए और टैरिफ को भारत के व्यापार, एमएसएमई और किसानों के लिए हानिकारक बताया।

अन्य विपक्षी नेताओं ने भी इस मुद्दे पर सरकार की आलोचना की। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बुरे दिनों की शुरुआत बताया, जबकि असदुद्दीन ओवैसी ने ट्रम्प को व्हाइट हाउस का जोकर कहकर उनकी आलोचना की। हालांकि, कांग्रेस के कुछ नेताओं ने राहुल गांधी के रुख से अलग हटकर अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया। शशि थरूर ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत-अमेरिका व्यापार को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं और भारत को अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने की आवश्यकता है।

वहीं अर्थशास्त्रियों ने इस टैरिफ के भारत की अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव को लेकर मिश्रित राय व्यक्त की है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इसका प्रभाव सीमित होगा, जबकि अन्य ने दीर्घकालिक नुकसान की चेतावनी दी है। ईन्वेस्टमेंट इनफार्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ऑफ इंडिया (आईसीआरए) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, प्रस्तावित टैरिफ और दंड हमारी अपेक्षा से अधिक हैं और इससे भारत की जीडीपी वृद्धि पर असर पड़ सकता है। प्रभाव की गंभीरता दंड के आकार पर निर्भर करेगी। अर्नेस्ट एंड यंग इंडिया (ई-वाई) के व्यापार नीति विशेषज्ञ अग्नेश्वर सेन ने बताया कि टैरिफ से समुद्री उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, चमड़ा और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे। यह क्षेत्र भारत-अमेरिका व्यापार में मजबूत हैं, और टैरिफ से इनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है।

फाउंडेशन फॉर इकोनॉमिक डेवलपमेंट के राहुल अहलूवालिया ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत को वियतनाम और चीन जैसे अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कमजोर स्थिति में ला सकता है। उनके अनुसार, निर्यात आपूर्ति श्रृंखलाओं का भारत की ओर स्थानांतरण अब संभावना नहीं है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने आशावादी रुख अपनाया। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा, हालांकि यह कदम दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे निर्यात पर असर डालेगा, हमें उम्मीद है कि यह एक अल्पकालिक घटना होगी और दोनों पक्ष जल्द ही एक स्थाई व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सतर्क और संयमित रुख अपनाया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा, हम राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। भारत ने एक दशक में फ्रैजाइल फाइव से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है। सरक. ारी सूत्रों ने संकेत दिया है कि भारत तत्काल जवाबी टैरिफ लगाने के बजाय बातचीत के रास्ते को अपनाएगा।

एक सूत्र ने कहा, चुप्पी सबसे अच्छा जवाब है। हम बातचीत की मेज पर इस मुद्दे को हल करेंगे। कुल मिलाकर डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त दंड ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक नया तनाव पैदा कर दिया है। राहुल गांधी और विपक्ष ने इसे सरकार की आर्थिक और विदेश नीति की विफलता के रूप में प्रस्तुत किया, जबकि अर्थशास्त्रियों ने इसके मिश्रित प्रभावों की ओर इशारा किया है। जहां कुछ क्षेत्रों पर तत्काल असर पड़ सकता है, वहीं भारत के पास अन्य बाजारों में विविधता लाने और बातचीत के जरिए समाधान खोजने का अवसर है। यह स्थिति न केवल आर्थिक बल्कि भूराजनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक हितों को संतुलित करना होगा। देखना यह है कि आने वाले दिनों में सरकार इस समस्या से कैसे निपटती है।

# अगस्त में इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

**केरल की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में फेमस त्रिशूर घूमने के लिहाज से एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यह केरल का ऐतिहा. सिक और धार्मिक शहर माना जाता है। त्रिशूर में आपको खूबसूरती से लेकर स्थानीय संस्कृति का बेजोड़ नमूना देखने का मौका मिलेगा। आप यहां पर अथिरापल्ली झरना, वड़ाकुमनाथन मंदिर आदि को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।**



जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त साल का एक ऐसा महीना है, जब कपल्स केरल में छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको केरल की कुछ रोमांटिक डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप भी अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिताने के लिए पहुंच सकते हैं।

**अल्लेप्पी**

अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। यह जगह अपने सबसे सुंदर बैकवाटर, लैगून और खूबसूरत बीचेज के लिए जाना जाता है। यहां पर समुद्र तट के किनारे कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जो कपल्स का शानदार वेलकम करते हैं। वहीं आप खूबसूरत बीच के किनारे खुशनुमा सुबह से लेकर हसीन शाम का लुत्फ उठा सकते हैं। वहीं पार्टनर के साथ हाउसबोट्स का भी आनंद ले सकते हैं।

**वायनाड**

वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक और क्वांटिटी टाइम बिता सकेंगे।

वायनाड एक बेहद शानदार और खूबसूरत हिल स्टेशन है। जोकि अपने चाय-काफी के बागान, हरियाली और शानदार वॉटरफॉल के लिए फेमस है। यहां पर कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर कुरुवा द्वीप, चेम्बरा पीक और बाणासुर सागर बांध जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।


**कोवलम**

केरल के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में कोवलम का नाम भी शामिल है। यह अरब सागर के तट पर स्थित है। यहां पर सिर्फ अगस्त के महीने में नहीं बल्कि हर महीने पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह जगह अपने अधिक समुद्र तटों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी जाना जाता है। यहां पर हवा बीच, लाइट हाउस बीच और कोवलम बीच के किनारे कई कपल्स हनीमून के लिए भी पहुंचते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अगस्त क्रांति: स्मृतियों के बीच राष्ट्रभक्ति पर सुलगते सवाल





**वीरेश तरार**

भारत छोड़ो आंदोलन, जिसे इतिहास में अगस्त क्रांति के नाम से जाना जाता है, केवल एक राजनीतिक घोषणापत्र नहीं था। यह भारत की आत्मा से उपजे उस आक्रोश की आवाज थी, जो वर्षों से दबाई जा रही थी। यह अंग्रेजों के विरुद्ध तो था ही, लेकिन उससे कहीं गहरे जाकर यह उन तमाम शक्तियों के विरुद्ध भी था, जो भारत की स्वतंत्र चेतना को दबाए रखना चाहती थीं, फिर चाहे वे विदेशी हुक्मरान हों या देश के भीतर छिपे उनके साझेदार।

इस क्रांति की शुरुआत आठ अगस्त, उन्नीस सौ बयालीस को मुंबई में गांधी जी के करो या मरो के आह्वान से हुई, लेकिन इसकी चेतना कई दशक पहले उपज चुकी थी। लाहौर अधिवेशन, 1929 यही वह क्षण था जब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ने पूर्ण स्वराज को अपना लक्ष्य घोषित किया। इस प्रस्ताव का नैतिक बल था। भगत सिंह और उनके साथियों द्वारा जगाई गई वह क्रांति-चेतना, जो केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक मुक्ति की आकांक्षा से प्रेरित थी। भगत सिंह ने केवल ब्रिटिश सत्ता को चुनौती नहीं दी थी, बल्कि उन्होंने उस प्रत्याशा और जड़ता को भी तोड़ा था जो डोमिनियन स्टेटस के नाम पर अंग्रेजी कृपा की प्रतीक्षा कर रही थी। उनका विचार था कि अधूरी आजादी, दरअसल गुलामी की ही एक और शक्ल है। उनकी शहादत के बाद जो पीढ़ी सामने आई, उसमें छात्र, नवयुवक, किसान और मजदूर सभी में एक छटपटाहट थी। यह वर्ग अंग्रेजों से सिर्फ इसलिए नहीं टकरा रहा था कि वे विदेशी थे, बल्कि इसलिए भी कि वे उस शोषण-व्यवस्था के रक्षक बन चुके थे जिससे भारतीय जन-जीवन त्रस्त था। गांधी जी ने लंबे समय तक ब्रिटिश शासन को एक नैतिक सत्ता माना और वे डोमिनियन स्टेटस के पक्षधर रहे, लेकिन जब विश्व युद्ध के बीच अंग्रेजों की साम्राज्यिक कमजोरी सामने आई और भारतीय जनमानस की बेचैनी असहनीय हो गई, तब गांधी जी को पूर्ण स्वतंत्रता की मांग करनी पड़ी। यही वह बिंदु था, जहां क्रांतिकारी चेतना और गांधीवादी नेतृत्व एक बिंदु पर आकर मिलते हैं।

अगस्त क्रांति का सबसे बड़ा सत्य यही था कि जब कांग्रेस का संपूर्ण नेतृत्व गांधी, नेहरू, पटेल आदि गिरफ्तार कर लिया गया, तब भी आंदोलन नहीं रुका। यह एक जन-आंदोलन था, जिसमें नेतृत्व का अभाव भी ऊर्जा को रोक न सका। छात्र, किसान, स्त्रियां, मजदूर सबने अपने-अपने ढंग से ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी। परंतु, इस व्यापक जनक्रांति के बीच कुछ ऐसे चेहरे और संगठन भी थे जिन्होंने मौन धारण कर लिया और यह मौन केवल रणनीतिक नहीं, वैचारिक था।

हिंदू महासभा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आंदोलन से खुद को दूर रखा। सावरकर के निर्देश पर हिंदू महासभा के नेता प्रांतीय सरकारों में अंग्रेजों के साथ कार्यरत रहे। बंगाल और सिंध में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर हिंदू महासभा ने सरकार चलाई उस समय जब देश के नौजवान जेलों में थे, यातनाएं झेल रहे थे, गोलियां खा रहे थे। आरएसएस ने प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं की और आज जो संगठन राष्ट्रवाद का सबसे ऊंचा झंडा उठाते हैं, वे तब भारत की पुकार पर मौन थे। यह ऐतिहासिक सत्य है, जिसे विस्मृत नहीं किया जाना चाहिए विशेषकर तब, जब यही संगठन आजादी के आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका पर बार-बार सवाल उठाते हैं।

भारत की रियासतों का एक बड़ा हिस्सा, विशेषत: राजपूताना, हैदराबाद, कश्मीर, ग्वालियर आदि, अंग्रेजों का स्थाई साझेदार बना रहा।

ये रियासतें कर वसूली और जागीरदारी के माध्यम से सत्ता में भागीदारी करती थीं और उन्हें स्वतंत्र भारत की कोई इच्छा नहीं थी। यह वर्ग कृ जमींदार, रईस, बड़े व्यापारी, ब्रिटिश सरकार के सहयोगी अधिकारी 1857 की क्रांति में क्रांति को विफल करने में सक्रिय भूमिका निभा चुके थे और 1942 में भी वही भूमिका दोहरा रहे थे। वे भारत को नहीं, अपने लाभ को बचाना चाहते थे। इसके बरक्स वह वर्ग था किसान, मजदूर, छोटा दुक. ानदार, दैनिक श्रमिक कृ जो अंग्रेजी शासन से त्रस्त था और जिसकी पीड़ा ही अगस्त क्रांति की आग में घी का काम कर रही थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की भूमिका अगस्त क्रांति में जटिल रही। 1941 में सोवियत संघ पर हिटलर के आक्रमण के बाद, सोवियत हितों की रक्षा के नाम पर कम्युनिस्टों ने ब्रिटिश युद्ध प्रयासों को समर्थन देना शुरू किया। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन से दूरी बनाई, यद्यपि कई स्थानीय स्तरों पर कार्यकर्ता आंदोलन से जुड़े रहे। यह एक उदाहरण है जब अंतर्राष्ट्रीय वामपंथी वैचारिक प्रतिबद्धताएं राष्ट्रीय आंदोलन से टकराईं।

डॉ. भीमराव अंबेडकर, इस समय वायसराय की कार्यकारिणी परिषद में श्रम सदस्य के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने आंदोलन का प्रत्यक्ष समर्थन नहीं किया। उनके लिए स्वतंत्रता से भी पहले सामाजिक समता और दलित अधिकारों की गारंटी जरूरी थी। यद्यपि वे ब्रिटिश सत्ता के स्थाई बने रहने के पक्षधर नहीं थे, पर उन्होंने कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाए और आंदोलन को अधूरी सामाजिक दृष्टि से देखा। हालांकि, इस लेख में उनकी भूमिका को विश्लेषण के लिए पृथक लेख में स्थान देना अधिक उचित होगा।

भारत छोड़ो आंदोलन केवल कांग्रेस का नेतृत्व आंदोलन नहीं था, बल्कि भारतीय जनता की निर्णायक भागीदारी का वह क्षण था जब लोग खुद आगे बढ़कर आंदोलन को जीवित रखते हैं। इसमें वही संगठन चुप थे, जो आज राष्ट्रवाद की ठेकेदारी करते हैं। इतिहास का यह चेहरा, हर बार स्मरण किया जाना चाहिए, क्योंकि जब आज सत्ता पक्ष आजादी के आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका को धुंधलाने का प्रयास करता है, तो यह सवाल बार-बार पूछा जाना चाहिए कि 1942 ,जहां पूरा भारत सड़कों पर था और उसका नेतृत्व जेलों में, तब आप कहां थे? यहां इन पंक्तियों में हम केवल इतिहास का स्मरण नहीं कर रहे हैं बल्कि वर्तमान राजनीतिक विमर्श के बीच इस ऐतिहासिक सवाल को रख ना भी इसलिए जरूरी समझ रहे है क्योंकि स्वाधीनता केवल एक तारीख नहीं एक चेतना है, जिसे हर पल जिंदा रखना जरूरी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपनी मर्जी से तेल खरीदेगा चीन

## बीजिंग ने सख्त रुख अपनाया, अमेरिका की मांग को ठुकराया

**बीजिंग।** अमेरिका, रूस और ईरान से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर सख्ती कर रहा है। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस मांग को मानने से साफ इन्कार कर दिया है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर भी बातचीत चल रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों देशों में व्यापार समझौता जल्द हो सकता है, लेकिन रूस और ईरान से तेल न खरीदने की बात पर चीन ने सख्त रुख अपनाया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

अमेरिका ने रूस और ईरान से तेल खरीदने पर चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। जिस पर चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की



### ईरान का 80-90 फीसदी तेल खरीद रहा चीन

आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। चीन ने कहा कि दबाव बनाने और जबरदस्ती से कुछ हासिल नहीं होगा। चीन अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा। चीन की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय सामने आई है, जब दोनों देशों के अधिकारी स्टाकहोम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। चीन के सख्त रुख पर तंज कसते हुए अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है, तब चीन अपनी संप्रभुता को बहुत गंभीरता से लेता है। गौरतलब है कि अमेरिका का कहना है कि रूस से जो देश तेल खरीद रहे हैं, उससे रूस की सेना की मदद हो रही है और यूक्रेन में युद्ध जारी है। वहीं ईरान भी तेल बिक्री के पैसों से पश्चिम एशिया में आतंकी संगठनों को फंडिंग दे रहा है। ऐसे में अमेरिका में रूस और ईरान के वित्तपोषण पर रोक लगाना चाहते हैं। अमेरिका ने भारत पर भी इसके लिए 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी लगाने की घोषणा की है। एशिया सोसाइटी पालिसी इंस्टीट्यूट के प्रतिष्ठित फेलो डैनी रसेल ने कहा कि रूस से तेल खरीदना जारी रखने से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शी जिनपिंग की 'रणनीतिक एकजुटता' बनी रहती है और चीन की आर्थिक लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है।

## तेल खरीदकर रूस की मदद कर रहा भारत



### राष्ट्रपति ट्रम्प के करीबी सहयोगी व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने फिर लगाया आरोप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक वरिष्ठ सहयोगी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारत मास्को से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में रूस को प्रभावी ढंग से वित्तीय मदद दे रहा है। ट्रम्प की ओर से नई दिल्ली पर रूस से तेल खरीदना बंद करने का दबाव बढ़ाने के बाद अमेरिकी अधिकारी ने यह आरोप लगाया है।

व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ आफ स्टाफ और शासन में ट्रम्प के सबसे प्रभावशाली सहयोगियों में से एक स्टीफन मिलर ने कहा, राष्ट्रपति टंप ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि रूस से तेल खरीदकर भारत का इस युद्ध को वित्तपोषित करना स्वीकार्य नहीं है। मिलर ने फाक्स न्यूज से कहा लोग यह जानकर हैरान होंगे कि रूसी तेल खरीदने में भारत खासकर चीन के साथ जुड़ा हुआ है। यह एक आश्चर्यजनक तथ्य है। हालांकि मिलर ने अपनी आलोचना को नरम करते हुए ट्रम्प के भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संबंधों का उल्लेख किया और इसे जबरदस्त बताया। मिलर की ओर से की गई भारत की यह आलोचना ट्रम्प प्रशासन की ओर से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के प्रमुख साझेदारों में से एक के बारे में की गई अब तक की सबसे कड़ी आलोचनाओं में से एक थी। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने इस टिप्पणी का तुरंत जवाब नहीं दिया।

# यूक्रेनी सेना में महिलाओं का दबदबा

## साढ़े तीन साल में तादाद एक लाख पहुंची, ड्रोन से लेकर मोर्चे पर तोपें संभाल रहीं

- युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के लिए खुद आगे आ रही
- 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15 प्रतिशत महिलाएं थीं, अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है



**कीव।** यूक्रेन और रूस युद्ध के बीच यूक्रेन की सेना में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। बीते साढ़े तीन साल में सेना में महिलाओं की संख्या बढ़कर एक लाख हो गई है। फिलहाल यूक्रेनी सेना में कुल 10 लाख सैनिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के लिए खुद आगे आ रही हैं।

सशस्त्र बलों की सलाहकार ओक्साना ग्रिगोरिएवा बताती हैं कि रूस के खिलाफ फिलहाल साढ़े पांच हजार महिलाएं सीधे मोर्चे पर हैं। ये महिलाएं ड्रोन से लेकर सीधे मोर्चे पर तोपें संभाल रही हैं। इसके अलावा ये मेडिकल सपोर्ट, फ्रंटलाइन ट्रांसपोर्ट जैसी डयूटीज भी निभा रही हैं। बता दें कि 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15 प्रतिशत महिलाएं थीं। अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है। ग्रिगोरिएवा कहती हैं कि सैन्य स्कूलों और कालेजों में अब 20 प्रतिशत छात्राएं हैं, जो बड़ा बदलाव है। पूर्व पेशेवर हेप्टाथलीट अलीना शुख ने शुरू में प्रतिष्ठित अजोव ब्रिगेड में भर्ती होने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बताया गया कि उनके लिए कोई पद नहीं है। इसके बाद वे खर्टिया ब्रिगेड में शामिल हुईं। शुख कहती हैं कि वह अपनी ब्रिगेड में ज्यादातर पुरुष सैनिकों से मजबूत हैं। वहीं, तोपखाने की कमांडर ओल्हा बिहार कहती हैं कि टेक्नोलाजी युद्ध को बदल रही है। अब सबसे अच्छा सैनिक ड्रोन पायलट हो सकता है, जिनकी उगलियां तेज चलती हैं। वे कहती हैं कि मुझे उम्मीद है कि मैं एक दिन रक्षा मंत्री बनूंगी। इनविजिबल बटालियन के एक रिसर्च प्रोजेक्ट में मदद करने वाली मारिया बर्लिस्का रूस के शुरुआती आक्रमण के बाद से महिलाओं के लिए ज्यादा भूमिकाएं खोलने की कोशिश कर रही हैं। वे बताती है, हर युद्ध ने तकनीकी प्रगति और महिलाओं की आजादी को बढ़ावा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायल ने यमन से दागे गए ड्रोन को रोका

**यरूशलम/सना।** इज़रायल की सेना ने यमन से उसके क्षेत्र की ओर दागे गए एक ड्रोन को रोक दिया है। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना ने एक बयान में कहा कि दक्षिणी इज़रायल के बेनी नेत्ज़ारिम में सायरन यमन से प्रक्षेपित एक ड्रोन की घुसपैठ के कारण सक्रिय हो गए। बयान में यह भी कहा गया है कि ड्रोन को रोक लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### कैमरून के एंग्लोफोन में चार अलगाववादी लड़ाके मारे गए

**याउंडे।** कैमरून के अशांत दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में एक सैन्य अभियान में कम से कम चार अलगाववादी लड़ाके मारे गए हैं। सुरक्षा सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक क्षेत्रीय सैन्य अधिकारी ने बताया कि सैन्य बलों ने शनिवार देर रात एंग्लोफोन क्षेत्र के मौमू इलाके में लड़ाकों पर घात लगाकर हमला किया। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, अपने सूत्रों से सूचना मिलने के बाद हमारे बहादुर सैनिकों ने नियमित गश्त पर निकले और नागरिकों को आतंकित करने वाले अलगाववादी आतंकवादियों पर घात लगाकर हमला किया।

### मेक्सिको की जेल में हुए दंगे में सात कैदियों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पूर्वी राज्य वेराक्रूज़ के टक्सपैन शहर में शनिवार को एक जेल में हुए दंगे में कम से कम सात कैदियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। राज्य के लोक सुरक्षा सचिवालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

# रूस के ऑयल डिपो पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक

## आग लगी, विस्फोट का वीडियो बनाने वाली दो रशियन लड़कियों को हिरासत में लिया

**मास्को।** यूक्रेन ने रूस के सोची स्थित एक आयल डिपो पर ड्रोन से हमला किया। हमले के बाद डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येव ने बताया कि ड्रोन के मलबे के तेल टैंक से टकराने के बाद आग लगी, जिसे बुझाने के लिए 120 से ज्यादा दमकलकर्मी लगाए गए।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डिपो से उठते काले धुएं के गुबार देखे जा सकते हैं। हमले के बाद रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया ने कुछ समय के लिए सोची एयरपोर्ट पर उड़ानें रोक दीं। इस दौरान 2 रशियन लड़कियां विस्फोट के साथ वीडियो बनाते हुए भी नजर आईं। दोनों के साथ बैकग्राउंड में एक युवक भी मौजूद था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीनों को



हिरासत में ले लिया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रशियन सेना ने शनिवार रात से रविवार सुबह तक रूस और ब्लैक सी के ऊपर यूक्रेन के 93 ड्रोन मार गिराए। हालांकि रूस के वोरोनेज क्षेत्र में एक और यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए। सोची आयल डिपो पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद काले धुएं का गुबार उठता नजर आया। दूसरी तरफ रूस भी लगातार यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक शनिवार रात 2 अगस्त को रूस ने 76 ड्रोन और 7 मिसाइलें दागीं। इनमें से 60 ड्रोन और 1 मिसाइल को मार गिराया गया। बाकी 16 ड्रोन और 6 मिसाइलें आठ अलग-अलग जगहों पर गिरीं। इससे पहले 31 जुलाई को रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में यूक्रेन के 31 लोग मारे गए थे। इनमें 5 बच्चे शामिल थे, जबकि 150 से ज्यादा घायल हुए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए 8 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर कोई हल नहीं निकला तो रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा- रूसी काफी चालाक होते हैं, अक्सर प्रतिबंधों को चकमा दे देते हैं, देखते हैं क्या होता है। ट्रम्प ने बताया कि उनके विशेष दूत स्टीव विटकाफ बुधवार या गुरुवार को रूस की यात्रा पर जा सकते हैं।

## जापान की सबसे बुजुर्ग महिला बनीं शिगेको कगावा

**टोक्या।** जापान के स्वास्थ्य, श्रम और कल्याण मंत्रालय के अनुसार, नारा प्रान्त की 114 वर्षीय सेवानिवृत्त चिकित्सक शिगेको कगावा जापान की सबसे बुजुर्ग जीवित व्यक्ति बन गई हैं। इससे पहले 114 वर्षीय मियोको हिरोयासु जापान के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति थे, लेकिन अब उनके निधन के बाद शिगेको कगावा के नाम यह उपलब्धि दर्ज हो गई है। जापान की असाधारण दीर्घायु की प्रतीक कगावा ने द्वितीय विश्व युद्ध से पहले मेडिकल स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ओसाका के एक अस्पताल में सेवाएं दीं और बाद में एक प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में खुद के क्लिनिक का संचालन किया। वह 86 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हुईं। 1

# टैरिफ लगाकर अमेरिका का कर्ज उतारेंगे ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दर्जनों व्यापारिक साझेदार देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने के अपने फैसले का बचाव किया है। ट्रम्प ने कहा कि ऐसा कई साल पहले कर दिया जाना चाहिए था। ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ से मिलने वाले पैसों से अमेरिका अपना कर्ज उतारेगा।

मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि हम कर्ज का भुगतान करेंगे। देश में बहुत सारा पैसा आने वाला है और इतना पैसा देश में कभी एकसाथ नहीं आया होगा। इससे पहले कर्ज का भुगतान करेंगे। हमें ये कई साल पहले कर देना चाहिए था। मैंने अपने पहले कार्यकाल में चीन के साथ ये किया था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो सका। ट्रम्प ने कहा कि मैं किसी तरह का दबाव नहीं, बल्कि निष्पक्षता चाहता हूं। हम जहां भी और जितना हो सके, पारस्परिक

- देश में बहुत सारा पैसा आने वाला है और इतना पैसा देश में कभी एकसाथ नहीं आया होगा

कर देखना चाहते हैं। कभी-कभी, यह उनके लिए बहुत ज्यादा हो जाता है। यह एक बहुत बड़ी राशि होगी। और मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि इससे हमारा देश सैकड़ों अरब डॉलर कमाएगा। व्हाइट हाउस में आने के छह महीनों के भीतर ही ट्रम्प ने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को तबाह कर दिया और अमेरिका की आर्थिक ताकत का इस्तेमाल कर उन देशों को दंडित देना शुरू किया, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन देशों से आयात पर 50 प्रतिशत तक पारस्परिक कर लगाने और लगभग सभी अन्य देशों पर 10 प्रतिशत आधारभूत कर लगाने की घोषणा की, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है।

## गाजा में अतिरिक्त धनराशि देगा ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने गाजा में मानवीय सहायता प्रयासों के लिए अतिरिक्त धनराशि देने का वादा किया है। विदेश मंत्री पेनी वोंग और अंतर्राष्ट्रीय विकास मंत्री ऐनी एली ने सोमवार को घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया गाजा में भोजन, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने वाले संगठनों को अतिरिक्त दो करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.29 करोड़ अमेरिकी डॉलर) प्रदान करेगा। नई धनराशि में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के लिए 60 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (38 लाख अमेरिकी डॉलर) और यूनिसेफ तथा रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के लिए 50 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (32 लाख अमेरिकी डॉलर) शामिल हैं।

## थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों की मलेशिया में बैठक

**कुआलालंपुर।** थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों ने सोमवार को मलयेशिया में पहली बार आमने-सामने बैठक की। पिछले हफ्ते दोनों देशों के बीच घातक सीमा संघर्ष के बाद संघर्षविराम लागू हुआ था।

उसके बाद यह पहली औपचारिक बैठक थी। इस संघर्ष में कई दर्जन लोगों की जान गई और 2.6 लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए। चार दिन तक चलने वाली सामान्य सीमा समिति की यह बैठक पहले कंबोडिया में होनी थी। लेकिन बाद में दोनों देशों ने एक तटस्थ स्थान के तौर पर मलयेशिया में मिलने पर सहमति बनाई। मलयेशिया इस साल आसियान का अध्यक्ष भी और पिछले महीने दोनों देशों के बीच संघर्ष रुकवाने में मध्यस्थ की भूमिका

- संघर्षविराम के बाद तनाव कम की कोशिशें तेज

निभा चुका है। 28 जुलाई को संघर्षविराम तब लागू हुआ, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों देशों को आर्थिक दबाव में लेकर चेतावनी दी कि अगर संघर्ष बंद नहीं हुआ, तो अमेरिका उनके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। संघर्षविराम के बाद एक अगस्त को अमेरिका ने इन देशों से आयात होने वाले सामान पर टैरिफ 36 फीसदी से घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया। आज बातचीत का मुख्य उद्देश्य यह था कि भविष्य में दोबारा कोई झड़प न हो, इसके लिए नियम तय किए जाएं। सीमा विवाद वाले इलाकों पर पुराने दावों को इस चर्चा का हिस्सा नहीं बनाया गया।

## भारतवंशी मथुरा श्रीधरन अमेरिका में सॉलिसिटर जनरल बनी

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी वकील मथुरा श्रीधरन को ओहियो राज्य की सालिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद मथुरा को आनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने उनकी बिंदी और भारतीय मूल को लेकर सवाल उठाए और कहा कि एक गैर-अमेरिकी को यह पद क्यों दिया गया। इसके जवाब में ओहियो के अटार्नी जनरल डेव योस्ट ने कहा कि कुछ लोग गलत कह रहे हैं कि मथुरा अमेरिकी नहीं हैं। वह अमेरिकी नागरिक हैं, एक अमेरिकी नागरिक से शादीशुदा हैं और उनके माता-पिता भी अमेरिकी नागरिक हैं। अगर उनका नाम या रंग आपको परेशान करता है, तो समस्या आप में है, न कि मथुरा या उनकी नियुक्ति में।



प्रयागराज। मानसून के मौसम में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के बीच एसडीआरएफ के जवान बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से लोगों को निकालते हुए।



# नेहा धूपिया ने 'फ्रीडम टू फीड' अभियान को फिर से किया शुरू

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री-निर्माता और मातृत्व अधिकारों की समर्थक नेहा धूपिया ने अपने सराहे गए अभियान 'फ्रीडम टू फीड' को वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक 2025 के लिए फिर से शुरू किया है।

वर्ष 2019 में शुरू हुआ यह अभियान, नेहा के अपने मातृत्व के अनुभवों और इस चाह से शुरू हुआ था कि सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान को बिना शर्म या जजमेंट के सहजता से अपनाया जा सके। यह प्लेटफॉर्म अब तक एक ऐसा मंच बन चुका है जहां माताएं और देखभाल करने वाले अपने अनुभव साझा करते हैं और खुलकर बात करते हैं। इस साल नेहा कुछ मशहूर अभिनेत्रियों राधिका आप्टे, युविका चौधरी और सोनाली सहगल के साथ डिजिटल बातचीत करेंगी। इन बातचीतों में वे शरीर पर नियंत्रण, समाज की अपेक्षाएं और मातृत्व से जुड़ी भावनात्मक बातों पर गहराई से चर्चा करेंगी। ये बातचीतें उनके सोशल मीडिया चैनलों पर पूरे हफ्ते साझा की जाएंगी।अब तक इस अभियान को बिपाशा बसु, फ्रीडा पिटो, सोहा अली खान और दिया मिर्ज़ा जैसे कई जाने-माने सितारों का समर्थन मिला है, जिन्होंने ब्रेस्टफीडिंग और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर खुलकर आवाज़ उठाई है। अभियान को फिर से शुरू करने पर नेहा धूपिया ने कहा कि जब मैंने पहली बार 'फ्रीडम टू फीड' शुरू किया था, तो यह मेरे निजी अनुभव से जुड़ा हुआ था। एक ऐसा समय जब मैं खुद को असहज, जज की गई और अकेली महसूस कर रही थी, जबकि वो मेरी जिंदगी का सबसे नैसर्गिक और सशक्त पल होना चाहिए था।

## ब्राजील में दिल का दौरा पड़ने से 20 साल की लड़की की मौत

**रियोडिजिनेरो।** ब्राजील में एक 20 साल की लड़की की चलती बस में मौत हो गई। उसे दिल का दौरा पड़ा था, लेकिन जब डाक्टरों ने उसका इलाज करना शुरू किया, तो उन्हें उसके शरीर से चिपके हुए 26 आईफोन मिले। यह घटना 29 जुलाई की है। लड़की बस में अकेले सफर कर रही थी। वह साओ पाउलो जा रही थी। इसी दौरान उसने सांस लेने में परेशानी की शिकायत की। उसकी हालत बिगड़ती देख बस स्टाफ ने तुरंत डाक्टरों को बुलाया। डाक्टरों की टीम ने करीब 45 मिनट तक उसे होश में लाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए और उसे मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट